बैशाख शुक्ल पक्ष द्वादशी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

सोमवार, 20 मई 2024
वर्ष 4, अंक 92, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

हल्द्वानी

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com





चिराग-सात्विक ने जीता थाईलैंड ओपन 13

रणवीर को पसंद आई फिल्म श्रीकांत 14


## इंजन में आग लगने से विमान की आपात लैंडिंग, सभी यात्री सुरक्षित

बेंगलुरु, एजेंसी

कर्नाटक के बेंगलुरु से केरल के कोच्चि जाने वाले एयर इंडिया एक्सप्रेस के विमान के दाएं इंजन में उड़ान भरने के तुरंत बाद आग लगने के कारण उसे बेंगलुरु के केम्पेगौड़ा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर आपातकालीन लैंडिंग करनी पड़ी।

आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि शनिवार को 179 यात्रियों और चालक दल के छह सदस्यों को ले जा रहे विमान के इंजन में बेंगलुरु से रवाना होने के तुरंत बाद आग लग गई। चालक दल ने इसकी जानकारी तुरंत यातायात नियंत्रक को दी। इसके बाद विमान रात 11:12 बजे सुरक्षित रूप से उतर गया, हवाईअड्डे की अग्निशमन सेवाओं ने तेजी से आग बुझा दी। सभी यात्री और चालक दल के सदस्य सुरक्षित बच गए। केम्पेगौड़ा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के संचालक बेंगलुरु इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड ने घटना की पुष्टि करते हुए कहा कि 18 मई को बेंगलुरु से कोच्चि जाने वाली उड़ान IX 1132 को एक इंजन में आग लगने के बाद रात 11:12 बजे बेंगलुरु हवाई अड्डे पर आपातकालीन लैंडिंग करनी पड़ी। हवाई अड्डे पर पूर्णतः आपातकाल घोषित कर दिया गया था, विमान के लैंड करते ही आग को तुरंत बुझा दिया गया। सभी 179 यात्रियों और चालक दल के छह सदस्यों को विमान से सुरक्षित निकाल लिया गया। कारणों की जांच की जा रही है।



- **बेंगलुरु से कोच्चि जा रही थी एआई एक्सप्रेस की फ्लाइट**
- **विमान में सवार थे 179 यात्री व चालक दल के 6 सदस्य**

## डीजीपी ने केदारनाथ में व्यवस्थाओं का लिया जायजा

ब्यूरो, देहरादून

- **पुलिस कार्मिकों से कहा श्रद्धालुओं से सौम्य व्यवहार किया जाए**

**अमृत विचार :** पुलिस महानिदेशक अभिनव कुमार पुलिस महानिदेशक ने रविवार को केदारनाथ धाम पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने ड्यूटी पर नियुक्त पुलिस बल को श्रद्धालुओं के साथ सौम्य व्यवहार करने के निर्देश दिए।

डीजीपी ने कहा कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा सर्वोपरि है ऐसे में इस बात का ध्यान अवश्य रहे कि किसी भी प्वाइंट पर अनावश्यक भीड़ न हो। भीड़ प्रबंधन एवं प्रभावी लाइन व्यवस्था बनाए रखने को कहा। उन्होंने धाम में नियुक्त पुलिस बल के साथ संवाद स्थापित कर व उनकी ब्रीफिंग कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। डीजीपी ने कहा कि आज चारधाम यात्रा के अंतर्गत केदारनाथ धाम के कपाट खुले हुए आज दसवां दिन है, और वह स्वयं यात्रा व्यवस्थाओं को देखने आए हैं। इस बार प्रतिदिन तीस हजार से भी अधिक श्रद्धालु दर्शन करके जा रहे हैं। निश्चित रूप से यहां पर जो भी मंदिर व्यवस्था से जुड़ी हुई सारी एजेंसियां हैं, बद्री केदार मंदिर समिति, जिला प्रशासन, पुलिस, एनडीआरएफ एसडीआरएफ, आईटीबीपी, स्वास्थ्य विभाग, पर्यटन विभाग, सूचना विभाग आदि सारी टीमें बेहतर तालमेल के साथ कार्य कर रही हैं, एक बहुत अच्छा उदाहरण है। आने वाले दिनों में भीड़ के दबाव को देखते हुए हमारी कोशिश रहेगी कि यहां पर जो भी पुलिस व्यवस्था है, उसे और सुदृढ़ किया जाए जिससे यात्रियों के लिए हम और बेहतर व्यवस्था कर सकें। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक डॉ. विशाखा अशोक भदाणे, पुलिस उपाधीक्षक केदारनाथ यात्रा अविनाश वर्मा सहित पुलिस, पीएसी, एसडीआरएफ, एनडीआरएफ के जवान मौजूद रहे।



केदारनाथ में व्यवस्थाओं का जायजा लेने के बाद डीजीपी अभिनव कुमार व अन्य। ● अमृत विचार




## एक नजर

### तीन नए आपराधिक कानूनों पर आज सुनवाई



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट तीन नए आपराधिक कानूनों के अधिनियमन को चुनौती देने वाली एक याचिका पर सोमवार को सुनवाई करेगा। पुराने कानूनों में विभिन्न प्रकार के दोषों और विसंगतियों के मद्देनजर आपराधिक कानूनों में बदलाव की मांग की जाती रही है। न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी और न्यायमूर्ति पंकज मिथल की अवकाशकालीन पीठ इस मामले की सुनवाई कर सकती है। लोकसभा ने पिछले साल 21 दिसंबर को भारतीय न्याय (द्वितीय) संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा (द्वितीय) संहिता और भारतीय साक्ष्य (द्वितीय) विधेयक को पारित किया था। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 25 दिसंबर को इन्हें मंजूरी दी थी।

### कांग्रेस नेता प्रतापराव भोसले का निधन

**कोल्हापुर।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री प्रतापराव भोसले (90) का रविवार को निधन हो गया। भोसले के परिवार में पूर्व विधायक मदन भोसले समेत तीन पुत्र और एक पुत्री हैं। भोसले वाई-खंडाला क्षेत्र से चार बार विधायक चुने गए थे। तीन बार सतारा लोकसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष समेत कई महत्वपूर्ण पदों पर भी रहे।

### अंतर्राज्यीय लुटेरा गिरोह के 11 सदस्य गिरफ्तार

**जालंधर।** पंजाब के जालंधर में पुलिस ने अंतर्राज्यीय लुटेरा गिरोह का भंडाफोड़ किया है और इसमें शामिल 11 अपराधियों को गिरफ्तार किया। पुलिस आयुक्त स्वपन शर्मा ने रविवार को कहा कि एक एनआरआई सुच्चा सिंह ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी कि 22-23 दिसंबर 2023 को अज्ञात हथियारबंद लोग उनके घर में घुस आए थे। उक्त मामले में पुलिस ने 11 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से भारी मात्रा में चोरी किए गए सोने और चांदी के आभूषण बरामद किए हैं।

## केजरीवाल के आवास से सीसीटीवी डीवीआर जब्त

### जांच के सिलसिले में मुख्यमंत्री के आवास पर पहुंची पुलिस

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली पुलिस की एक टीम आम आदमी पार्टी (आप) की राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल के साथ कथित मारपीट की जांच के सिलसिले में रविवार को यहां मुख्यमंत्री केजरीवाल के आधिकारिक आवास पर पहुंची।

सूत्रों ने बताया कि पुलिस ने सीसीटीवी डीवीआर (डिजिटल वीडियो रिकॉर्डर) सहित इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जब्त किए हैं ताकि 13 मई को मालीवाल पर हुए कथित हमले की फुटेज हासिल की जा सके। उस दिन केजरीवाल के करीबी सहयोगी बिभव कुमार ने मुख्यमंत्री आवास पर आप की राज्यसभा सदस्य पर कथित हमला किया था।

मालीवाल ने आरोप लगाया है कि मुख्यमंत्री आवास की सीसीटीवी फुटेज के साथ छेड़छाड़ की गई है। कुमार को शनिवार को गिरफ्तार किया गया और एक अदालत में पेश किया गया, जिसने उन्हें पांच दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया। सूत्रों ने बताया कि कुमार पूछताछ के दौरान गोलमोल जवाब दे रहे थे। दिल्ली पुलिस ने मालीवाल की शिकायत के बाद छेड़छाड़ और गैर इरादतन हत्या की कोशिश के आरोपों के तहत कुमार के खिलाफ मामला दर्ज किया था। सिविल लाइंस पुलिस थाने में गैर इरादतन हत्या की कोशिश, बंधक बनाना, निर्वस्त्र करने के इरादे से महिला पर हमला, आपराधिक भयादोहन और महिला की गरिमा को ठेस पहुंचाने के इरादे से शब्द, भाव-भंगिमा का इस्तेमाल करने के आरापे में प्राथमिकी दर्ज की गई है।

**मालीवाल मामला**



### आप को खत्म करना चाहते हैं मोदी : केजरी



**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए उनकी पार्टी चुनौती बन सकती है इसलिए वह 'आप' को ख़त्म करना चहते हैं। केजरीवाल ने पार्टी के सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ रविवार को भाजपा मुख्यालय तक मार्च निकालने की कोशिश की, लेकिन पुलिस के भारी सुरक्षा बंदोबस्त की वजह से वह आप मुख्यालय से आगे नहीं बढ़ पाए। उन्होंने मार्च निकालने से पहले पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि मोदी और भाजपा ने आम आदमी पार्टी को कुचलने के लिए 'ऑपरेशन झाड़ू' शुरू किया है। भविष्य में आप भाजपा को चुनौती देगी इसलिए यह हम लोगों को ख़त्म करना चाहते हैं।

## दिनेशपुर में नकली शराब की फैक्ट्री का भंडाफोड़

- **भारी मात्रा में नकली शराब बनाने का सामान बरामद**
- **एसटीएफ ने किया खुलासा मौके से दो लोग गिरफ्तार**

संवाददाता, दिनेशपुर

**अमृत विचार :** स्पेशल टास्क फोर्स व पुलिस ने संयुक्त रूप से रविवार को छापा मारकर नकली शराब बनाने की फैक्ट्री का भंडाफोड़ कर दो लोगों को गिरफ्तार किया है। फैक्ट्री एक घर में चलाई जा रही थी। मौके से भारी मात्रा में नकली शराब बनाने का सामान बरामद किया गया है। नकली शराब बनाने के लिए कैमिकल मुरादाबाद से मंगाया गया था। जबकि नकली शराब को हल्द्वानी क्षेत्र में भेजा जाना था।

एसटीएफ के सीओ आरबी चमोला के निर्देशन में एसटीएफ की कुमाऊं टीम ने पुलिस के सहयोग से दिनेशपुर में एक मकान में छापा मारकर नकली शराब बनाने की फैक्ट्री पकड़ी है। मौके से लालकुआं के वार्ड चार आजादनगर निवासी विशाल मंडल व विकास मंडल (31) पुत्रगण वीरेंद्र मंडल को पकड़ा गया है। एसटीएफ के एसएसपी आयुश अग्रवाल ने बताया कि दिनेशपुर क्षेत्र में नकली शराब बनाने की सूचना लगातार मिल रही थी। जिस पर टीम काम कर रही थी। पूरी जानकारी होने के बाद रविवार को टीम ने आबकारी विभाग की टीम को साथ लेकर संबंधित मकान पर छापा मारकर अवैध शराब के धंधे का भंडाफोड़ कर दिया।

एसएसपी के मुताबिक मौके से 200 लीटर अवैध केमिकल, 10 पेटियों में 480 पव्वे गुलाब मार्का, 400 खाली छोटी बोतलें, तीन गड्डी लेबल, बोतलों पर सील लगाने वाले तीन चार्ट जिन पर उत्तराखंड सरकार का मोनोग्राम बना है, पांच पैकेट में करीब 2000 ढक्कन, एक अल्कोहल मीटर बरामद हुआ है।

टीम ने बिना नंबर की आल्टो कार व सफेद रंग की स्कूटी भी बरामद की है। पकड़े गए दोनों व्यक्ति रिहायशी इलाके में किराए पर मकान लेकर एक महीने से नकली शराब की फैक्ट्री चला रहे थे। आसपास के लोगों को इसकी भनक तक नहीं थी। तैयार शराब हल्द्वानी क्षेत्र में भेजी जा रही थी। नकली शराब बनाने के लिए रॉ मैटेरियल उपलब्ध कराने वाले का भी पता लग गया है। एसटीएफ उसके खिलाफ जल्द कार्रवाई करेगी। पकड़े गए दोनों आरोपियों के खिलाफ धारा 60,60(2),60(9),72 आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

### एसटीएफ ने महिला तस्कर को किया गिरफ्तार

ब्यूरो, देहरादून

**259** ग्राम स्मैक बरामद कई ड्रग पैडलरों के संपर्क में थी महिला



**अमृत विचार :** स्पेशल टास्क फोर्स की नारकोटिक्स विंग ने एक महिला तस्कर को गिरफ्तार किया है। उसके पास से 259 ग्राम स्मैक बरामद की गई है। पकड़ी गई महिला पूर्व में भी नारकोटिक्स एक्ट के तहत जेल जा चुकी है।

एसटीएफ के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आयुष अग्रवाल ने बताया कि एएनटीएफ व डोईवाला थाना पुलिस ने ताहिरा खातून पत्नी जाकिर हुसैन निवासी ग्राम नई बस्ती, कुडकावाला डोईवाला को 259 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है। ताहिरा खातून ने बताया कि वह स्मैक बरेली से लेकर आई थी।

एसटीएफ को अभियुक्ता से पूछताछ में अन्य कई ड्रग्स पैडलरों के नाम की भी जानकारी हुई, जो डोईवाला क्षेत्र में उससे स्मैक खरीदते थे। ये लोग डोईवाला व जॉलीग्रांट क्षेत्र में रहने वाले छात्रों को सप्लाई करते थे। एसटीएफ इन सभी पैडलरों पर कार्रवाई करेगी। पकड़ी गई महिला तस्कर मूल रूप से बरेली की रहने वाली है। जहां पर वह बड़े ड्रग डीलरों से संपर्क में आई। वह विगत 5-6 साल पहले डोईवाला के कुडकावावाला क्षेत्र में रहने लगी और बरेली से यहां स्मैक सप्लाई करने लगी। उसने यहां अपना मकान भी बना लिया है। पूर्व में भी इसे स्मैक के साथ गिरफ्तार किया गया था।

## सीआईएसएफ संभालेगी 20 मई से संसद की सुरक्षा

नई दिल्ली, एजेंसी

संसद की सुरक्षा 1,400 से अधिक सीआरपीएफ कर्मचारियों के हटने के बाद सोमवार से पूरी तरह केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के हवाले हो जाएगी। इसके 3,300 से अधिक कर्मी आतंकवादरोधी तथा अन्य सुरक्षा दायित्वों की जिम्मेदारी अपने हाथों में ले लेंगे।

आधिकारिक सूत्रों ने कहा कि केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के संसद दायित्व समूह (पीडीजी) ने शुक्रवार को परिसर से अपने प्रशासनिक अमले के साथ वाहन, हथियार और कमांडो को हटा लिया। कमांडर एवं डीआईजी रैंक के अधिकारी ने सभी सुरक्षा जिम्मेदारियां सीआईएसएफ को सौंप दीं। इस संबंध में एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि पुराने और नए संसद भवन तथा इस परिसर में स्थित संबंधित ढांचों की सुरक्षा के लिए सीआईएसएफ के कुल 3,317 कर्मियों को शामिल किया जा रहा है।




- **अभी सीआरपीएफ के पास है संसद सुरक्षा की जिम्मेदारी**

## 25 को खुलेंगे हेमकुंड साहिब के कपाट प्रतिदिन 3500 श्रद्धालु ही कर सकेंगे दर्शन

- **ऋषिकेश से 22 को पंज प्यारों की अगुवाई में निकलेगी यात्रा**

ब्यूरो, देहरादून

**अमृत विचार :** विश्वप्रसिद्ध तीर्थ हेमकुंड साहिब के कपाट 25 मई को खुलेंगे। हेमकुंड साहिब में अभी भी बर्फ जमा है। इसके मद्देनजर शासन, जिला प्रशासन और गुरुद्वारा प्रबंधन ने प्रतिदिन श्रद्धालुओं के पहुंचने की संख्या तय की है। कपाट खुलने के बाद प्रतिदिन 3500 श्रद्धालु ही हेमकुंड साहिब जा सकेंगे।

गुरुद्वारा प्रबंधन कमेटी का कहना है कि हेमकुंड साहिब में अभी भी काफी बर्फ जमी है। बर्फ पिघलने के बाद श्रद्धालुओं की संख्या पर फिर से विचार किया जाएगा। मालूम हो कि 22 मई को पंज प्यारों की अगुवाई में राज्यपाल एवं संत समाज द्वारा ऋषिकेश से हेमकुंड साहिब यात्रा का आगाज किया जाएगा। जिलाधिकारी हिमांशु खुराना ने दो दिन पहले गुरुद्वारा प्रबंधन के साथ गोविंदघाट से हेमकुंड साहिब का पैदल निरीक्षण किया था। जिसके बाद प्रशासन ने श्रद्धालुओं की संख्या तय की है।



## 2023-24 में जीडीपी 7 प्रतिशत रहने का अनुमान

नई दिल्ली, एजेंसी

- **चौथी तिमाही में वृद्धि दर 6.7 प्रतिशत रहने की उम्मीद**

इंडिया रेटिंग्स एंड रिसर्च (इंडरा) को उम्मीद है कि मार्च तिमाही में देश की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर 6.7 प्रतिशत और वित्त वर्ष 2023-24 में लगभग 6.9-7 प्रतिशत रह सकती है। रेटिंग एजेंसी के प्रमुख अर्थशास्त्री सुनील कुमार सिन्हा ने यह अनुमान जताया है।

सरकार चौथी तिमाही (जनवरी-मार्च 2024) और वित्त वर्ष 2023-24 के लिए जीडीपी वृद्धि के शुरुआती अनुमान 31 मई को जारी करेगी। भारतीय अर्थव्यवस्था 2023-24 की जून तिमाही में 8.2 प्रतिशत, सितंबर तिमाही में 8.1 प्रतिशत और दिसंबर तिमाही में 8.4 प्रतिशत की दर से बढ़ी है। सिन्हा ने एक साक्षात्कार में बताया कि हम उम्मीद कर रहे हैं कि चौथी तिमाही की वृद्धि दर 6.7 प्रतिशत होगी और वित्त वर्ष 2023-24 के लिए कुल जीडीपी वृद्धि दर लगभग 6.9-7 प्रतिशत होगी। उन्होंने कहा कि पहली दो तिमाहियों में वृद्धि दर को कम आधार का फायदा मिला, हालांकि तीसरी (अक्टूबर-दिसंबर 2023) तिमाही में 8.4 प्रतिशत की वृद्धि दर आश्चर्यजनक थी।

## राहुल-अखिलेश की सभा में भगदड़

राज्य ब्यूरो, प्रयागराज/लखनऊ

- **यूपी के प्रयागराज में बैरिकेडिंग तोड़कर घुसे कार्यकर्ता, कई घायल**
- **समर्थकों ने की पुलिस से धक्का मुक्की, पुलिस ने भांजी लाठी**
- **नाराज दोनों नेता बगैर संबोधित किए जनसभा छोड़कर चले गए**

**अमृत विचार :** कांग्रेस नेता राहुल गांधी और सपा प्रमुख अखिलेश यादव की रविवार को प्रयागराज में आयोजित जनसभा में जबरदस्त हंगामा हुआ। जनसभा में आई भीड़ बेकाबू हो गई और सुरक्षा घेरे की बैरिकेडिंग तोड़कर मंच तक पहुंच गई। इससे पहले भीड़ ने पुलिस से भी धक्का-मुक्की की। बाद में पुलिस के लाठीचार्ज में भगदड़ मच गई। इसमें तमाम घायल हुए, कुर्सियां टूटीं तो बहुतों के मोबाइल फोन भी गिर गए। ऐसे में भाषण दिए बगैर अखिलेश और राहुल को जनसभा से वापस जाना पड़ा।

रैली का आयोजन पड़िला महादेव (फाफामऊ क्षेत्र) में फूलपुर लोकसभा सीट के सपा प्रत्याशी अमरनाथ मौर्या के समर्थन में किया गया था। जनसभा में चारों तरफ सिर पर लाल टोपी और गले में लाल गमछा डाले हुए कार्यकर्ताओं, समर्थकों को अपने नेताओं के आने का इंतजार था। जैसे ही हेलीकॉप्टर से राहुल गांधी और अखिलेश वहां पहुंचे स्थिति बेकाबू हो गई। इन नेताओं के करीब पहुंचने के लिए पहले हेलीकॉप्टर वाली बैरिकेडिंग और फिर मंच से पहले डी वाली बैरिकेडिंग तोड़कर भीड़ अंदर घुस गई। तमाम कार्यकर्ता मंच पर चढ़ गए। अखिलेश यादव ने कार्यकर्ताओं, समर्थकों को शांत रहने के लिए समझाया लेकिन बात नहीं बनी। इसके बाद राहुल और अखिलेश नाराज हो गए। दोनों नेता मंच से चले गए। सपा एमएलसी मान सिंह यादव ने हंगामे के पीछे भाजपा की साजिश बताई है। तर्क दिया कि जनसभा की भीड़ को देखकर साजिशन पुलिस फोर्स की व्यवस्था नहीं की गई, इस वजह से अव्यवस्था फैली।



जनसभा स्थल पर बिखरा पड़ा सामान।

## निकोबार द्वीप पहुंचा मानसून, 31 तक केरल में दस्तक

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत की कृषि आधारित अर्थव्यवस्था की जीवन रेखा दक्षिण-पश्चिम मानसून ने रविवार को देश के दक्षिणी छोर निकोबार द्वीप पर दस्तक दे दी। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने यहां यह जानकारी दी।

मौसम कार्यालय ने कहा कि दक्षिण-पश्चिम मानसून रविवार को मालदीव के कुछ हिस्सों, कोमोरिन क्षेत्र और दक्षिण बंगाल की खाड़ी, निकोबार द्वीप समूह और दक्षिण अंडमान सागर के कुछ हिस्सों में पहुंच गया है। मानसून के 31 मई तक केरल पहुंच जाने की उम्मीद है। आईएमडी के आंकड़ों के अनुसार, पिछले 150 साल में केरल में मानसून की शुरुआत की तारीख व्यापक रूप से अलग-अलग रही है। केरल में मानसून सबसे देरी से 1972 में 18 जून को और सबसे पहले 1918 में 11 मई को पहुंचा था। मानसून पिछले साल आठ जून को, 2022 में 29 मई को, 2021 में तीन जून को और 2020 में एक जून को दक्षिणी राज्य में पहुंचा था।

आईएमडी ने पिछले महीने ला नीना की अनुकूल स्थितियों के कारण सामान्य से अधिक बारिश होने का पूर्वानुमान जताया था। ला नीना की स्थितियां भारत में मानसून के दौरान अच्छी बारिश में मदद करती हैं। देश का बड़ा हिस्सा भीषण गर्मी से जूझ रहा है और कई स्थानों पर अधिकतम तापमान 48 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। कई राज्यों में गर्मी का रिकॉर्ड टूट गया है और इसका स्वास्थ्य एवं आजीविका पर गंभीर असर पड़ रहा है। दक्षिणी भारत में अप्रैल में लू का प्रकोप देखा गया था। भीषण गर्मी बिजली ग्रिड पर दबाव डाल रही है और जल निकाय सूख रहे हैं। इसके कारण देश के कुछ हिस्सों में सूखे जैसी स्थिति पैदा हो रही है। ऐसे में मानसून के दौरान सामान्य से अधिक वर्षा का पूर्वानुमान तेजी से विकास कर रहे दक्षिण एशियाई देश के लिए एक बड़ी राहत की खबर है। भारत के कृषि परिदृश्य के लिए मानसून महत्वपूर्ण है और 52 प्रतिशत शुद्ध खेती योग्य क्षेत्र इस पर निर्भर है। यह देश भर में बिजली उत्पादन के अलावा, पीने के पानी के लिए महत्वपूर्ण जलाशयों को फिर से भरने के लिहाज से भी महत्वपूर्ण है। जून और जुलाई को मानसून के सबसे महत्वपूर्ण महीने माना जाता है क्योंकि इस अवधि के दौरान अधिकतर खरीफ फसलों की बुआई होती है।



- **ला नीना के कारण सामान्य से अधिक बारिश होने का अनुमान**
- **भीषण गर्मी और लू के प्रकोप से जूझ रहा देश का बड़ा हिस्सा**

### तमिलनाडु के कुछ हिस्सों में बारिश का रेड अलर्ट

**चेन्नई।** तमिलनाडु के कई हिस्सों में बारिश जारी रहने के बीच क्षेत्रीय मौसम कार्यालय ने रविवार को अपने पूर्वानुमान में कहा कि तेनकासी, तिरुनेलवेली और थेनी जिलों में भारी बारिश हो सकती है। इन जिलों के लिए सोमवार को रेड अलर्ट जारी किया गया है। अगले 24 घंटे में 20 सेमी से अधिक बारिश हो सकती है। रविवार को सुबह 8.30 बजे तक (24 घंटे की अवधि के दौरान) तिरुवन्नामलाई के जमुनामारथुर और कन्याकुमारी के पेचिपराई में क्रमश: 12 सेमी और 10 सेमी वर्षा हुई। तमिलनाडु राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने उधगमंडलम (ऊंटी), तेनकासी, होगेनक्कल जाने वाले पर्यटकों को सुरक्षा निर्देशों का पालन करने के लिए कहा है।

## एक नजर

### बिना केवाईसी के नहीं मिल रही रसोई गैस

**भवाली :** गैस एजेंसी में इन दिनों केवाईसी के लिए भीड़ बढ़ने लगी है। केवाईसी के लिए रामगढ़ के कई गावों से लोग भवाली आ रहे हैं। स्थानीय निवासी गणेश पंत ने बताया कि भीड़ बढ़ने से लोगों को केवाईसी कराने के लिए इंतजार करना पड़ रहा है। गैस एजेंसी यदि गांवों में जाकर कैंप लगाए तो लोगों का समय बचेगा और केवाईसी भी जल्द हो जाएगी। सभासद किशन अधिकारी ने बताया कि बिना केवाईसी के गैस नहीं मिल रही है, जिससे लोग परेशान हैं। भवाली गैस प्रबंधक दीपा पाटनी ने बताया कि खनस्यूं, भीड़ापानी, रामगढ़, काफली, तल्ला रामगढ़ में कैंप लगाकर कार्ड अपडेट किए जा रहे हैं। अगर किसी गांव में जरूरत पड़ी तो वहां जाकर कैंप लगाया जाएगा।

### रेत का महल किताब संग्रह का हुआ प्रकाशन

**नैनीताल :** जीआईसी जौरासी खैरना से सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य कुंदन राम खतवाल की लिखित रेत का महल किताब संग्रह का प्रकाशन हो गया है। मूल रूप से अल्मोड़ा जनपद के मनीला कुड़ीधार व वर्तमान में नैनीताल निवासी सेवानिवृत्ति प्रधानाचार्य कुंदन राम खतवाल ने बताया कि रेत का महल एक कविता संग्रह है। जिसमें कटी पतंग, सुई धागा, बिन तेरे हवा, भड़कते शोले, बुढ़ापा व्यवहार, त्रिशंकु, दलदल चींटी, अंधकार, फूल और कांटे, पानी तेरे कितने रूप, में कल हूं सहित कुल 49 कविताएं संग्रहित है।

# वीकेंड पर जाम की समस्या हुई विकराल, रेंगते रहे वाहन

## पुलिस ने रूसी बाईपास पर रोके पर्यटकों के वाहन, तल्लीताल से माल रोड पर वाहनों के प्रवेश पर लगाई रोक, 75 प्रतिशत होटल पैक

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** गर्मी बढ़ने के साथ-साथ नैनीताल और आसपास के पर्यटक स्थलों में सैलानियों की संख्या बढ़ती जा रही है। खासकर वीकेंड पर भीड़ बढ़ने से जाम की समस्या भी विकराल रूप ले रही है। रविवार को बड़ी संख्या में पर्यटक नैनीताल पहुंचे, लेकिन पुलिस ने पर्यटकों के वाहनों को रूसी बाईपास पर रोक दिया। साथ ही तल्लीताल से माल रोड पर वाहनों के प्रवेश पर रोक लगा दी। जिससे नैनीताल घूमने आये पर्यटकों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

माल रोड की ओर प्रवेश कर रहे पर्यटकों को भवाली की ओर डायवर्ट कर दिया गया, जिससे पर्यटकों में काफी निराशा देखने को मिली। रविवार को पर्यटकों की आमद से सरोवर नगरी गुलजार रही। स्नोव्यू, हिमालय दर्शन, किलबरी, केव गार्डन, चिड़ियाघर, सरिता ताल, वॉटर फॉल, बोटनिकल गार्डन व हनुमान गढ़ी समेत नगर के सभी पर्यटन स्थल में पूरे दिन सैलानियों की आवाजाही बनी रही। सैलानियों ने नैनी झील में नौका विहार का लुत्फ उठाया।



तल्लीताल डांठ से वाहन को भवाली की ओर डायवर्ट करता पुलिस कर्मी। ● अमृत विचार



शहर में वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध के बाद पैदल होटल को जाते पर्यटक। ● अमृत विचार

### बोले पर्यटक

शादी के बाद पहली बार नैनीताल घूमने आये हैं। स्नो व्यू क्षेत्र में होटल बुक कराया था। नैनीताल पहुंचने में किसी प्रकार की दिक्कत नहीं हुई। मगर होटल तक पहुंचाने के लिए उन्हें पैदल ही जाना पड़ा।
**– राहुल सिंह**, पर्यटक

कई बार नैनीताल घूमने आए हैं। इस तरह की दिक्कत कभी नहीं देखी। पहले आसानी से शहर में टैक्सी मिल जाती थी, लेकिन इस बार टैक्सी संचालन न होने से दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।
**– हिमानी**, पर्यटक दिल्ली

पर्यटन सीजन शुरू होते ही पुलिस पर्यटकों का यातायात व्यवस्था के नाम पर उत्पीड़न कर रही है। पर्यटकों के वाहनों को रोकना नियमविरुद्ध है। पुलिस बैठक में उठे विषयों को अनदेखा कर रही है।
**– दिग्विजय सिंह बिष्ट**, अध्यक्ष होटल एसोसिएशन

**सड़क किनारे खड़े वाहन बने समस्या :** भीमताल-हल्द्वानी मोटर मार्ग में ठंडे मौसम की तलाश में आ रहे लोग अनियोजित तरीके से अपने वाहन को सड़क किनारे खड़ा कर रहे हैं।

जिससे जाम की समस्या उत्पन्न हो रही है। स्थानीय लोगों ने बताया कि यदि वाहनों को चौड़े स्थान पर खड़ा किया जाए तो जाम की समस्या से काफी राहत मिलेगी।

### कुमाऊं आयुक्त से ठोस योजना बनाने की मांग

**भीमताल :** भीमताल से हल्द्वानी और भीमताल से भवाली मोटर मार्ग में जाम लगना आम बात हो गई है। शनिवार और रविवार को समस्या और भी विकराल हो जाती है। वाहनों की लंबी कतार से जहां पर्यटन प्रभावित हो रहा है। वहीं छोटे-बड़े व्यापारी भी परेशान हैं। स्थानीय व्यापारियों ने कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत को पत्र लिखकर जाम से निजात के लिए ठोस योजना बनाने की मांग की है। भाजपा नेता नितेश बिष्ट ने कुमाऊं आयुक्त को लिखे पत्र में कहा कि पर्यटन सीजन के दौरान शनिवार और रविवार को लगने वाले जाम से पर्यटकों के साथ-साथ स्थानीय लोगों को काफी परेशानी हो रही है। भीमताल से काठगोदाम रेलवे स्टेशन की दूरी मात्र 10 किलोमीटर है, जिसे तय करने में तीन से चार घंटे लग रहे हैं। इस कारण कई पर्यटकों की ट्रेन व बस तक छूट जा रही है। जाम से निपटने एवं पार्किंग की पर्याप्त व्यवस्था पर जल्द अमल नहीं किया गया तो भीमताल, सातताल, नौकुचियाताल क्षेत्र में पर्यटन कारोबार को काफी नुकसान होगा।



आये दिन जाम लग रहा है। मोटर मार्ग की स्थिति इतनी खराब है कि छोटे-छोटे सीसी मार्ग में भी वाहन फंसे हुए हैं। यदि ठोस योजना नहीं बनी तो आने वाले दिनों में सभी कार्य प्रभावित हो जाएंगे।
**– नितेश बिष्ट**, भाजपा नेता



प्रशासन को यातायात व्यवस्था दुरुस्त करनी चाहिए। चौराहों पर पुलिस कर्मी तैनात होने चाहिए, ताकि कहीं भी जाम की स्थिति उत्पन्न न हो। पर्यटन सीजन चरम पर है मगर प्रशासन की कोई तैयार नहीं है।
**– मनोज भट्ट**, पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष

## फिर सिल्ट में फंसी पर्यटकों की नाव

**भीमताल, अमृत विचार :** भीमताल झील में सिल्ट में नाव फंसने की दूसरी घटना सामने आई है। यहां आने वाले पर्यटक झील की ओर आकर्षित होकर पैडल बोट किराए पर ले रहे हैं पर नाव की वास्तविक स्थिति के बारे में जानकारी नहीं होने पर किनारे और जहां पानी कम है वहां पहुंच जा रहे हैं। नतीजन बोट सिल्ट में फंस रही है। ऐसी घटना रविवार को भी हुई। जिस नाव चालकों ने पर्यटकों को परेशान देखा और तालाब में उतर कर नाव को सिल्ट से बाहर निकाला।



नाव संचालक राजू कुल्याल ने बताया कि झील में पानी कम है, ऐसे में सिंचाई विभाग को झील की सफाई करानी चाहिए।

चेताया कि यदि समय रहते ने सिल्ट निकालने का कार्य प्रारंभ नहीं किया तो नाव चालक आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। इधर, सामाजिक कार्यकर्ता हितेन्द्र बिष्ट, बीडीसी सदस्य ममता बिष्ट, निर्वतमान सभासद नीरज रैकुनी, भाजपा नेता राहुल जोशी, व्यापारी नेता अखिलेश सेमवाल आदि ने जिला प्रशासन और सिंचाई विभाग से झील से सिल्ट निकालने की मांग की है।

## सार-संक्षेप



ग्राफिक एरा में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार

### मूल्यांकन और प्रत्यायन की बारीकियां समझायीं

**भीमताल :** ग्राफिक एरा पर्वतीय विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय तकनीकी शिक्षण परीक्षण एवं अनुसंधान संस्थान चंडीगढ़ के तत्वावधान में आयोजित शिक्षक परीक्षण के दूसरे दिन प्रो. श्याम सुन्दर पटनायक व डॉ. बलविंदर सिंह धालीवाल ने मूल्यांकन और प्रत्यायन की बारीकियां समझायी। कार्यक्रम के शुरुआत में बीके कौल ने वक्ताओं का स्वागत किया और भीमताल कैंपस निदेशक ने कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। निदेशक प्रोफेसर मनीष बिष्ट व डीन एकेडेमिक्स प्रोफेसर मनोज लोहानी ने प्रतिफल पर आधारित शिक्षण के क्रियान्वयन पर विचार विमर्श किया। इस दौरान डॉ. संदीप बुधानी, प्रो. संतोषी सेन गुप्ता, डॉ. सौरभ, डॉ. पुष्पा, डॉ. सौरभ परगाई व गोविन्द जेठी मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. कविता जोशी व निधि जोशी ने किया।



मां पूर्णागिरि धाम के पास दर्शन की प्रतीक्षा में कतार में खड़े श्रद्धालु।

### 30 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने किए मां पूर्णागिरि के दर्शन

**टनकपुर :** सरकारी अवकाश होने के कारण रविवार को देश के सुप्रसिद्ध मां पूर्णागिरि धाम में भारी संख्या में श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। सुबह से लेकर शाम तक 30 हजार श्रद्धालुओं ने मां के दर्शन कर पुण्य लाभ अर्जित किया। रविवार की तड़के से ही श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला शुरू हो गया था। भीड़ के चलते यात्रा मार्ग और टनकपुर बाजार में काफी चहल पहल रही। दिन में तपिश के चलते श्रद्धालु सुबह व शाम के समय मां पूर्णागिरि के दर्शन के लिए उमड़ रहे हैं। रविवार को अवकाश होने के कारण अचानक श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ गई। पूर्णागिरि मंदिर समिति के अध्यक्ष किशन तिवारी ने बताया कि देर शाम तक 30 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने मां के दर्शन किए। अत्यधिक भीड़ के कारण पूर्णागिरि धाम से लेकर नीचे टेड़ी पुलिया तक श्रद्धालुओ की लंबी कतार लगी रही। ठुलीगाड़ व भैरव मंदिर के पास वाहनों की लंबी कतार देखने को मिली। मुख्य मंदिर में दर्शन के लिए श्रद्धालुओं को लाइन में घंटों का इंतजार करना पड़ा। गर्मी अधिक होने के कारण श्रद्धालु जगह-जगह विश्राम कर रहे हैं। जिससे कुछ समय तक जाम की स्थिति भी बनी रही।

# इजिप्ट के संतरे का स्वाद ले रहे हैं लोग

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** देशी संतरे की आमद नहीं होने से बाजार में इन दिनों इजिप्ट (मिस्र) का संतरा आ रहा है, जिसका स्वाद शहरवासियों को खूब पसंद आ रहा है।

इस संतरे में 90 प्रतिशत जूस व 10 प्रतिशत फाइबर होता है। नवीन मंडी के फल आढ़ती एनके दानी ने बताया कि इस मौसम में भारतीय संतरे की आवक नहीं होती है, जिसके कारण इजिप्ट से संतरे जैसा फल सटरस आयात हो रहा है। स्वाद मे यह संतरे से भी मीठा होता है। सामान्य संतरे की तरह सटरस में भी सभी तत्व मौजूद होते हैं, इसलिए इस मौसम में भी संतरे के विकल्प के रूप में इसकी मांग रहती है। यह विटामिन सी का अच्छा स्रोत है। यह अलग-अलग साइज में आता है। वर्तमान में मंडी में इस संतरे का भाव 120 रुपये किलो है। लोग इसे काटकर व छीलकर खाना पसंद करते हैं। जूस आदि बनाने के लिए लोग मौसमी का प्रयोग ज्यादा करते हैं। इसकी आवक मई में शुरू हो जाती और सितंबर तक रहती है।



ग्राफिक एरा में आयोजित कार्यक्रम।

## लावारिस बच्ची को भेजा चाइल्ड लाइन

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** हल्द्वानी रेलवे स्टेशन के प्लेट फार्म नंबर 1 पर गश्त के दौरान कांस्टेबल अर्जुन सिंह नेगी को एक लावारिस बच्ची लावारिस हालत में मिली जिसकी उम्र 15 वर्ष थी। जिसे जीआरपी की महिला कांस्टेबल सरिता देवी व डीडी पांडेय की मदद से नाम व पता पूछा तो जानकारी मिली नाम इशिका निवासी करनवा थाना कस्बा भवन जिला शामली यूपी का पता बताया। जिसपर चाईल्ड हेल्प लाइन को सूचित करने के बाद बच्ची को चाईल्ड हेल्प लाइन की सदस्य सरिता देवी व चयन राय को सौंप दिया गया है। गौरतलब है कि जीआरपी की ओर ऑपरेशन नन्हे फरिश्ते अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत रेलवे स्टेशनों पर लावारिस मिलने वाले बच्चों को उनके परिजनों तक सकुशल पहुंचाया जा रहा है।

# ट्रायल में सीवर लाइन लीक जल स्त्रोतों में पहुंचा गंदा पानी

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** नगर के सीवर का पानी कई वर्षों से रूसी गांव में खुले में बह रहा था। ग्रामीणों के विरोध के बाद सीवर लाइन को बंद करने के लिए प्रशासन ने 96 करोड़ 15 लाख का बजट जारी किया। जिसके तहत नैनीताल माल रोड, ठंडी सड़क और हनुमानगढ़ से लेकर रूसी तक नई सीवर लाइन बिछाने और 17.50 एमएलडी का ट्रीटमेंट प्लांट लगाने का कार्य हुआ। माल रोड और ठंडी सड़क में कार्य पूरा हो चुका है। वहीं हनुमानगढ़ से लेकर रूसी प्लांट तक सीवर लाइन बिछाने का काम चल रहा है।

शनिवार को एडीबी की ओर से सीवर लाइन की जांच की गई तो जांच के दौरान लाइन में लीकेज आने के कारण सीवर का पानी ग्रामीण क्षेत्रों के जल स्त्रोतों तक पहुंच गया। जिससे नैनागांव, बेलूवाखान और रिया गाँव के लोगों को पेयजल की समस्या का सामना करना पड़ा।

एडीबी के कर्मचारियों की ओर से टेंकर से पेयजल की आपूर्ति की गई। साथ ही जल स्त्रोतों में कैमिकल डालकर सफाई की गई। इधर, डीडीबी के सहायक अभियंता अनिल परिहार ने बताया कि सीवर लाइन की टेस्टिंग के दौरान प्रेशर अधिक होने के कारण सीवर लाइन में लीकेज आ गया था। जिस कारण सीवर का पानी जल स्त्रोतों में पहुंच गया। सभी जल स्त्रोतों की स्थिति ठीक हो चुकी है।



सीवर लाइन को ठीक करते कर्मचारी। ● अमृत विचार

# बॉबी पंवार को बताई समस्याएं

संवाददाता, भीमताल

**अमृत विचार :** उत्तराखंड बेरोजगार संगठन के अध्यक्ष बॉबी पंवार का भीमताल पहुंचने पर युवाओं ने जोरदार स्वागत किया। साथ ही उन्हें क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया। रामलीला मैदान में आयोजित जन मिलन कार्यक्रम में पहाड़ की पीड़ा, जन मुद्दों, पलायन, रोजगार, स्वास्थ्य, शिक्षा एवं पर्यावरण पर चर्चा हुई।

कार्यक्रम संचालक राज्य आंदोलनकारी प्रेम कुल्याल ने किया। उन्होंने पर्वतीय क्षेत्र की औद्योगिक स्थिति पर प्रकाश डाला और युवाओं के लगातार हो रहे पलायन पर चिंता जताई। कार्यक्रम में सामाजिक कार्यकर्ता पूरन बृजवासी, कमल पाठक, मुकुल नौटियाल, राजकमल, अखिलेश सेमवाल, प्रेम रावत, राजेन्द्र कुमार, ललित आर्या, शुभम प्रधान, उमेश पाठक, दिनेश तिवारी मौजूद रहे।



भीमताल में जन मिलन कार्यक्रम के दौरान युवाओं के बीच बॉबी पंवार। ● अमृत विचार

### उत्तराखंड की दशा-दिशा में नहीं आया परिवर्तनः बॉबी

**भवाली :** उत्तराखंड बेरोजगार संघ के अध्यक्ष बॉबी पंवार का भवाली पहुंचने पर नगर युवा एकता मंच व बाबा हैल्थ डेम फाउंडेशन ने जोरदार स्वागत किया। इस मौके पर पंवार ने कहा कि राज्य गठन के बाद प्रदेश में जितनी भी सरकार आईं उत्तराखंड की दशा-दिशा में कोई परिवर्तन नहीं आया। स्वरोजगार, मूल निवास, उत्तराखंड को पर्यटन से जोड़ने को लेकर जो कार्य होने थे वह नहीं हुए। हाईकोर्ट की बेंच गढ़वाल में बनाये जाने से भेदभाव किया जा रहा है। कहा कि जल्द सरकार नहीं चेती तो बेरोजगार संघ विरोध करेगा। इस दौरान पवन रावत, कबीर साह, शीलू कुमार आयुष कुमार, कार्तिक साह, प्रदीप आर्य आदि मौजूद रहे।

## प्राकृतिक जल स्त्रोत और जैव विविधता बेहद आवश्यक

**नैनीताल :** विकास समिति देहरादून, यूकॉस्ट और एस 3 फाउंडेशन के तत्वावधान में जैव विविधता व प्राकृतिक स्त्रोतों के संरक्षण विषय पर नैनीताल में दो दिवसीय जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यशाला के दूसरे दिन शहर के लोगों को जैव विविधता और प्राकृतिक जल स्त्रोतों को संरक्षित किए जाने को लेकर गोवर्धन सभागार में जानकारी दी गई। कार्यक्रम का आरंभ फाउंडेशन के अध्यक्ष जय जोशी, समिति के अध्यक्ष भू-वैज्ञानिक भुवन जोशी और ग्राफिक एरा यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर कमलकांत जोशी ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान कंचन जोशी, अजय कुमार, मानिक शाह, रवि कुमार, दिनेश आदि थे।

# अनियमितता पर तीन होटलों का चालान

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** अतिक्रमण व अवैध रूप से चल रहे होटलों के खिलाफ प्रशासन और पर्यटन विभाग की कार्रवाई दूसरी दिन भी जारी रही। टीम ने अयारपाटा क्षेत्र के होटलों में छापेमारी की।

इस दौरान अनियमितता मिलने पर तीन होटलों का चालान काटा गया। जबकि तीन होटल संचालकों को नोटिस दिये गये। रविवार को एसडीएम प्रमोद कुमार व जिला पर्यटन अधिकारी अतुल भंडारी के नेतृत्व में राजस्व, नगर पालिका व पर्यटन विभाग की संयुक्त टीम ने अयारपाटा क्षेत्र में अभियान चलाया। जहां टीम को कई आवासीय भवनों में गेस्ट हाउस व होमस्टे संचालित होते मिले। जिला पर्यटन अधिकारी अतुल भंडारी ने बताया कि डेजी, एक्सपीरियंस इंडिया ग्रुप और नैनी कॉटेज का संचालन बिना पर्यटन विभाग में पंजीकरण के हो रहा था, जिस पर तीनों का चालान काटा गया। इसके अलावा लांग व्यू, एचएचडब्लू ग्रुप, हिल हेवन में रेट लिस्ट समेत अन्य अनियमितताएं मिलीं। जिन्हें नोटिस जारी कर तत्काल कमियों को दूर करने के निर्देश दिये गए हैं। उन्होंने बताया कि अभियान सोमवार को भी जारी रहेगा।



होटल में छापेमारी करती प्रशासन की टीम। ● अमृत विचार

# हर दिन आधा इंच कम हो रहा नैनी झील में पानी

- बारिश न होने और गर्मी बढ़ने से घट रहा जलस्तर
- सूखने के कगार पर पहुंचे क्षेत्र के अधिकांश जलस्रोत

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** इस वर्ष लंबे समय तक बारिश न होने और गर्मी के मौसम के चलते नैनी झील का जलस्तर लगातार घट रहा है। झील का जलस्तर घटकर 1 फीट 1.50 इंच पर पहुंच गया है।

जबकि पिछले साल इस समय में ये 4 फीट 7.50 इंच पर था। लंबे समय से बारिश न होने के चलते अधिकांश जलस्रोत सूखने की कगार पर पहुंच गए हैं। हर दिन नैनी झील के जलस्तर में एक से आधा इंच तक की गिरावट दर्ज हो रही है। नैनीताल शहर के आसपास के जलस्रोतों पर निर्भर रहने वाले वाले क्षेत्रीय लोगों के सामने पेयजल संकट भी खड़ा हो गया है। गर्मी की शुरुआत से ही नैनी झील के चारों ओर डेल्टा भी नजर आने लगे हैं। झील के किनारे साफ देखा जा सकता है कि जलस्तर में कितनी कमी हो गयी है।



जलस्तर कम होने के चलते नैनी झील में दिखाई देने लगे डेल्टा। ● अमृत विचार

### वर्षवार झील का स्तर

| | |
|---|---|
| 2020 | 6 फीट 7.50 इंच |
| 2021 | 5 इंच |
| 2022 | 4 फीट 3 इंच |
| 2023 | 4 फीट 7.50 इंच |
| 2024 | 1 फीट 1.50 इंच |

शहर में जल संस्थान की ओर से रोजाना आठ एमएलडी पानी की सप्लाई की जा रही है। झील के जलस्तर में रोजाना आधे इंच की गिरावट दर्ज की जा रही है। जिसके कारण ज्यादा ऊंचाई वाले क्षेत्रों में पेयजल की समस्या हो रही है। **–डीएस बिष्ट**, सहायक अभियंता जल संस्थान

# झुलसा रही गर्मी, बढ़ रही आम की मिठास

- आम के शौकीनों को इस बार मीठा आम खाने को मिलेगा

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** फलों के राजा आम पर मौसम मेहरबान है, जिससे इस बार आम के शौकीनों को मीठा आम खाने को मिलेगा। इधर, आम की अधिकतर फसल जमीन पर गिरने से बागवान चिंतित हैं।

बढ़ती गर्मी भले ही इंसानों को झुलसा रही हो लेकिन आम की मिठास बढ़ा रही है, क्योंकि गर्मी बढ़ना आम की फसल के लिए अच्छा माना जाता है। हालांकि, कुछ समय पहले आम की फसल पर चेपा रोग का खतरा मंडरा रहा था लेकिन हाल में हुई सामान्य बारिश के बाद अब गर्मी बढ़ना आम के लिए अच्छा माना जाता है। उद्यान विभाग के अधिकारियों का कहना है कि आम के पकने की प्रक्रिया चल रही है और गर्मी बढ़ने से यह तेजी से पकने लगेगा। इससे आम रसीला, मीठा और गुणवत्ता में बेहतर होगा। आम की ज्यादातर फसल पेड़ों से गिरने से बागवान चिंतित और उन्हें उत्पादन कम होने की आशंका है। उद्यान विभाग के ब्लॉक प्रभारी बीसी कांडपाल का कहना है कि बागवानों को चिंता नहीं करनी चाहिए।

### निगलाट के जंगलों में लगी भीषण आग

**नैनीताल :** नैनीताल के जंगलों में आग लगने का सिलसिला जारी है। रविवार को भवाली से लगे निगलाट के जंगलों में भीषण आग लग गई। सूचना के बाद मौके पर पहुंची दमकल की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। अग्निशमन अधिकारी किशोर उपाध्याय ने बताया संदिग्ध लोगों ने जंगल में आग लगा दी। मौके पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने पानी डालकर आग को नियंत्रित किया। इस दौरान हरनाम सिंह, सलामत जान, किशोर कुमार, प्रिया, प्रीति, रूपा समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

**पाठकों हेतु सूचना**

प्रिय पाठको,
हल्द्वानी, काशीपुर एवं रूद्रपुर में आपको अमृत विचार समाचार पत्र मिलने में असुविधा हो रही हो तो कृपया नीचे दिये गये नंबरों पर सम्पर्क करें।

हल्द्वानी कार्यालय — 7830460114, 9412987555
काशीपुर कार्यालय — 8218100208
रूद्रपुर कार्यालय — 9837804094, 8476843488

## एक नजर

### संदिग्ध हालत में मौत

हल्द्वानी : गांधीनगर वार्ड 27 बनभूलपुरा निवासी 23 वर्षीय कुनाल उर्फ रसगुल्ला तीन दिन पहले मेडिकल चौकी के पास बरेली रोड पर गंभीर हालत में मिला था। पुलिस ने युवक को एसटीएच पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने छानबीन कर युवक के परिजनों की तलाश की। रविवार को पोस्टमार्टम कराया गया।

### गुलदार के दो शावक मिले

हल्द्वानी : लामाचौड़ क्षेत्र में चारधाम मंदिर के समीप पुलिया के नीचे रविवार को गुलदार के दो शावक मिले। वन विभाग के फतेहपुर रेंज के रेंजर एआर आर्या ने बताया कि लोगों की सूचना पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। पुलिया के नीचे गुलदार के दो शावक मिले। सुरक्षा के लिए पुलिया के पास कर्मियों को लगाया है। शावकों की मां के आने का इंतजार किया जा रहा है, जिससे ये दोनों शावक अपनी मां के साथ यहां से निकल पाएं।

पर्वतीय जिलों में भी बढ़ी गर्मी, हालांकि कुछ इलाकों में बारिश होने से राहत, मैदानी इलाकों में भीषण गर्मी से लोग हो रहे बेहाल

# पहाड़ों में भी उष्ण लहर का असर, मैदान में तपिश बरकरार



संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : प्रदेश के मैदानी इलाकों में चल रही उष्ण लहर (हीट वेव) ने अब पहाड़ों का रुख कर लिया है। टिहरी, पौड़ी, अल्मोड़ा, नैनीताल, चम्पावत आदि जनपदों के पर्वतीय क्षेत्रों में उष्ण लहर का असर देखा गया।

पहाड़ों में उष्ण लहर की वजह से दिन के समय तापमान बढ़ गया है। साथ ही रात के समय अपेक्षाकृत ठंड कम हो रही है।

मौसम विभाग ने उष्ण लहर को लेकर उत्तराखंड में येलो अलर्ट जारी किया है। मैदानी इलाकों में उष्ण लहर और गर्मी का प्रकोप जारी है। हल्द्वानी में गर्मी से सुबह के समय भी राहत नहीं मिल रही है। दिन के समय लू के थपेड़े लोगों को परेशान कर रहे हैं। शाम होने पर भी गर्मी से राहत नहीं मिल रही है। रात में भी तापमान में उछाल आ रहा है। दिन में अधिकतम 40 डिग्री और न्यूनतम तापमान 27.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मैदानी इलाकों में अधिकतम सामान्य से चार से पांच डिग्री और न्यूनतम तापमान सामान्य से तीन से पांच डिग्री सेल्सियस ज्यादा चल रहा है। इधर, शनिवार और रविवार की रात पहाड़ों में कुछ जगहों पर बारिश हुई है। कुमाऊं मंडल में सोमेश्वर, पिथौरागढ़, बागेश्वर और अल्मोड़ा में हल्की बारिश हुई है। मौसम विभाग के अनुसार पहाड़ों में कुछ स्थानों पर बारिश और मैदानी क्षेत्रों में गर्मी का दौर जारी रहेगा।



हल्द्वानी में रविवार को चिलचिलाती धूप में जाती युवतियां। ● अमृत विचार

**40** डिग्री रहा से. रहा रविवार को शहर का तापमान

**27**.4 डिग्री सेल्सियस रहा रात का तापमान

### मैदानों में अभी लू से नहीं मिलेगी राहत: डॉ. सिंह

हल्द्वानी : मौसम वैज्ञानिक डॉ. आरके सिंह ने बताया कि लू से फिलहाल कोई राहत नहीं मिलेगी। उत्तराखंड के मैदानी इलाकों में गर्मी उत्तर भारत के इलाकों से कम है। उन्होंने बताया कि आने वाले चार से पांच दिनों तक लोगों को लू से इसी तरह से परेशान रहना होगा।

### तीन साल बाद मई में पड़ रही है सर्वाधिक गर्मी

हल्द्वानी : मई में गर्मी पिछले तीन वर्षों में अपेक्षाकृत राहत दे रही थी। वर्ष 2021, 2022 व 2023 में मई माह में कभी भी अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस नहीं पहुंचा। जबकि इस साल मई माह में तापमान 42 डिग्री सेल्सियस तक जाने का अनुमान जताया गया है।

## अमृतपुर में नहा रहे हुड़दंदियों पर कार्रवाई

हल्द्वानी, अमृत विचार : अमृतपुर स्थित गौला नदी में नहाने के दौरान हुई बिंदुखत्ता के भुवन की मौत के बाद पुलिस हरकत में आ गई है। शनिवार से शुरू ऑपरेशन मर्यादा रविवार को भी जारी रहा। पुलिस ने नदी में नहाने, पार्टी करने और हुड़दंग मचाने वाले 40 लोगों के खिलाफ कार्रवाई की।

रविवार को काठगोदाम पुलिस ने रानीबाग और एचएमटी लमजाला के पास नदी में नहाने गए व्यक्तियों द्वारा हुड़दंग मचाने पर कार्रवाई की। जिनके पास वाहन के वैध प्रपत्र नहीं थे ऐसे दो दोपहिया वाहन सीज किए गए। जबकि सड़क पर वाहन खड़ाकर नदी में नहाने गए व्यक्तियों के तीन वाहनों को काठगोदाम चौकी में खड़ा किया गया। साथ ही उत्पात मचाने वालों के 16 दोपहिया वाहनों के चालान किये गये।

# 'रैन' को बसेरा नहीं, फर्श पर लेट रहे तीमारदार

डॉ. सुशीला तिवारी अस्पताल में रुकने की व्यवस्था न होने से भटक रहे तीमारदार, अस्पताल में मरीजों से अधिक होते हैं उनके परिजन

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : डॉ. सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय (एसटीएच) में मरीजों के तीमारदारों के रुकने की कोई व्यवस्था नहीं है। दिन के समय ज्यादातर तीमारदार इधर-उधर भटकते रहते हैं और रात के समय फर्श पर सो जाते हैं। सालों पहले तीमारदारों के लिए अस्पताल में रैन बसेरा बनाया गया था, जो अब बंद हो गया।

एसटीएच की ओपीडी में रोजाना 1500 से अधिक मरीज उपचार कराने आते हैं। अस्पताल की आईपीडी में करीब 400 बेड हैं। यहां कुमाऊं मंडल के पर्वतीय जिलों के अलावा उत्तर प्रदेश के रामपुर, बरेली, पीलीभीत, बिजनौर आदि जिलों से भी मरीज आते हैं। अस्पताल में उपचार काफी सस्ता है, इसलिए कम आय वाले लोगों को भी उपचार मिल जाता है। लेकिन सबसे बड़ी दिक्कत यह है कि मरीजों के साथ आने वाले तीमारदारों के लिए अस्पताल के अंदर रुकने की कोई व्यवस्था नहीं है।

अस्पताल में आने वाले ज्यादातर मरीजों के तीमारदारों के पास होटल में रुकने तक के लिए रुपये नहीं होते हैं। इन दिनों प्रचंड गर्मी पड़ रही है, ऐसे में मरीजों के तीमारदारों को दिनभर तो अस्पताल के अंदर और बाहर इधर-उधर भटकना पड़ता है। रात के समय तीमारदार अपने मरीज के बेड पास नीचे जमीन पर सो जाते हैं या फिर अस्पताल में खाली पड़ी जगहों में ठीकाना बना लेते हैं। इन समस्याओं के निदान के लिए साल 2016 में अस्पताल के बेसमेंट में रैन बसेरा बनाया गया था। जिसे बारिश में पानी भरने से बंद कर दिया गया था।



एसटीएच में आईसीयू के बाहर आराम करते भर्ती मरीजों के तीमारदार। ● अमृत विचार



एसटीएच परिसर के लॉन में आराम करते भर्ती मरीजों के तीमारदार। ● अमृत विचार

### नए रैन बसेरा निर्माण में फंसा वन भूमि का पेंच

हल्द्वानी : राजकीय मेडिकल कॉलेज के अधीन स्टेट कैंसर इंस्टीट्यूट में लगभग 5 करोड़ रुपये की लागत से दोमंजिला रैन बसेरा बनाया जाना है। इसमें करीब 153 बेड होंगे, लेकिन वन भूमि का पेंच फंसने से अभी तक निर्माण शुरू नहीं हो पाया है। वन विभाग से अनुमति मिलने के बाद ही रैन बसेरा बनाने का काम शुरू हो पाएगा।

रैन बसेरा बनाने के लिए कैंसर संस्थान का चयन किया गया है। सभी मामले सुलझ जाने के बाद वहां रैन बसेरा बनाया जाएगा। इससे मरीजों के साथ आने वाले तीमारदारों को सुविधा मिलेगी।
**-डॉ. अरुण जोशी**, प्राचार्य, राजकीय मेडिकल कॉलेज, हल्द्वानी





एसटीएच के मेडिसन वार्ड के बाहर आराम करते तीमारदार।



आईसीयू के बाहर आराम करते तीमारदार। ● अमृत विचार

### एक रात में बनाया था रैन बसेरा

हल्द्वानी : एसटीएच में वर्ष 2016 में रैन बसेरा बनाया गया था। उस समय विधानसभा चुनाव होने वाले थे और शीघ्र ही आचार संहिता लगने वाली थी। ऐसे में सरकार की ओर से मिले आदेश के बाद एक ही रात में स्थानीय प्रशासन ने रैन बसेरा और इंदिरा अम्मा भोजनालय बना दिया। वाहनों की पेड पार्किंग के पास फैब्रिकेटेड इंदिरा अम्मा भोजनालय बनाया गया। अस्पताल में कहीं और जगह नहीं होने पर बेसमेंट में रैन बसेरा बनाया गया। कोविड काल में इंदिरा अम्मा भोजनालय भी बंद हो गया। सूत्रों के अनुसार रैन बसेरा बिना किसी तैयारी के बनाया गया था।

## नर्सों ने कराया प्रसव नवजात की हुई मौत

संवाददाता, रामनगर

अमृत विचार : पीपीपी मोड में संचालित संयुक्त चिकित्सालय में चिकित्सक की अनुपस्थिति में स्टाफ नर्सों द्वारा प्रसव कराने का मामला सामने आया है। आरोप है कि लापरवाही से प्रसव के बाद नवजात की तबीयत बिगड़ गई और तीन घंटे बाद उसने दम तोड़ दिया। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक ने कंपनी से जवाब मांगा है।

हिम्मतपुर डोटियाल निवासी दिलीप सिंह नेगी ने बताया कि वह गर्भवती पत्नी काजोल को प्रसव पीड़ा होने पर शनिवार सुबह पांच बजे संयुक्त चिकित्सालय ले गये। उन्होंने अस्पताल स्टाफ को बताया कि उनकी पत्नी अभी 7 माह 14 दिन के गर्भ से है और प्रसव में डेढ़ माह बाकी है। उस समय प्रसूति रोग विशेषज्ञ अस्पताल में नहीं थी। आरोप है कि स्टाफ को सारी बातें बताने के बाद भी महिला चिकित्सक अस्पताल नहीं पहुंची। स्टाफ नर्सों ने सुबह 6.16 बजे काजोल का प्रसव कराया। सुबह 7:15 बजे उसे नवजात दिखाया गया। बच्चे का शरीर नीला पड़ता देख उसने नर्सों को बताया। इसके करीब आधे घंटे बाद पहुंची चिकित्सक ने भरोसा दिलाया कि बच्चा स्वस्थ है और 3 से 4 घंटे में सामान्य हो जाएगा। सुबह आठ बजे के बाद शिफ्ट बदली तो नए स्टॉफ ने बच्चे को हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया। दिलीप जच्चा-बच्चा को लेकर काशीपुर कृष्णा हॉस्पिटल ले गए, जहां बच्चे को मृत घोषित कर दिया गया। दिलीप ने अस्पताल की मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. चंद्रा पंत को जानकारी देते हुए गुमराह करने की शिकायत की। इस दौरान पूर्व ब्लॉक प्रमुख संजय नेगी भी मौजूद रहे।



मुख्य चिकित्सा अधीक्षक को लापरवाही की जानकारी देते परिजन व अन्य।

# रामपुर के टप्पेबाज हल्द्वानी में काट रहे थे बैग, तीन गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अपराध**

- रुद्रपुर से हल्द्वानी आते वक्त काटा था सिपाही के पत्नी का बैग
- टप्पेबाजों पर रामपुर, रुद्रपुर और बरेली में भी दर्ज हैं मुकदमे

अमृत विचार : रामपुर के टप्पेबाज हल्द्वानी में मुसाफिरों को निशाना बना रहे थे। इन्हीं टप्पेबाजों ने शादी समारोह में शामिल होने जा रही सिपाही की पत्नी को निशाना बनाया था। बैग काट कर शातिरों ने लाखों के जेवर और हजारों की नगदी पार कर दी थी। ऐसे तीन टप्पेबाजों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों पर रामपुर, रुद्रपुर और बरेली में कई मुकदमे दर्ज हैं।

पुलिस बहुउद्देशीय भवन में मामले का खुलासा करते हुए सीओ सिटी नितिन लोहनी ने बताया कि बीती 16 अप्रैल को पुलिस के जवान संजय सिंह राणा की पत्नी नीमा राणा एक विवाह समारोह में शामिल होने के लिए रुद्रपुर से हल्द्वानी के लिए निकली थीं। मैजिक वाहन में किसी ने उनका बैग काट कर लाखों के जेवर और नगदी चोरी कर ली। टीपीनगर चौकी प्रभारी दीपक बिष्ट ने टीम के साथ शातिरों की तलाश शुरू की। सीसीटीवी कैमरे खंगाले तो कुछ सुराग हाथ लगे। फुटेज में दिखे संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो मामला खुल गया।

18 मई को काशीपुर रोड रुद्रपुर से तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों ने अपने नाम हमीदाबाद बिलासपुर रामपुर उत्तर प्रदेश निवासी सद्दाम पुत्र खुर्शीद, एहसान अली पुत्र शेर मोहम्मद व नवाब अली पुत्र भूरे बताया। साथ ही बताया कि उनका गैंग टैम्पो, मैजिक और बस स्टैंड पर रेकी कर शिकार को चिह्नित करते हैं। गैंग का एक सदस्य चिह्नित शिकार के साथ वाहन में बैठ जाता है और दो सदस्य बाइक से पीछे चलते हैं। वाहन में सवार शातिर मौका देखकर यात्री का बैग या अटैची आदि ब्लेड से काटकर माल उड़ाकर गाड़ी से उतरने के बाद पीछे चल रहे बाइक सवार साथियों के साथ फरार हो जाता। इन्हें रामपुर, बरेली व रुद्रपुर में भी टप्पेबाजी के मामलों में गिरफ्तार किया जा चुका है। इनके पास से आभूषण समेत करीब साढ़े चार लाख का माल बरामद किया गया है। पुलिस टीम में टीपीनगर चौकी प्रभारी दीपक बिष्ट, एएसआई राजेन्द्र मेहरा, हेड कांस्टेबल इशरार नबी, कांस्टेबल तारा सिंह रहे।

# टेंपो ट्रैवलर पलटने से 12 पर्यटक घायल

संवाददाता, कालाढूंगी

अमृत विचार : नैनीताल घूम कर वापस लौट रहे दिल्ली के पर्यटकों का टेंपो ट्रैवलर अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गया। हादसे में नौ लोगों को गंभीर चोट आईं, जबकि तीन मामूली रूप से घायल हुए हैं। सभी घायलों का हल्द्वानी के निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। टेंपो में चालक-परिचालक समेत 19 लोग सवार थे।

करोलबाग नई दिल्ली निवासी पर्यटक परिवार संग नैनीताल घूमने आये थे। सभी दो दिन से पंगूठ स्थित एक रिजॉर्ट में ठहरे थे। रविवार को नैनीताल से लौटते समय दोपहर ढाई बजे टेंपो ट्रैवलर संख्या एचआर56 बी-4117 कालाढूंगी से पांच किलोमीटर पहले प्रिया बैंड के समीप अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गया। घटना के बाद बीच सड़क पर पर्यटकों की चीख पुकार मच गई। हादसे में अनुज गुप्ता (43), उसकी पत्नी श्वेता (35), पुत्री प्रशा गुप्ता, आकाश जिंदल (42), उसकी पत्नी मिनाक्षी जिंदल (40), पुत्र समदा जिंदल, श्वाति (48) पत्नी सचिन अग्रवाल, सूर्यांश जैन (30) पुत्र आलोक जैन, राहुल सिंघल (28), उसकी पत्नी शिखा सिंघल (28), पुत्र ऋषभ सिंघल, पायल अग्रवाल (30) घायल हो गए।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को 108 एंबुलेंस से सीएचसी कालाढूंगी पहुंचाया। जहां से उन्हें हल्द्वानी के लिए रेफर कर दिया गया। एसओ भगवान महर ने बताया कि वाहन को दक्षिणपुरी अंबेडकर नगर दिल्ली निवासी चालक पुनीत चला रहा था। हादसे की जांच कर रही है।



नैनीताल रोड पर पलटा टेंपो ट्रैवलर।



घायल पर्यटक। ● अमृत विचार

### सिटी मजिस्ट्रेट ने जाना घायलों का हाल

हल्द्वानी : हादसे के बाद सिटी मजिस्ट्रेट एपी वाजपेई ने निजी अस्पताल पहुंचकर सभी घायलों का हाल-चाल जाना। साथ ही अस्पताल प्रशासन को प्राथमिकता से उपचार करने के निर्देश दिये। सिटी मजिस्ट्रेट ने बताया कि टेंपो ट्रैवलर की गति तेज होने और सामने से दूसरा वाहन आने पर ब्रेक न लगने के कारण टेंपो पलट गया था।

## चोरों ने किराने की दुकान के ताले तोड़े

हल्द्वानी, अमृत विचार : शनिवार रात चोरों ने बनभूलपुरा क्षेत्र में एक किराने की दुकान और चावल का गोदाम खंगाल डाला। किराना दुकान का ताला तोड़ कर चोरों ने हजारों की नगदी और माल उड़ा दिया। पुलिस अब सीसी कैमरों के से चोरों की तलाश में जुट गई है।

उजाला नगर नाले के पास राजा भाई किराना स्टोर के नाम से दुकान चलाने वाले मुस्तकीम के मुताबिक शनिवार रात करीब नौ बजे उन्होंने दुकान बंद की और घर चले गए। रविवार सुबह वह दुकान पहुंचे तो शटर का ताला टूटा था। गल्ले में रखे 60 हजार रुपये और दुकान का अन्य सामान गायब था। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। चोरों ने मुस्तकीम की दुकान के पीछे स्थित चावल के गोदाम से भी चोरी की है। बनभूलपुरा थानाध्यक्ष नीरज भाकुनी ने बताया कि जल्द चोरों को जल्द पकड़ लिया जाएगा।

**सांख्यिकी रिपोर्ट** — उत्तराखंड में ऋण-जमा अनुपात में नैनीताल चौथे नंबर पर, पर्वतीय जिलों में चम्पावत, देहरादून और हरिद्वार से भी आगे

# ऋण लेने में यूएस नगर वाले सबसे आगे, बागेश्वर पीछे

- अल्मोड़ा जिले के लोग भी ऋण लेने के मामले में हैं पीछे
- चम्पावत में बैंकों में जमा हुई अधिक राशि, ऋण लिया कम

नरेन्द्र देव सिंह, हल्द्वानी

अमृत विचार : उत्तराखंड में ऋण-जमा अनुपात में बैंक से ऋण लेने के मामले में ऊधमसिंह नगर जनपद के लोगों पहले स्थान पर हैं। जबकि नैनीताल जिले के लोग ऋण लेने के मामले में राज्य में चौथे नंबर पर हैं। अल्मोड़ा और बागेश्वर जिले के लोग बैंक से ऋण लेने के मामले में काफी पीछे हैं।

उत्तराखंड सांख्यिकी की हालिया रिपोर्ट के अनुसार उत्तराखंड में ऋण-जमा अनुपात (सीडी रेशियो) के मामले में ऊधमसिंह नगर जिले की बैंकों से लोगों ने कुल जमा धन की अपेक्षा ऋण ज्यादा लिया है। यहां बैंकों में जमा किए गए धन से ज्यादा ऋण के रूप में दिया जा चुका है। पर्वतीय जिला चम्पावत भी सीडी रेशियो के अनुसार बैंक से ऋण लेने के मामले में काफी आगे है। इस जिले में बैंकों में जमा धनराशि के सापेक्ष 95.16 प्रतिशत धनराशि ऋण के रूप में आवंटित की गई है। यह राज्य में दूसरा स्थान रखता है। ऋण-जमा अनुपात के मामले में जनपद हरिद्वार तीसरे, नैनीताल चौथे और उत्तरकाशी पांचवें स्थान पर आता है। राजधानी देहरादून इस मामले में सातवें नबंर पर है और पूरे राज्य की बात करें तो बैंकों में कुल 51.22 प्रतिशत जमा धनराशि के सापेक्ष ऋण दिया गया है।



### प्रदेश में जिलेवार बैंकों का ऋण-जमा अनुपात

| जिले | अनुपात | जिले | अनुपात |
|---|---|---|---|
| यूएस नगर | 106.74% | देहरादून | 40.40% |
| चम्पावत | 95.16% | टिहरी | 35.13% |
| हरिद्वार | 70.01% | पिथौरागढ़ | 34.58% |
| नैनीताल | 52.16% | रुद्रप्रयाग | 27.21% |
| उत्तरकाशी | 47.66% | पौड़ी | 26.20% |
| चमोली | 46.36% | अल्मोड़ा | 26.01% |
| | | बागेश्वर | 22.84% |

(उत्तराखंड सांख्यिकी की हालिया रिपोर्ट 2023-24 के अनुसार)

### क्या होता है सीडी अनुपात

हल्द्वानी : बैंकिंग भाषा में सीडी अनुपात ऋण-जमा अनुपात को संदर्भित करता है। यह हमें बताता है कि बैंकों ने जमा के रूप में जो धन जुटाया है, उसका कितना हिस्सा ऋण के रूप में इस्तेमाल किया गया है।

## एआरएम ने पुलिस को दिया शिकायती पत्र

हल्द्वानी, अमृत विचार : रोडवेज बस स्टेशन के अंदर टेम्पो, रिक्शा, दोपहिया वाहन और ठेले खड़े करने वालों के खिलाफ एआरएम ने कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। पत्र में एआरएम सुरेंद्र बिष्ट ने कहा है कि दोपहिया वाहन जबरन बस स्टेशन परिसर में घुसते हैं, जिसके चलते कई बार बसों को भी निकलने में दिक्कत होती है। इनकी आड़ में अराजक तत्व स्टेशन में घुस जाते हैं जो यात्रियों का सामान चोरी कर लेते हैं।

स्टेशन में ठेले या वाहन लगाने वालों को जब स्टेशन से जाने के लिए कहा जाता है तो वह कर्मचारियों के साथ अभद्रता व मारपीट करते हैं। उन्होंने मामले में कार्रवाई करने का अनुरोध किया है।

# पीजी संचालिका और किराएदार में विवाद

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : पीजी की व्यवस्था पसंद नहीं आने पर महिला किराएदार और पीजी संचालिका के बीच विवाद हो गया। उसने किराएदार को कमरे से निकाला तो वह किराया वापस मांगने लगी। पैसे वापस नहीं मिले तो किराएदार ने पीजी के गूगल पेज पर नाराजगी भरे कमेंट कर दिए। बात कोतवाली तक पहुंच गई और दोनों में तीखी बहस हुई। बाद में दोनों पक्षों के बीच समझौता हो गया।

पुलिस के मुताबिक मूलरूप से रामनगर की रहने वाली एक युवती दो माह पहले क्षेत्र में ही संचालित पीजी में रहने गई थी। उसने पीजी का एडवांस किराया दिया था, लेकिन जब पीजी की व्यवस्थाएं युवती को पसंद नहीं आई तो विवाद का कारण बन गई। एक हफ्ते में ही उसने कमरा खाली कर दिया और किराया वापस मांगा। हालांकि संचालिक इसके लिए राजी नहीं हुई। जिसके बाद युवती ने गूगल पेज पर कमेंट किया और मामला कोतवाली तक पहुंच गया। संचालिका का कहना था कि कमेंट से उसकी गूगल रेटिंग गिर रही है और व्यापार पर असर पड़ रहा है। वहीं युवती का कहना था कि वह एक हफ्ते का किराया काट कर बाकी पैसा वापस करे। बात नहीं बनी तो नौबत मुकदमेबाजी तक पहुंच गई। जिसके बाद दोनों के बीच समझौता हुआ।

# नशेड़ियों और अराजक तत्वों से शिक्षक परेशान

## राजकीय प्राथमिक विद्यालय बमौरी में छुट्टी के बाद अंदर घुस आते हैं अराजक तत्व, आये दिन चोरी होती हैं टोंटियां

अमृत विचार पड़ताल

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : राजकीय प्राथमिक विद्यालय बमौरी में 160 बच्चे पढ़ते हैं। जिन्हें पढ़ाने के लिए एक प्रधानाध्यापिका और 6 अध्यापक हैं। मगर अराजक तत्वों से सभी परेशान हैं। आये दिन अराजक तत्व विद्यालय की संपत्ति को नुकसान पहुंचाते हैं। पानी की टंकी से टोंटी चोरी होती रहती है। छुट्टी के बाद विद्यालय नशेड़ियों का अड्डा बन जाता है।

इस विद्यालय में पर्याप्त कमरे उपलब्ध नहीं हैं, जिससे बच्चों के बैठने की व्यवस्था नहीं हो पाती है। चौथी कक्षा में वर्तमान में 53 बच्चे पढ़ रहे हैं, लेकिन यहां भी बच्चों की संख्या के अनुसार कक्षा में पर्याप्त जगह नहीं है। इसी परिसर में उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भी संचालित होता है। जिसमें 225 बच्चे पढ़ते हैं। इनके लिए 6 अध्यापक तैनात हैं। बच्चों की संख्या के अनुसार विद्यालय में स्टाफ की भी कमी है। यहां सबसे बड़ी समस्या जलभराव की है। बरसात में रकसिया नाले का गंदा पानी विद्यालय में घुस आता है। गत वर्ष आई आपदा में उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का शौचालय बह गया था। जिसे अभी तक नहीं बनाया गया है। प्रवेश द्वार से भी बरसात में पानी घुस आता है। विद्यालय में ऊंची चहारदीवारी की दरकार है। जिसके बाद नाले के पानी से निजात मिलेगी। मध्याह्न भोजन के लिए भी विद्यालय में बच्चों के बैठने के लिए कोई जगह नहीं है। जिस कारण बच्चों को खुले में मध्याह्न भोजन करना पड़ता है। धूल और गर्मी के कारण बच्चों का भी भोजन खराब हो जाता है।


बमौरी स्थित राजकीय प्राथमिक विद्यालय। ● अमृत विचार


कमरे में आई दरार। ● अमृत विचार

**02** सौ 25 बच्चे पढ़ते हैं इस समय प्राथमिक विद्यालय बमौरी में

**01** भवन जर्जर हालत में है, जिसके 4 कमरे जीर्ण-शीर्ण हो चुके हैं

### जर्जर भवन से टपकता है पानी

विद्यालय का एक भवन जर्जर हालत में है। जिसके 4 कमरे जीर्ण-शीर्ण हो चुके हैं। कमरों की छत से पानी टपकता है और कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है। हालांकि इन कमरों में वर्तमान में कक्षाएं नहीं चलाई जा रही हैं, लेकिन एक कमरे में कार्यालय बनाया गया है। बरसात में पानी टपकने से विद्यालय के दस्तावेज खराब हो जाते हैं।। प्रधानाचार्य ने कई बार इसका प्रस्ताव भेजा, मगर अभी तक स्वीकृत नहीं हो पाया है।

"विद्यालय में सबसे अधिक नुकसान रकसिया नाले से होता है। इसके लिए ठोस उपाय किया जाना चाहिए। शौचालय भी बहुत पुराने हैं। नए शौचालयों की आवश्यकता है। बच्चों के बैठने की पर्याप्त जगह नहीं है।"
-आभा श्रीवास्तव, प्रधानाचार्य, उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बमौरी

### गंदगी से पटे हैं शौचालय

**हल्द्वानी** : विद्यालय में शौचालय तो पर्याप्त हैं, लेकिन बहुत पुराने होने के कारण इनमें पानी चोक हो रहा है। सफाई न होने से शौचालय गंदगी से पटे पड़े हैं। शौचालय भी जीर्ण-शीर्ण हालत में हैं। विद्यालय को नए शौचालयों की दरकार है। इन गंदे और जर्जर शौचालय में बच्चों के साथ ही शिक्षक और विद्यालय का स्टाफ भी जाने को मजबूर है।


गंदगी से पटा शौचालय। ● अमृत विचार

## कुबेर सिंह पीटीए अध्यक्ष, राजेंद्र को एसएमसी की कमान

**गरमपानी, अमृत विचार :** बेतालघाट ब्लॉक के जीआइसी हल्सों कोरड़ में शिक्षकों व अभिभावकों की संयुक्त बैठक में कई मुद्दों पर चर्चा हुई। अभिभावकों ने विद्यालय में शिक्षकों के रिक्त पदों पर तैनाती की मांग उठाई। इस मौके पर शिक्षक अभिभावक संघ व विद्यालय प्रबंधन समिति का भी गठन किया गया। जिसमें कुबेर सिंह अध्यक्ष, मुकेश चंद्र मिश्रा को उपाध्यक्ष तथा दिलीप सिंह बोहरा को संयुक्त मंत्री की जिम्मेदारी सौंपी गई।

कोषाध्यक्ष कमान बीना देवी व सुनील कुमार को सचिव चुना गया। वहीं विद्यालय प्रबंधन समिति का गठन कर राजेंद्र सिंह जैड़ा को अध्यक्ष, बहादुर सिंह जलाल को संयुक्त मंत्री, गीता देवी को कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई। बैठक का शुभारंभ प्रधानाचार्य मुकेश मिश्रा व समाजसेवी दिलीप सिंह बोहरा ने किया। नवनियुक्त पदाधिकारियों ने विद्यालय विकास व नौनिहालों के हित में मिलजुल कर कार्य करने का संकल्प लिया। इस दौरान डा. प्रमोद कुमार केसरवानी, विद्यासागर आर्या, राजेश बेलवाल, चंद्रशेखर भट्ट, उमा मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप


कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ करते अतिथि। ● अमृत विचार

### कबड्डी में यूएसआर व सेंट जोसफ के खिलाड़ी छाए

**रामनगर** : टीम स्किल हंटर्स के तत्वावधान में सेंट जोसफ कॉलेज पीरूमदारा में आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता में अंडर-17 यूएसआर इंटर कॉलेज बसई बालक वर्ग और बालिका वर्ग में सेंट जोसफ कान्वेंट स्कूल तथा अंडर 14 बालक वर्ग में स्टेपपिंग स्टोन्स अकादमी व बालिका वर्ग में सेंट जोसफ कान्वेंट स्कूल प्रथम श्रेणी में रहे। टीम के प्रशिक्षक भुवनेश जोशी व प्रेम बोरा के निर्देशन में आयोजित प्रतियोगिता में अलग-अलग स्कूल की 15 टीमों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का शुभारंभ निवर्तमान सभासद भुवन सिंह डंगवाल, राष्ट्रीय खिलाड़ी देवेंद्र भट्ट ने दीप प्रज्वलित कर किया गया। मुख्य अतिथि भुवन सिंह डंगवाल ने कहा कि बेहतर अभ्यास के माध्यम से बच्चे खेलों की दुनिया में अपना नाम रोशन कर सकते हैं।



ओमकार सिटी में अभियान चलाते समिति के लोग। ● अमृत विचार

### खरपतवार उखाड़ी, सूखे पत्ते एकत्रित किए

**हल्द्वानी** : साथी संगठन के साथियों ने रविवार को सुबह आरटीओ रोड स्थित ओमकार सिटी में मंदिर परिसर से खरपतवार उखाड़ी और पेड़ों से गिरे सूखे पत्ते तथा टहनियां एकत्रित कर निर्धारित कंपोस्ट खाद के गड्ढे में दबाई। मंदिर परिसर के चारों ओर मार्ग से झाड़ियां काटी और मार्ग की सफाई की तथा कूड़ा निस्तारण किया। इस मौके पर आनन्द सिंह ठठोला, आरपी सिंह, डीडी शर्मा, लक्ष्मण सिंह गौनिया, राजेन्द्र बोरा, सुरेंद्र सिंह बिष्ट, मोहन सिंह महरा, आनंद सिंह भाकुनी, विरेन्द्र सिंह भाकुनी, विजय कुमार तिवारीआदि मौजूद रहे।

### भागवत कथा में उमड़ रहा आस्था का सैलाब

**गरमपानी** : कोसी नदी के तट पर स्थित देवी मंदिर में श्रीमद् देवी भागवत कथा से माहौल भक्तिमय बना हुआ है। दूरदराज के गांवों से रोजाना सैकड़ों श्रद्धालु कथा श्रवण को देवी मंदिर पहुंच रहे हैं। कथा व्यास आचार्य चंद्रशेखर त्रिपाठी ने श्रद्धालुओं से कथा में बताई गई बातों को आत्मसात करने का आह्वान किया। रोजाना की तरह धर्माचार्य आनंद बल्लभ शास्त्री ने यजमान धन सिंह मेहरा, पूरन सिंह, ईश्वर सिंह, धन सिंह दरमाल, चंदन सिंह से विधि विधान से धार्मिक अनुष्ठान पूरे कराए। विशेष मंत्रोच्चार के साथ क्षेत्र की सुख, शांति व समृद्धि को विशेष प्रार्थना की गई। 23 मई को हवन, पूर्णाहुति व महाआरती के बाद भंडारा होगा।

### वाल्वो बसों की एसी खराब, यात्री परेशान

**हल्द्वानी** : काठगोदाम डिपो से संचालित वाल्वो बसों में पिछले एक सप्ताह से एयर कंडीशन खराब होने के मामले सामने आ रहे हैं। दिल्ली रूट से निकली वोल्वो बस का एसी बीच रास्ते में खराब हो गया। रविवार के दिन ज्यादातर बस ऑनलाइन पैक रहती है। निगम प्रबंधन काठगोदाम ने सुबह 9 बजे सुबह के ट्रिप में 10 बजे वाली वाहन, 10 बजे वाले ट्रिप में 11.30 बजे वाली वाहन, 11.30 बजे वाली ट्रिप में 1.30 बजे जाने वाली वाहन जबकि 1.30 बजे के ट्रिप में रात 9 बजे वाली वाहन को दिल्ली से नॉनस्टॉप बुलाकर 2.30 बजे भेजा गया। जबकि रात 9 बजे वाली सेवा को ऑन लाइन से हटा दिया गया है।


नवनियुक्त जल संस्थान संविदा श्रमिक संघ के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

### हेमंत बने जलसंस्थान संविदा श्रमिक संघ के अध्यक्ष

**रामनगर** : उत्तराखंड जल संस्थान संविदा श्रमिक संघ की त्रिवार्षिक कार्यकारिणी के चुनाव में हेमंत कुमार शाखाध्यक्ष चुने गए। जबकि अनुज कुमार, दया राम उपाध्यक्ष, अनूप मौर्या मंत्री, सोनू सागर, गेंदा सिंह उपमंत्री चुने गए। इसके अलावा ब्रह्मपाल सिंह चौहान कोषाध्यक्ष, नरेंद्र सिंह प्रचार मंत्री, राजेन्द्र सिंह कार्यालय मंत्री व चरवा सिंह, कुंदन सिंह व हेमराज सिंह सदस्य चुने गए। नव निर्वाचित अध्यक्ष हेमंत कुमार ने भरोसा दिलाया कि वह संगठन के प्रति ईमानदारी से कार्य करेंगे। इस दौरान प्रमोद कुमार, भूपाल सिंह, अनुज कुमार बिश्नोई, वीरेंद्र सिंह राजेन्द्र सिंह मौजूद रहे।


प्रतिभागियों को सम्मानित करते अतिथि। ● अमृत विचार

### चित्रकला प्रतियोगिता में 500 प्रतिभागी शामिल

**रामनगर, अमृत विचार** : पुष्कर सोसायटी की ओर से मदर डे थीम पर आयोजित चित्रकला व स्कैच प्रतियोगिता में नगर के विभिन्न स्कूलों के 500 से अधिक छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नेकी की दीवार के संयोजक ताराचन्द्र घिल्ड़ियाल व सोसायटी की चैयरपर्सन पूनम गुप्ता ने विजेताओं को प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। गुप्ता ने बताया कि आगामी 27 मई से बच्चों के लिये समर कैंप का आयोजन किया जायेगा। प्रतियोगिता में डीडीसीएम पब्लिक स्कूल, शाईनिंग स्टार स्कूल, गुरूनानक पबिलक स्कूल, मदर गलोरी स्कूल, डीडीजीएम स्कूल, जयमोहन स्कूल कानिया, दयानंद पब्लिक स्कूल सहित अन्य स्कूलों के 500 बच्चों ने भाग लिया। निर्णायक की भूमिका अंजना भारद्वाज, प्रिंसिपल अनीता रावत, डॉ. रतिरानी चौधरी, परविंदर कौर ने निभाई। इस मौके पर उत्तराखंड बॉडी बिल्डिंग के चैयरमैन आदिश गर्ग, डॉ. जफर सैफी, नेहा सिंघल, हिना माहिगीर, विमला जोशी, रीतू चौहान, भावना कांडपाल, कल्पना जोशी, शमा सैफी, शाहिन सैफी, दीपमाला, यूथ फाउंडेशन के पदाधिकारी मौजूद रहे।

# जंगलों को आग से बचाने के लिए सतर्क रहें

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार** : वन मंत्री सुबोध उनियाल ने कॉर्बेट टाइगर रिजर्व, रामनगर वन प्रभाग और तराई पश्चिमी वन प्रभाग के अधिकारियों को जंगल की आग रोकने व जंगल से तस्करी रोकने के निर्देश दिए। शनिवार शाम गर्जिया गेस्ट हाउस में बैठक के दौरान मंत्री उनियाल ने मानव वन्यजीव संघर्ष को कम करने की कार्ययोजना पर भी चर्चा की।

विधायक दीवान सिंह बिष्ट ने बताया कि वन मंत्री ने जंगल की आग को लेकर गंभीर चिंता जताते हुए अधिकारियों को इसे जल्द से जल्द रोकने के उपाय करने के निर्देश दिए। उन्होंने आग के बहाने वनों से कीमती लकड़ी की तस्करी पर भी चिंता जताते हुए तत्काल रोक लगाने को कहा। प्रदेश में मानव वन्य जीव संघर्ष की बढ़ती वारदातों पर चिंता जताते हुए इसे न्यून स्तर पर लाने पर जोर दिया। इस दौरान वन सुरक्षा को लेकर पर्याप्त स्टाफ की नियुक्ति पर भी चर्चा हुई। बैठक में विधायक कालाढूंगी बंशीधर भगत, विधायक रामनगर दीवान सिंह बिष्ट, मुख्य वन संरक्षक कुमाऊं, सीटीआर निदेशक, रामनगर वन प्रभाग और तराई पश्चिमी वन प्रभाग के डीएफओ आदि मौजूद रहे।


गर्जिया गेस्ट हाउस में अधिकारियों की बैठक लेते वन मंत्री उनियाल। ● अमृत विचार


हल्द्वानी पहुंचने पर वन मंत्री का स्वागत करते महेश शर्मा व अन्य। ● अमृत विचार

### मोदी-धामी के नेतृत्व में हो रहा चहुंमुखी विकास

**हल्द्वानी** : वन मंत्री सुबोध उनियाल रविवार को पूर्व दर्जा राज्य मंत्री महेश शर्मा के हिम्मतपुर तल्ला स्थित आवास पर पहुंचे। जहां भाजपा कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाओं से उनका स्वागत किया। वन मंत्री ने कहा कि देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में चहुंमुखी विकास हो रहा है। भविष्य में जंगलों में आग की घटनाओं को रोकने के लिए सरकार ठोस नीति बना रही है। इस अवसर पर महेन्द्र अधिकारी, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष कमलेश शर्मा पूरन सिंह खनी, प्रमोद पंत, गोविंद सिंह भर्ती, चन्दू आर्य, मोहन सिंह नेगी, कुन्दन सिंह बोहरा, बिजय सिंह, बालम बिष्ट आदि थे।

# कोल्डड्रिंक से लदी पिकअप चोरी, ढाई घंटे में की बरामद

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार** : पुलिस ने कोल्डड्रिंक से लदी पिकअप के चोरी होने के ढाई घंटे बाद ही पिकअप को मय चोर के बरामद कर लिया। पिकअप में कोल्डड्रिंक के 31 केस लदे थे। बीरोंखाल पौड़ी जनपद निवासी शिवदर्शन सिंह पुत्र स्व. बलवंत सिंह ने तड़के 3 बजे कोतवाली में आकर बताया कि उसने अपनी पिकअप संख्या यूके 15-सीए 1384 को रात में एमपी इंटर कॉलेज के खेल मैदान पास खड़ी किया था।

तड़के जब वह वाहन से पहाड़ जाने को मौके पर पहुंचा तो वाहन गायब था। कोतवाल अरुण कुमार सैनी ने बताया कि पुलिस क्षेत्राधिकारी के निर्देशन में उन्होंने तत्काल टीम गठित की। पुलिस टीम ने सीसीटीवी फुटेजे और मुखबिर की सूचना पर पिकअप को रेलवे के खाली पड़े मैदान से बरामद किया। साथ ही आरोपी सूरज आर्या पुत्र प्रकाश चन्द्र आर्या निवासी टेडा रोड लखनपुर रामनगर को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया। टीम में वरिष्ठ उपनिरीक्षक द्वितीय मनोज नयाल, उपनिरीक्षक तारा सिंह राणा, का. महबूब आलम एवम विनोद कुमार शामिल रहे।


पिकअप के साथ पकड़ा गया आरोपी। ● अमृत विचार

## गेट बंद होने से ट्रक मालिकों में रोष

**हल्द्वानी, अमृत विचार** : देवभूमि ट्रक ओनर्स महासंघ की एक बैठक रविवार को ट्रांसपोर्ट नगर स्थित कार्यालय में हुई। जिसमें बीती रात ट्रांसपोर्ट नगर के तीनों गेटों को बंद करने पर ट्रक मालिकों ने रोष प्रकट किया। महासंघ ने इस मुद्दे पर सोमवार सिटी मजिस्ट्रेट ज्ञापन सौंपने का निर्णय लिया।

महासंघ अध्यक्ष राकेश जोशी ने बताया कि शनिवार की रात ट्रांसपोर्ट नगर में पुलिस चौकी की ओर से तीनों गेटों को बंद कर दिया गया था, जिससे कच्चे माल और अन्य वस्तुओं से भरे ट्रक अंदर ही खड़े रह गए। इससे व्यवसायियों को आर्थिक नुकसान हुआ है। उन्होंने कहा कि महासंघ इस प्रकार की कार्रवाई का विरोध करता है। बैठक में उमेश पांडे, दयाकिशन शर्मा, हरजीत सिंह चड्ढा, अमन कोहली, मोहन महतोलिया आदि मौजूद रहे।

### ईआरडीओ की बैठक में कई मुद्दों पर चर्चा

**रामनगर, अमृत विचार** : ईआरडीओ उत्तराखंड (रजि.) की कोर कमेटी की प्रथम बैठक में कई मुद्दों पर निर्णय लिये गये। इलैक्ट्रो होम्योपैथी रिसर्च एंड डबलपमेंट आर्गेनाइजेशन उत्तराखंड की पंजीकरण के उपरांत कोर कमेटी की प्रथम बैठक एक निजी होटल में प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सुरेश राजपूत की अध्यक्षता व डॉ. गणेश मेवाड़ी के संचालन में हुयी। बैठक में संगठन की जिला व नगर एवं ग्रामीण इकाईयों के लिये पदाधिकारियों को मनोनित किये जाने, सदस्यता अभियान शुरू किये जाने व पैथी के प्रचार व प्रसार को बढ़ावा दिये जाने तथा चैती मेला निशुल्क कैम्प की तर्ज पर अन्य जगहों पर समय-समय पर फ्री मेडिकल कैंप लगाये जाने सहित कई महत्वपूर्ण निर्णय लिये गये। बैठक में डॉ. सुरेश राजपूत, डॉ. जफर सैफी, एडवोकेट विशाल रस्तोगी (रामनगर), डॉ. गणेश मेवाड़ी (हल्द्वानी), डॉ. सुरेन्द्र सिंह प्रजापति (टनकपुर), डॉ. नवनीत जोशी, डॉ. अरविंद मण्डल (खटीमा), डॉ. आरपी सिंह सैनी, डॉ. आरके विश्नोई, डॉ. जैड रहमान, डॉ. वैभव शर्मा (काशीपुर) मौजूद रहे।


ईआरडीओ की बैठक में मौजूद लोग। ● अमृत विचार

परेशानी — वाहनों में किराया खर्च कर दूरदराज से पानी ढोने को हुए मजबूर, प्राकृतिक जल स्रोत भी सूखने के कगार पर पहुंचे

# बूंद-बूंद पानी के लिए मोहताज हुए मंडलकोट के ग्रामीण

संवाददाता, गरमपानी

**अमृत विचार** : समीपवर्ती मंडलकोट गांव में बूंद-बूंद पानी को हाहाकार मच गया है। गांव के नजदीक प्राकृतिक जल स्रोत भी सूखने के कगार पर पहुंच गया है। ग्रामीणों ने टैंकरों के जरिए गांव में जलापूर्ति की मांग उठाई है। साथ ही अनदेखी पर आंदोलन की चेतावनी दी है।

प्राकृतिक जल स्रोत में पानी कम होने से करीब पचास से ज्यादा परिवार परेशान हैं। बूंद-बूंद पानी को मोहताज हो चुके ग्रामीण वाहनों में किराया खर्च कर दूरदराज से पानी ढोने को मजबूर हो रहे हैं। हालात बिगड़ने से ग्रामीण परेशान हैं पर सुधलेवा कोई नहीं है। गर्मियों की शुरुआत में ही गांव में पानी को हाहाकार मच गया है, जबकि अभी ग्रीष्मकाल के दो से तीन महीने शेष हैं। गांव के राम सिंह, देवेन्द्र सिंह, कुन्दन सिंह, रणजीत सिंह बिष्ट, पान सिंह, मोहन सिंह, देव सिंह, गोधन सिंह, पूरन सिंह, प्रेमा देवी, मीना देवी, चम्पा देवी, कमला देवी, कौशल्या देवी आदि ने टैंकरों के जरिए पेयजल आपूर्ति करने की मांग उठाई है।


भीमताल में पानी के टैंकर का इंतजार करते बिलासपुर के ग्रामीण। ● अमृत विचार

### पेयजल लाइन में पानी न आने से ग्रामीण परेशान

**भीमताल, अमृत विचार** : जल संस्थान की पेयजल लाइन में पानी न आने से ग्राम बिलासपुर में अनुसूचित जाति के परिवार इन दिनों पानी की समस्या से जूझ रहे हैं। ग्रामीण रोजाना पांच घंटे कड़ी धूप में खड़े होकर टैंकर के आने का इंतजार करने को मजबूर हो रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि विभागीय पेयजल लाइन में कई दिनों से नाम मात्र पानी आ रहा है। एक संयोजन से एक बाल्टी भी पानी नहीं भर रहा है। मांग के अनुरूप नब्बे प्रतिशत भी पानी नहीं मिल पा रहा है। जबकि आसपास के व्यवसायिक प्रतिष्ठानों में पानी की आपूर्ति काफी हो रही है। उन्होंने जल संस्थान से पानी के टैंकरों के बजाय पेयजल लाइन में पानी उपलब्ध कराने की मांग की है।

### खैरना में पेयजल संकट के बीच टूटी पाइप लाइन

**गरमपानी** : खैरना बाजार क्षेत्र में पेयजल संकट के बीच पाइप लाइन टूट गई। देर शाम तक हाईवे पर पानी बहता रहा। पेयजल लाइन टूटने से क्षेत्र के लोगों की दिक्कतें और ज्यादा बढ़ गई हैं। व्यापारियों ने व्यवस्था दुरुस्त किए जाने की मांग उठाई है। हाईवे पर स्थित खैरना बाजार क्षेत्र के लोग लंबे समय से समुचित पेयजल आपूर्ति न होने से परेशान हैं। बाजार के कुछ हिस्से में तो पानी की बूंद तक नहीं टपक रही। क्षेत्र के लोग दूरदराज का रुख करने को मजबूर हैं।

## बमस्यूं में आग की लपटों से घिरा मकान

**गरमपानी** : बमस्यूं क्षेत्र में जंगल से धधकी आग की लपटें आवासीय भवन के नजदीक पहुंचने से अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीणों ने दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। गनीमत रही की समय रहते आग पर काबू पा लिया गया। अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था।

खैरना-रानीखेत स्टेट हाईवे पर बमस्यूं क्षेत्र में कुंजगढ़ नदी से सटी पहाड़ी में धधकी आग विकराल होती चली गई। धीरे-धीरे आग की लपटें स्थानीय चंदन सिंह के मकान के नजदीक पहुंचने लगी। जिससे हड़कंप मच गया। ग्रामीणों ने बगैर समय गवांए आग बुझाने को अभियान शुरु किया। करीब दो घंटे तक आग से जुझने के बाद बमुश्किल ग्रामीण आग पर काबू पाने में सफल हो सके।

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
• बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
• बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
• बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
• बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
• बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
• एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
• मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
• मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज
• बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
• डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
• डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)

# नगर क्षेत्र का 'तमगा' तो मिला पर हालात आज भी गांव जैसे

## बिठौरिया पश्चिम वार्ड 46 का हाल :- कॉलोनियों में सड़कें टूटी, कई स्थानों पर स्ट्रीट लाइट नहीं

**मुख्य कॉलोनियां :-** प्रताप पुरम, हर्ष विहार, ईश्वर विहार, बागनाथ कॉलोनी, सर्वोदय कॉलोनी, मालती विहार, लाल सिंह कॉलोनी, ठाकुर विहार, सोल्जर कॉलोनी आदि।

**जनसंख्या: 06 हजार पांच सौ | मतदाता: 05 हजार पांच सौ**

वार्ड परिक्रमा

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** बिठौरिया पश्चिम वार्ड 46 के लोगों को नगर निगम में शामिल होकर कोई लाभ नहीं मिला है। वार्ड को नगर क्षेत्र में शामिल होने का तमगा जरूर मिला, लेकिन हालात आज भी गांव जैसे हैं। वार्ड की अधिकतर कॉलोनियों में सड़कें टूटी हैं। बागनाथ कॉलोनी, ईश्वर विहार, लाल सिंह कॉलोनी, मालती विहार आदि क्षेत्रों में सड़कों की हालत खराब है।

वार्ड में पेयजल की भी समुचित व्यवस्था नहीं है। अधिकतर कॉलोनियों में गौला नदी से पेयजल आपूर्ति होती है। बरसात के दिनों में गौला नदी का पानी गंदा होने से पेयजल संकट गहरा जाता है। लोगों ने बताया कि चौफुला चौराहे पर ट्यूबवेल लगा है, लेकिन इससे पानी की सप्लाई ठीक से नहीं होती है। लाल सिंह कॉलोनी, इंद्र विहार, नारायण नगर आदि में पानी की खासी दिक्कत है। कई क्षेत्रों के लोगों को टैंकर के पानी से प्यास बुझानी पड़ती है। नगर निगम में शामिल होने के बाद स्ट्रीट लाइट व साफ-सफाई की सुविधा जरूर मिली है। नगर निगम की कूड़ा गाड़ी एक दिन छोड़कर कॉलोनियों में पहुंचती है।

साफ-सफाई के लिए वार्ड में नगर निगम के 9 कर्मचारी नियुक्त हैं। ईश्वर विहार सहित कुछ कॉलोनियों में कई जगहों पर स्ट्रीट लाइट नहीं लगने से अब भी अंधेरा रहता है। क्षेत्र के निवर्तमान पार्षद गोपाल बिष्ट के कार्यों से लोग खुश नहीं हैं। उनका कहना है कि पार्षद अपने कारोबार में व्यस्थ रहे और उन्होंने वार्ड की ओर ध्यान नहीं दिया। गोपाल बिष्ट का कहना है कि वार्ड में 60 प्रतिशत सड़कें बन गई हैं।





बिठौरिया पश्चिम वार्ड 46 में कृष्णा विहार के निकट नाली न होने से सड़क पर बहता पानी, पेयजल लाइन लीक होने से टूटी सड़क, डामर उखड़ने से बदहाल हो चुकी सड़क। ● अमृत विचार

### लोगों से बातचीत



पार्षद ने कोई काम नहीं किया। विधायक निधि से कई सड़कें बनी हैं। देवकी विहार-2 में 15 साल से सड़क नहीं बनी है। पेयजल लाइन नई पड़ी है।
**-पीसी बिष्ट**



पार्षद की निष्क्रियता से लोग नाराज हैं। गैर वैशाली व वार्ड की अधिकतर सड़कें खराब हैं। सड़कों पर सिर्फ पैच वर्क किया गया है। स्ट्रीट लाइटें जरूर लगी हैं।
**-तारा कांडपाल**



ठाकुर विहार में सड़कें विधायक निधि से बनी हैं। कई जगहों पर पुलिया ऊंची बना दी गई हैं। स्ट्रीट लाइट से लोगों को सुविधा हुई है, बाकी कोई सुधार नहीं है।
**-मनोज सिंह**



वार्ड की सड़कों का हाल बुरा है। नगर निगम में शामिल होने के बावजूद यहां के हालात नहीं बदले हैं। लोग अपने आपको ठगा सा महसूस कर रहे हैं।
**-रोहित शाह**



बागनाथ कॉलोनी में कई गलियों की सड़कों की हालत खराब है। बनी हुई सड़कें तक टूट गई हैं। सिर्फ स्ट्रीट लाइटें लगी हैं, बाकि ग्राम सभा के समय जैसा है।
**-जय सिंह बिष्ट**



बागनाथ कॉलोनी की मुख्य सड़क खराब हो चुकी है। 11 हजार वोल्टेज की लाइन काफी नीचे है, जिससे कभी भी हादसा हो सकता है। इसे हटाया जाना चाहिए।
**-प्रताप सिंह**

## सार-संक्षेप

### समीक्षा बैठक में कई मुद्दों पर हुई चर्चा

**हल्द्वानी :** रोडवेज बस स्टेशन स्थित प्रधान डाकघर कार्यालय में रविवार को समीक्षा बैठक हुई। जिसमें जनपद के सभी डाकघरों के पोस्टमास्टर मौजूद रहे। बैठक में प्रवर अधीक्षक डाकघर नैनीताल जितेंद्र सिंह ने डाकघर योजनाओं का लाभार्थियों को लाभ देने, कितना व्यापार हुआ एवं रखरखाव की व्यवस्था से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। साथ ही बेहतर व उकृष्ट कार्य करने वाले पोस्टमास्टरों को भी पुरस्कृत किया। इस मौके पर सुमन पाठक, गुलजार हसन, दयाल राम समेत कई लोग मौजूद रहे।

### सीएनजी बस की बैट्री फटने से मची अफरा-तफरी

**हल्द्वानी :** रोडवेज बस स्टेशन में रविवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई जब एक सीएनजी बस की बैट्री फट गई। दिल्ली जाने के लिए बस स्टेशन में खड़ी थी तभी तेज धमाका हुआ। बस की आगे वाली सीट के नीचे रखी बैट्री उखड़कर बस की छत से जा टकराई। गनीमत रही कि बस में कोई यात्री नहीं था। कर्मचारियों ने धक्का लगाकर बस को किनारे लगाया। बस के परिचालक हेमंत मेहरा ने बताया कि बैट्री फटने से किसी प्रकार का नुकसान नहीं हुआ है। इधर, कर्मचारी संगठनों ने अनुबंधित बसों के रख-रखाव पर सवाल खड़े गये हैं।

### रूपेंद्र कराटे फाउंडेशन के प्रदेश अध्यक्ष बने



रूपेंद्र नागर।

**हल्द्वानी :** शिव सेना के प्रदेश उप प्रमुख रूपेंद्र नागर कियो किशन कराटे फाउंडेशन ऑफ इंडिया के उत्तराखंड प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त हुए हैं। उनकी नियुक्ति फाउंडेशन के राष्ट्रीय चेयरमैन डायरेक्टर सियान बसंत कुमार सिंह ने की है। नागर ने बताया कि यह जापान की एक मार्शल आर्ट कला है। अब उत्तराखंड में भी इस खेल को बढ़ावा दिया जाएगा। उनकी नियुक्त पर विधायक सुमित हृदयेश, डॉ. मोहन सिंह बिष्ट, राम सिंह कैड़ा, शिवसेना प्रदेश अध्यक्ष गौरव कुमार, रेनू अधिकारी, देवेन्द्र चुनौतिया, राज्य मंत्री दिनेश आर्य, कमल पपनै ने बधाई दी है।

### 522 युवाओं ने दी औषधि निरीक्षक की परीक्षा

**हल्द्वानी :** औषधि निरीक्षक की परीक्षा रविवार को जिले में शांतिपूर्वक संपन्न हुई। उत्तराखंड लोक सेवा आयोग की ओर से सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक परीक्षा आयोजित की गई। शहर में इसके लिए गुरु तेग बहादुर पब्लिक स्कूल और खालसा नेशनल बालिका इंटर कॉलेज में केंद्र बनाया गया था। परीक्षा में कुल 753 पंजीकृत थे, जिसमें 522 ने परीक्षा दी। जबकि 231 अनुपस्थित रहे। परीक्षा नोडल अधिकारी एडीएम फिंचाराम चौहान ने बताया कि परीक्षा शांतिपूर्वक संपन्न हुई।

## सार-संक्षेप



अष्टभूमिया मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम पर कलश यात्रा निकालते हुए।

### अष्टभुजा शिव भूमिया मंदिर में हुई प्राण प्रतिष्ठा

**हल्द्वानी :** जयपुर पाडली स्थित अष्टभुजा शिव भूमिया देवी मंदिर में रविवार को बजरंग बली हनुमान की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की गई। मंदिर में तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम किया जा रहा है। मंदिर कमेटी के अध्यक्ष सुरेश पडलिया ने बताया कि मंगलवार को भंडारे के साथ कार्यक्रम का समापन होगा। इससे पूर्व मंदिर प्रांगण से सुबह कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें क्षेत्र की सैकड़ों महिलाएं पारंपरिक परिधान में शामिल रहीं। इस मौके पर घनश्याम पड़लिया, ग्राम प्रधान कमल पड़लिया, कमलकांत पड़लिया, विनोद पड़लिया, चंदन पड़लिया, विनोद पड़लिया, दिनेश पड़लिया मौजूद रहे।

### रामपाल सिंह बने अध्यक्ष

**हल्द्वानी :** रोडवेज स्टेशन में रविवार को एससी-एसटी श्रमिक संघ की क्षेत्रीय कार्यकारिणी का चुनाव हुआ। चुनाव बीसी आर्य और प्रताप सिंह की देखरेख में संपन्न हुआ। कार्यकारिणी में किशन चंद को संरक्षक, रामपाल सिंह अध्यक्ष, यशपाल और देवलाल उपाध्यक्ष, भगवान दास क्षेत्रीय मंत्री और हरीश कुमार संयुक्त मंत्री चुने गए। इस दौरान हरीश चंद्र आर्य, किशन राम, पूरन राम, गणेश, रामचंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

### ट्रायल में 40 खिलाड़ियों ने किया प्रतिभाग

**हल्द्वानी :** क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड की ओर से अल्मोड़ा जिले के अंडर-16 बालक वर्ग का ट्रायल रानीखेत के नर सिंह मैदान में किया गया। एसोसिएशन के उपाध्यक्ष हेमंत बिष्ट ने बताया कि ट्रायल में 40 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। इसमें चयनित खिलाड़ी राज्य स्तरीय चयन प्रक्रिया में शामिल होंगे।

### बेस्ट टूरिज्म विलेज प्रतियागिता में सरमोली गांव को मिला गोल्ड

**अल्मोड़ा :** पर्यटन मंत्रालय भारत सरकार द्वारा वर्ष 2023 में आयोजित की गई बेस्ट टूरिज्म विलेज प्रतियोगिता के अंतर्गत सीमांत जिले पिथौरागढ़ के सुरमोली गांव को गोल्ड श्रेणी में चयनित कर सम्मानित किया है। जिसके बाद फेम टुअर दल के 18 सदस्यों ने यहां का भ्रमण किया और यहां की सभ्यता और संस्कृति के बारे में जानकारी हासिल की। फेम टुअर दल का भ्रमण कार्यक्रम उत्तराखंड पर्यटन की अपर निदेशक पूनम चंद के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ। इस दल ने हल्द्वानी से अपनी यात्रा शुरू करते हुए 14 मई को चौकोड़ी में रात्रि विश्राम किया। पंद्रह मई को यह दल मुनस्यारी पहुंचा। पंद्रह और सोलह मई को दल के सदस्यों ने सुरमोली और मुनस्यारी के नंदा देवी मंदिर, ट्राईबल हैरिटेज म्यूजियम, मैंसर कुंड आदि स्थानों का भ्रमण कर यहां के धार्मिक और आध्यात्मिक पर्यटन को आत्मसात किया। अपर निदेशक पूनम चंद्र ने दल के सदस्यों को जानकारी देते हुए बताया कि कैसे वर्तमान समय में होम स्टे की अवधारणा उत्तराखंड में आजीविका के स्रोतों को बढ़ा रही है और स्थानीय स्तर पर स्वरोजगार की असीम संभावनाओं को पैदा करते हुए पर्यटकों को आकर्षित कर रही है।

## रानीखेत एक्सप्रेस ट्रेन का 28 से बदलेगा रूट

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** उत्तर पश्चिम रेलवे के सायन स्टेशन पर इंजीनियरिंग कार्य के चलते काठगोदाम व जैसलमेर के बीच चलने वाली रानीखेत एक्सप्रेस के रूट में बदलाव किया गया है।

इज्जतनगर मंडल के पीआरओ राजेन्द्र सिंह ने बताया कि 28 मई को रानीखेत एक्सप्रेस निर्धारित मार्ग रेवाड़ी-अलवर-जयपुर-फुलेरा के स्थान पर परिवर्तित मार्ग रेवाड़ी-रिंगस-फुलेरा के ट्रेक पर चलाई जायेगी। परिवर्तित मार्ग पर इस गाड़ी का ठहराव रेनवाल, रिंगस, श्री माधोपुर, नीमा का थाना, नारनौल, फुलेरा स्टेशनों पर होगा। 29 मई को वापसी में भी यही रूट रहेगा। राजेन्द्र सिंह ने रूट के हिसाब के यात्रा प्लान करने की अपील लोगों से की है।

# बीवी ने लौटने से किया इंकार तो खुद को लगा ली आग

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** नाराज पत्नी को ससुराल लेने पहुंचे पति ने खुद को पेट्रोल डाल कर आग लगा ली। युवक को धधकता देख ससुरालियों के होश फाख्ता हो गए। किसी तरह आग बुझाकर ससुरालियों ने उसे डॉ. सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय पहुंचाया। वह आधे से ज्यादा जल चुका है और आईसीयू में उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है।

मंडी पुलिस चौकी क्षेत्र की नीलांचल कॉलोनी फेज दो निवासी विशाल मौर्या यहां अपनी पत्नी किरन, मां व परिवार के अन्य सदस्यों के साथ रहता है। विशाल के भाई के मुताबिक कुछ दिन पूर्व किरन का अपनी सास से विवाद हो गया था। इससे नाराज किरन ने अपने भाई को बुलाया और मायके चली गई। पिछले तीन दिनों से विशाल लगातार नाराज पत्नी को मनाने की कोशिश कर रहा था। बात नहीं बनी तो शनिवार को वह ससुराल पहुंच गया। यहां उसका पत्नी और सुसारियों से विवाद हो गया। पत्नी ने उसके साथ लौटने से इनकार कर दिया। इससे नाराज विशाल ने ससुरालियों के सामने ही खुद पर पेट्रोल डाला और पत्नी के न लौटने पर आग लगाने की धमकी देने लगा। पत्नी फिर भी नहीं मानी तो उसने खुद को आग लगा ली। वह धू-धूकर जलने लगा। इससे ससुरालियों में हड़कंप मच गया। उन्होंने किसी तरह आग पर काबू पाया गया और उसे अस्पताल पहुंचाया। चिकित्सकों ने मुताबिक विशाल लगभग 50 प्रतिशत तक जल चुका और आईसीयू में उसका उपचार चल रहा है। कोतवाल उमेश कुमार मलिक का कहना है कि युवक ने खुद आग लगाई है। घायल व उसकी पत्नी के बयान दर्ज कर लिए गए हैं। युवक की हालत नाजुक बनी हुई है।



एसटीएच में भर्ती विशाल। ● अमृत विचार

### साले ने पीटा, अपनी बाइक से निकाला पेट्रोल

**हल्द्वानी** विशाल की मानें तो वह विवाद नहीं चाहता था। अपनी पत्नी को मना कर घर वापस ले जाने के लिए ससुराल गया था। हालांकि पत्नी ने आने से मना कर दिया। उसने जोर दिया तो साले ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। पत्नी के इनकार और ससुरालियों के सामने हुई पिटाई से उसने बेइज्जती महसूस की। जिसके बाद उसने बाइक से पेट्रोल निकाला और अपने ऊपर उड़ेल कर आग लगा ली।

### सास ने दाल बनाने को कहा तो नाराज हो गई बहू

**हल्द्वानी :** विशाल मौर्या की शादी चार माह पहले तीनपानी खन्ना फार्म के पास रहने वाली किरन से हुई थी। अस्पताल में भर्ती विशाल ने बताया कि छह दिन पहले उसकी मां की तबीयत खराब हुई थी। मां ने पत्नी से दाल बनाने को कहा था। इस पर वह नाराज हो गई। पत्नी ने फोन कर अपने भाई को बुलाया और मायके चली गई।

### हालत गंभीर

- पेट्रोल डालकर ससुराल पहुंचा युवक, आधे से ज्यादा जला
- ससुरालियों ने बुझाई आग, एसटीएच के आईसीयू में युवक की गंभीर हालत

### छह घंटे बाद दी घायल के परिवार को खबर

**हल्द्वानी :** विशाल के पिता का कहना है कि उनके बेटे को बहू परेशान कर रही थी। जबकि शादी को सिर्फ चार माह हुए थे और बेटे पर तलाक देने का दबाव बनाया जा रहा था। आरोप है कि आग लगाने की घटना शनिवार दोपहर दो बजे की है। इतनी बड़ी घटना हुई, लेकिन न तो बहू ने इसकी सूचना दी और न उसके परिवार के अन्य सदस्य ने। उन्हें रात आठ बजे पता चला तो अस्पताल पहुंचे।



नैनीताल जाने वाले यात्रियों की रोडवेज स्टेशन में रही भीड़। ● अमृत विचार

## बस अड्डे पर नैनीताल के यात्रियों की उमड़ी भीड़

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** पर्यटक सीजन के चलते हल्द्वानी बस स्टेशन पर हल्द्वानी से नैनीताल के लिए बसों की संख्या में कमी देखी जा रही है। स्टेशन पर बस आते ही यात्री सीट के लिए बस पर टूट रहे हैं। यात्रियों की संख्या के हिसाब से बसों की कमी से लोग परेशान हैं। कई यात्री निगम की नियमित सेवा नैनीताल के लिए न होने से नाराज हैं। वहीं कैचीं धाम के लिए भी नियमित सेवा न होने से श्रद्धालु काफी परेशान हैं। 8 महीने पूर्व काठगोदाम डिपो ने कैंची धाम के लिए नियमित बस सेवा चलाई थी लेकिन वो बस सेवा अब बंद कर दी गई है।

## जाम से मुक्ति के लिए किया जागरूक

**हल्द्वानी :** सड़कों को जाम से मुक्त रखने के लिए हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। क्षेत्रीय संघर्ष समिति के लोगों ने तिकोनिया स्थित बुद्ध पार्क में हस्ताक्षर अभियान चलाया।

इस दौरान समिति के संयोजक ललित जोशी ने बताया कि कुमाऊं का प्रवेश द्वार जामनगर बन गया है। जिसके पुनर्नियोजन की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि लोगों को जागरूक करने के लिए हर सप्ताह हस्ताक्षर अभियान चलाया जाएगा। कहा कि गौला बाईपास से गुलाब घाटी तक सड़क चौड़ीकरण किया जाना चाहिए। यहां शोभा बिष्ट, राहुल छिमवाल, मयंक भट्ट, विवेक भट्ट, नितिन भट्ट, गौरवराज, शेखर रावत, धर्मेंद्र नेगी, सुशील डूंगरकोटी , हेमंत साहू, कमरजहां रहे।

# भाजपा को हार का डर : माहरा

- महंगाई, बेरोजगारी, अंकिता हत्याकांड जैसे मुद्दों से लोगों में है आक्रोश

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** राज्य में निकाय चुनाव फिर टलने के आसार दिख रहे हैं। विपक्ष का आरोप है कि सरकार चुनाव से डर रही है, इसलिए तय समय पर चुनाव करवाने की बजाए इसे आगे बढ़ रही है। हाईकोर्ट में सरकार के अगले हलफनामे के बाद विपक्ष अपनी रणनीति तय करेगा।

राज्य में निकायों का कार्यकाल पिछले साल 2 दिसंबर को खत्म हो चुका था, जिसके बाद राज्य सरकार ने निकायों में छह महीने के लिए प्रशासक बैठा दिए। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने कहा कि भाजपा सरकार की नीयत ठीक नहीं है, वह चुनाव करवाना ही नहीं चाहती है। तय समय पर चुनाव कराने को लेकर सरकार ने कोर्ट में दो बार हलफनामा दिया, इसके बावजूद चुनाव आगे बढ़ाए जा रहे हैं। लोकसभा चुनाव में मतदान को लेकर सरकार चिंतित है। लोगों में भाजपा सरकार के प्रति भारी नाराजगी है। महंगाई, बेरोजगारी, अंकिता हत्याकांड जैसे मुद्दों से लोगों में काफी गुस्सा है। कहा कि आगामी तारीख में सरकार हाईकोर्ट में क्या हलफनामा पेश करती है, इसे देखते हुए कांग्रेस आगे की रणनीति बनाएगी। राज्य में निकाय चुनाव समय पर नहीं होने पर हाईकोर्ट में याचिका डाली गई थी, जिस पर हाईकोर्ट ने भी सख्त रुख अपनाते हुए प्रशासकों का कार्यकाल खत्म होने से पहले सरकार को निकाय चुनाव कराने को लेकर आदेश दिया था।

इस पर सरकार ने कोर्ट में हलफनामा दिया कि 2 जून से पहले निकाय चुनाव करा लिए जाएंगे, लेकिन अब ऐसी स्थिति बनती नजर नहीं आ रही है। हाल ही में शहरी विकास मंत्री प्रेमचंद्र अग्रवाल ने 2 जून तक चुनाव नहीं कराने को संवैधानिक बाध्यता बताया है। उनका कहना है कि लोकसभा चुनाव की आचार संहिता लागू रहने से निकाय चुनाव नहीं हो पाएंगे, क्योंकि आचार संहिता 6 जून तक लागू रहेगी, जबकि प्रशासकों का समय 2 जून को खत्म हो रहा है। प्रशासकों का समय बढ़ाना सरकार की मजबूरी है।

**गर्मी का असर** — भीषण गर्मी के चलते खरीदारी के लिए बाजारों में ्ाने से बच रहे लोग, व्यापारी बोले-शादी का सीजन भी रहा फीका

# पारा चढ़ने से शहर में 'ठंडा' हुआ व्यापार, बाजारों से रौनक गायब

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** भीषण गर्मी का असर बाजार पर भी दिखने लगा है। गर्मी के कारण बाजार में कारोबार पूरी तरह से ठंडा पड़ गया है। बाजार से रौनक गायब हो गई है। सुबह से लेकर शाम तक व्यापारी ग्राहकों के आने के इंतजार में दुकानों पर बैठे रहते हैं।

इस बार गर्मी ने पिछले कई रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। तापमान 41 डिग्री को पार कर चुका है, जिसका असर बाजार पर पड़ रहा है। इस वर्ष गर्मी में विवाह के लगन भी पिछले वर्ष की तुलना में कम रहे। जिस कारण शादी-विवाह से संबंधित सामान की बिक्री काफी कम हुई। दुकानदारों ने बताया कि आने वाले 3 से 4 माह व्यापार के लिहाज से हल्के रहने वाले हैं। गर्मी के कारण ग्राहक दिन के समय खरीदारी के लिए नहीं निकल रहे हैं। शाम को केवल जरूरी सामान की खरीदारी करने ही बाजार में आ रहे हैं। ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर लोग अधिक खरीदारी कर रहे हैं। जिसका सीधा असर बाजार पर पड़ रहा है।

इलेक्ट्रॉनिक्स बाजार की बात करें तो हर साल गर्मी के मौसम में बिक्री बढ़ती है, लेकिन इस बार अभी तक सामान्य बिक्री हुई है। बढ़ती गर्मी की तुलना में फ्रिज, कूलर, एसी, पंखा आदि की खरीदारी नहीं बढ़ी है। मध्यम वर्गीय लोग कूलर की खरीदारी कर रहे हैं।



रविवार की दोपहर तेज गर्मी और धूप के चलते बाजार में पसरा सन्नाटा। ● अमृत विचार


### मुख्य बाजार क्षेत्र में नहीं लगा है प्याऊ

बाजार में खरीदारी करने के लिए आ रहे लोगों को पानी तक नसीब नहीं हो रहा है। दुकानदारों ने बताया कि अग्रवाल समाज की ओर से पूर्व में मीरा मार्ग स्थित मस्जिद के पास प्याऊ की व्यवस्था की गई थी, लेकिन 2-3 साल से यहां अतिक्रमण हो गया है। जिससे लोग इसका उपयोग नहीं कर पा रहे हैं। नगर निगम और प्रशासन की तरफ से भी पीने के पानी के लिए कोई व्यवस्था नहीं की गई है।

### बोले दुकानदार



इस सीजन बहुत कम व्यापार हुआ। बरसात के बाद ही व्यापार होने की उम्मीद है। लगन कम होने के कारण शादी के सीजन में भी व्यापार कम हुआ है। जाड़ों में शादियां अधिक हैं, जिससे व्यापार अच्छा होने की उम्मीद है।
**- सर्वेश अग्रवाल, नया बाजार**



गर्मियों में हर साल बिक्री बढ़ती है, लेकिन इस बार कामकाज हल्का है। लोग 25 से 30 और 80 से 90 लीटर क्षमता का कूलर ही खरीद रहे हैं। शादियों के सीजन में भी इस साल बिक्री में गिरावट देखने को मिली।
**-पारस शर्मा, नया बाजार**



शाम को केवल जरूरी सामान की खरीदारी करने के लिए लोग बाजार आ रहे हैं। पिछले सालों की तुलना में व्यापार काफी प्रभावित हुआ है। नवरात्र से बाजार में रौनक देखने को मिलेगी। **- समर सरताज, नया बाजार**



गर्मी बढ़ते जा रही है, लेकिन बाजार की रौनक कम हो रही है। ग्राहक खरीदारी के लिए नहीं आ रहे हैं। गर्मी का व्यापार पर बहुत असर पड़ा है। बाजार में प्याऊ की व्यवस्था भी नहीं है। **-शंकर वर्मा, मीरा मार्ग**

# कई घरों के नलों में नहीं पहुंच रहा पानी

- 2 से 3 दिनों बाद भी पानी की शिकायतों का नहीं हो रहा निस्तारण

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** शहर के कई घरों के नलों में पानी नहीं पहुंचने से लोग परेशान हैं। पानी से संबंधित शिकायत करने के बाद भी लोगों को समाधान नहीं मिल पा रहा है।

बढ़ते तापमान व गर्मी के प्रकोप के चलते पेयजल संकट भी गहराने लगा है। जलसंस्थान के शिकायती कंट्रोल रूम से लोगों की पानी की शिकायतें पहुंच रही हैं। बड़ी मुखानी के पंचशील कॉलोनी निवासी आरसी भट्ट ने बताया कि उनके घर में बीत 2 दिनों से पानी नहीं आ रहा है। देवलचौड़ के उत्तम कॉलोनी निवासी विनय खंडूरी ने बताया कि उनके घर में पेयजल लाइन से पानी का प्रेशर न आने के चलते बीते कई दिनों से पानी की दिक्कत बनी हुई है। जज फार्म निवासी राजेंद्र सिंह बिष्ट ने बताया कि पानी नहीं आने की शिकायत दर्ज कराई है, लेकिन अभी तक समस्या का समाधान नहीं हो पाया है। पानी की शिकायतों के लिए जलसंस्थान ने शिकायत कंट्रोल रूम की स्थापना की हुई है, लेकिन इन शिकायतों का हल निकालने में जलसंस्थान गंभीर नहीं है। इधर जलसंस्थान के ईई आरएस लोशाली ने बताया कि दमुवाढूंगा, शांतिनगर, बच्चीनगर, भगवानपुर, बजूनिया हल्दू, राजपुरा, गौलागेट में टैंकरों से पानी बांटा जा रहा है।

## सार-संक्षेप



छात्रा को स्मृति चिह्न भेंट करते निवर्तमान पार्षद सुरेश गौरी व अन्य।

### 92.6 प्रतिशत अंक प्राप्त करने पर आकांक्षा सम्मानित

**रुद्रपुर :** पंतनगर कैंपस स्कूल की इंटरमीडिएट की छात्रा आकांक्षा श्रीवास्तव ने सीबीएसई में 92 .6 प्रतिशत अंक प्राप्त किये। भाजपा नेता व निवर्तमान पार्षद सुरेश गौरी ने उनके आवास नगला पहुंचकर छात्रा को स्मृति चिह्न भेंट कर शुभकामनाएं दीं। साथ ही उज्ज्वल भविष्य की कामना की। रविवार को भाजपा नेता सुरेश गौरी ने कहा कि आज के बच्चे कल का भविष्य हैं और यह उज्जवल भारत निर्माण के साक्षी बनेंगे। उन्होंने कहा कि आज का युवा शिक्षा के क्षेत्र में प्रगति कर रहा है जो भारत वर्ष के लिए अच्छा संकेत है। इस अवसर पर केपी श्रीवास्तव, पूनम श्रीवास्तव, राज्य आंदोलनकारी हरीश जोशी, नेहा यादव, नंदलाल, दिवाकर शाह, पुष्पेंद्र तोमर आदि लोग मौजूद रहे।

### झोपड़ी में लगी आग पर एसएसबी के जवानों ने काबू पाया

**खटीमा :** भारत–नेपाल सीमा पर स्थित मेलाघाट गांव निवासी रघुवंशी की झोपड़ी में रखी जलौनी की लकड़ी में रविवार को अचानक आग लग गई। आग लगने की सूचना मिलते ही सीमा पर तैनात एसएसबी के कमांडेंट मनोहर लाल के निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक योगेश यादव जवानों के साथ मौके पर पहुंचे और जवानों ने आग पर काबू पाया। ग्रामीणों ने एसएसबी के जवानों की प्रशंसा की।

### वृद्ध संग मारपीट करने वाले दो भाई गिरफ्तार

**खटीमा :** पुलिस ने वृद्ध के साथ मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर देने वाले दोनों भाइयों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। ग्राम भुडाई निवासी आशीष ने कहा कि ग्राम भुड़ाई निवासी दो सगे भाइयों रोहित और सुनील ने हमला कर उसके पिता को घायल कर दिया था। थानाध्यक्ष अनिल जोशी ने मामले की जांच उपनिरीक्षक प्रदीप शर्मा को सौंपी। थानाध्यक्ष जोशी ने बताया कि आरोपियों को न्यायालय में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।



नेत्र जांच शिविर में आधुनिक मशीन से मरीजों की जांच करते चिकित्सक।

### 25 मोतियाबिंद मरीजों का होगा निशुल्क ऑपरेशन

**रुद्रपुर :** श्री खाटू श्याम सेवा मंडल आदर्श कॉलोनी घास मंडी और महाराजा अग्रसेन हॉस्पिटल के तत्वावधान में आदर्श कॉलोनी स्थित शहीद एकराम आर्या पार्क में नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया। जिसमें नेत्र चिकित्सकों की टीम ने आधुनिक मशीन से मरीजों की आंखें जांची और कई मरीजों को मोतियाबिंद और नाखून के ऑपरेशन के लिए चिह्नित किया। रविवार को शिविर का शुभारंभ वरिष्ठ समाजसेवी प्रकाश कौर, निवर्तमान रंजीत सागर, कांग्रेस नेता जितेंद्र शर्मा, भाजपा नेता अशोक सागर द्वारा फीता काटकर किया गया। इसके बाद नेत्र विशेषज्ञ डॉ .नूतन जैन और डॉ .प्रवीण पांडे ने अपनी टीम नफीस अहमद, प्रियंका, वीरपाल, सुमन और मनोज कुमार ने आधुनिक मशीनों से मरीजों की आंखें जांची और तमाम मरीजों को निशुल्क दवा व चश्मे वितरित किए। इसके अलावा 220 मरीजों में से 25 मरीजों को मोतियाबिंद और नाखून का ऑपरेशन के लिए चिह्नित किया। इस अवसर पर राजीव चावला, मनोज आर्या, विशाल कोली, हैप्पी चौहान, प्रताप बिष्ट, आनंद श्रीवास्तव, ऋषभ गुप्ता, उमेश सागर, सुमित आनंद, बंटी राजोरिया आदि मौजूद रहे।

### यात्रियों ने चलती ट्रेन से युवक को नीचे फेंका

**खटीमा :** टनकपुर की ओर जा रही ट्रेन में यात्रा कर रहे कुछ लोगों ने एक युवक को चलती ट्रेन से नीचे फेंक दिया जिससे वह घायल होकर बेहोश हो गया। उपचार के बाद होश में आए युवक के स्वयं को रामशाला बीसलपुर निवासी नितिन श्रीवास्तव ( 20 ) बताया। यह भी बताया कि वह टनकपुर में मजदूरी करने जा रहा था और बीसलपुर से टनकपुर के लिए ट्रेन में बैठा था। इसी बीच ट्रेन में कुछ युवकों ने उसके साथ मारपीट की और उसका मोबाइल, नगदी व सामान छीन लिया और उसे चलती ट्रेन से नीचे फेंक दिया। चिकित्सकों ने युवक का उपचार करने के बाद हालत सामान्य होने पर छुट्टी दे दी। सूचना मिलने पर युवक के जीजा महेश व बहन प्रीति अस्पताल पहुंचे। इससे पूर्व ही नितिन वहां से जा चुका था। इधर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### कार चालक पर टक्कर मारने का आरोप

**किच्छा :** कार चालक पर लापरवाही एवं तीव्र गति से वाहन चलाकर पति को घायल करने का आरोप लगाते हुए पीड़िता पत्नी ने पुलिस को लिखित शिकायत देकर कार्रवाई किए जाने की गुहार लगाई है। महिला की शिकायत पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में निकट छोटी मस्जिद, वार्ड नंबर 13 निवासी सबिया परवीन पत्नी इरशाद ने बताया कि विगत 13 मई की शाम करीब 8 बजे वह अपने पति इरशाद के साथ सिलाई किए हुए कपड़े देकर घर वापस आ रही थी। इसी दौरान रोडवेज बस स्टैंड के निकट पीछे से आ रही कार चालक ने तेजी एवं लापरवाही से कार चलाते हुए पति इरशाद को जोरदार टक्कर मार दी। घटना में पति गंभीर रूप से घायल हो गए और पति का दाहिना पैर तीन जगह से फैक्चर हो गया।

# तराई में पारा 40 डिग्री पार, गर्म हवा से लोग बेहाल

## मौसम वैज्ञानिकों ने आने वाले दिनों में इसी तरह की गर्मी पड़ने की जताई संभावना, दिन में लोग कम ही निकल रहे बाहर

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार :** तराई में पिछले एक सप्ताह से चल रहीं गर्म हवाओं के साथ चिलचिलाती धूप से लोगों को परेशारियों का सामना करना पड़ रहा है।

तापमान में भी लगातार वृद्धि होती जा रही है। वहीं मौसम वैज्ञानिकों ने अभी बारिश की कोई संभावना नहीं जतायी है। उन्होंने बताया कि आने वाले दिनों अभी गर्म हवाएं लोगों को और परेशान करेंगीं। यहां बता दें पिछले एक सप्ताह से तराई में अधिकतम तापमान 39 डिग्री से 41 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच रहा है। इससे लोगों को काफी परेशानी हो रही है, हालांकि लोग दिन में कम ही बाहर निकल रहे हैं। आवश्यक काम से लोग घरों से बाहर निकलने को मजबूर हैं। वहीं चिकित्सकों ने लोगों से बढ़ती गर्मी को देखते हुए लोगों से आवश्यकता पड़ने पर ही घरों से बाहर निकलने की अपील की है। जीबी पंत विश्वविद्यालय के मौसम वैज्ञानिक डॉ. आरके सिंह ने बताया कि रविवार को तराई का अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस रहा, जबकि न्यूनतम तापमान 27.4 डिग्री सेल्सियस रहा। वातावरण में नमी की मात्र 24 फीसदी और दक्षिण पूर्ण से 10.9 किमी. प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चली। उन्होंने बताया कि आने वाले दिनों में इसी तरह की गर्मी रहेगी।

**पिछले एक सप्ताह में कब कितना रहा तापमान**

| दिन | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| 19 मई | 40 .0 | 27 .4 |
| 18 मई | 41 .0 | 23 .6 |
| 17 मई | 41 .0 | 23 .6 |
| 16 मई | 40 .5 | 24 .0 |
| 15 मई | 39 .5 | 20 .4 |
| 14 मई | 35 .0 | 24 .3 |
| 13 मई | 36 .0 | 25 .1 |



### अगले चार दिन और गर्म रहेगा मौसम

**काशीपुर :** अगले चार दिन तराई का मौसम और गर्म रहने का पूर्वानुमान मौसम वैज्ञानिकों ने लगाया है। रविवार को तराई का अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस रहा| जिससे लोगों के पसीने छुट गए। वहीं तेज रफ़्तार से चल रही लू ने लोगों का घरों से निकलना दूभर कर दिया है। जीबी पंत विवि के मौसम वैज्ञानिक डॉ .आरके सिंह ने बताया कि रविवार को तराई का अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस रहा, जबकि न्यूनतम तापमान 27 .4 डिग्री सेल्सियस रहा। उन्होंने बताया कि 10 .9 किलोमीटर की रफ़्तार से तेज लू चलने से लोगों को अधिक गर्मी महसूस हुई। उन्होंने कहा कि अगले चार दिन मौसम गर्म रहेगा। तापमान में एक से दो डिग्री तक की बढ़ोतरी होने की सम्भावना भी जताई।



राहगीरों को शरबत वितरित करते अग्रवाल महिला समिति की पदाधिकारी। ● अमृत विचार

## गर्मी से राहत दिलाने के लिए लगाई छबील

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार :** लोगों को भीषण गर्मी से राहत दिलाने के लिए अग्रवाल महिला समिति के पदाधिकारियों ने काशीपुर बाईपास रोड स्थित अग्रवाल धर्मशाला के समीप छबील लगाकर राहगीरों को मीठा शरबत वितरित किया गया।

रविवार को समिति की अध्यक्ष सुषमा अग्रवाल ने बताया कि भीषण गर्मी और तेज धूप के चलते आम जनता परेशान है।

लोगों ने गर्मी से राहत दिलाने के लिए समिति ने राहगीरों को मीठा शरबत बांटने का निर्णय लिया, ताकि लोगों को थोड़ी बहुत राहत मिल सके। उन्होंने बताया कि अग्रवाल महिला समिति जनहित में समय-समय पर इसी तरह के कार्यक्रम आयोजित करती रहती है। इस अवसर पर समिति की महामंत्री प्रिया गर्ग, कोषाध्यक्ष ऊषा श्यामपुरिया, समिति के अध्यक्ष अर्जुन गुप्ता, महामंत्री अमित जैन, विजय अग्रवाल, विजय श्यामपुरिया, राजेंद्र ,अन्नु अग्रवाल, राधा अग्रवाल, ऊषा अग्रवाल, मोनिका बंसल आदि लोग मौजूद रहे।

## नहाते समय युवक सूखी नहर में डूबा

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचार:** दोस्तों के साथ नहाने गए एक युवक की सूखी नहर में डूबने से मौत हो गई।



मयंक बोरा। (फाइल फोटो)

रविवार सुबह नगरपालिका परिषद के वार्ड संख्या 11 राजीव नगर निवासी 19 वर्षीय मयंक बोरा पुत्र राजेन्द्र सिंह बोरा अपने दोस्तों को साथ लोहियाहेड शारदा नहर के बाईपास वाली सूखी नहर में नहाने गया था। जहां वह नहाते समय पानी के तेज बहाव में बह गया। साथियों के शोर मचाने पर नहर में नहा रहे इस्लाम नगर के युवक वहां पहुंच गए। युवकों ने नहर में डूबे मयंक को बमुश्किल बाहर निकाल लिया।

इधर सूचना पर लोहियाहेड पुलिस चौकी के उपनिरीक्षक प्रदीप शर्मा अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंच गए और युवक पुलिस के वाहन में रखकर उप जिला चिकित्सालय पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी में रखवा दिया है। मृतक मयंक घर का इकलौता था। उसकी छोटी बहन आंचल है। मौत की सूचना पर परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। मयंक ने पिछले वर्ष इंटर की परीक्षा पास की थी।

## 27 लाभार्थियों को वितरित किए कृत्रिम अंग

संवाददाता, रुद्रपुर




भारत विकास परिषद विवेकानंद शाखा की ओर से आयोजित दिव्यांग सहायता शिविर में मौजूद अतिथि और लाभार्थी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** भारत विकास परिषद विवेकानंद शाखा रुद्रपुर की ओर से दिव्यांग सहायता शिविर के 27 लाभार्थियों को कृत्रिम अंग वितरित किये गये। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि भारत विकास परिषद के रीजनल संयुक्त महासचिव नरेंद्र अरोरा, विशिष्ट अतिथि एसपी सिंघल, उद्योगपति राजेंद्र तुलस्यान, निवर्तमान मेयर रामपाल सिंह, शाखा अध्यक्ष हरीश ग्रोवर ने भारत माता और स्वामी विवेकानंद के चित्र पर दीप जलाकर और पुष्प अर्पित कर किया।

रविवार को सिटी क्लब में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर मुख्य अतिथि नरेंद्र अरोरा ने बताया कि भारत विकास परिषद द्वारा सेवा के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों में विवेकानंद शाखा द्वारा किया जा रहा दिव्यांग सहायता का यह कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण है। रुद्रपुर में स्थापित इस सेवा केंद्र के द्वारा आसपास के दिव्यांग जनों की बहुत सहायता की जा सकेगी। उन्होंने उपस्थित लोगों को नेत्रदान के विषय में भी जागरूक किया। विशिष्ट अतिथि एसपी सिंघल ने अपने संबोधन में विवेकानंद शाखा के सदस्यों की इस सेवा कार्य के लिए प्रशंसा की और हरसंभव सहयोग की घोषणा की।

कार्यक्रम में विवेकानंद शाखा के सेवा संयोजक अंकुर अग्रवाल ने बताया कि पूर्व में विवेकानंद शाखा की ओर से वर्ष 2016, 2019 और 2022 में तीन दिवसीय दिव्यांग सहायता शिविर आयोजित किए जाते रहे हैं। उन्होंने बताया कि अगस्त माह में अगला दिव्यांग सहायता शिविर प्रस्तावित है। जिसकी तिथि जल्द घोषित की जाएगी। इस अवसर पर शाखा अध्यक्ष हरीश ग्रोवर, संजय राधू, वीरेंद्र सुखीजा, दीपक अरोरा, राहुल सिंघल, कीर्ति निधि शर्मा, राजकुमार बिंदल, मनीष अग्रवाल, अशोक सिंघल, सुनीता खेड़ा, सीमा बिंदल समेत कई लोग मौजूद रहे।

### पूर्व पार्षद पर लगाया मारपीट का आरोप

**काशीपुर:** काशीपुर के मानपुर रोड पर गन्ने के जूस का ठेला लगाने वाले एक जूस विक्रेता ने पूर्व पार्षद पर अभद्रता व मारपीट का आरोप लगाया। साथ ही पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

राजकीय पॉलीटेक्निक संस्थान के पास निवासी आकाश पुत्र भोपाल सिंह ने पुलिस में तहरीर दी। तहरीर में उसने कहा कि वह मानपुर रोड तिराहा के पास गन्ने के जूस का ठेला लगाता है। रविवार की सुबह एक पूर्व पार्षद उससे चार गिलास गन्ने का जूस खरीद कर ले गया था। लगभग 20 मिनट बाद वह गन्ने का जूस को खराब बताते हुए उसे वापस करने आ गया। आरोप लगाया कि जब उसने जूस वापस करने से मना किया तो पूर्व पार्षद ने उसके साथ अभद्रता कर मारपीट की, जिसके बाद आसपास मौजूद लोगों ने बीचबचाव कराया।

## 40 माह बाद दर्ज हुआ बाइक चालक के खिलाफ मुकदमा

संवाददाता, किच्छा

**अमृत विचार:** दिसंबर 2020 में हुई सड़क दुर्घटना के मामले में न्यायालय के निर्देश पर पुलिस ने अज्ञात बाइक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। घटना में घायल हुए व्यक्ति का कई वर्षों से इलाज चल रहा है।

पीड़ित द्वारा न्यायालय में प्रार्थना पत्र दिए जाने के बाद न्यायालय के निर्देश पर पुलिस ने बाइक चालक के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी है। न्यायालय के निर्देश पर दर्ज रिपोर्ट में ग्राम खुनसरा, तहसील सितारगंज तथा वर्तमान में वार्ड नंबर 10, टीचर कॉलोनी, किच्छा निवासी देवी दास पुत्र बसंत राम ने बताया कि 10 दिसंबर 2020 की शाम करीब 6 बजे वह प्रेम दीप पैलेस के सामने सड़क किनारे खड़ा था। इसी दौरान बाइक के चालक ने बाइक को तेजी एवं लापरवाही से चलाते हुए सड़क किनारे खड़े पीड़ित को गलत दिशा में आकर जोरदार टक्कर मार दी। घटना में पीड़ित देवीदास की बायीं जांघ की हड्डी फ्रैक्चर हो गई तथा जांघ की नस भी क्षतिग्रस्त हो गई। घटना के बाद बाइक चालक फरार हो गया तथा स्थानीय लोगों द्वारा परिजनों को सूचना देते हुए पीड़ित को इलाज के लिए सरकारी अस्पताल ले जाया गया। जहां से चिकित्सकों ने उसे गंभीर अवस्था में हायर सेंटर रेफर कर दिया। रुद्रपुर के चीमा अस्पताल, बेग अस्पताल बरेली, गंगाशील अस्पताल बरेली में कई महीने इलाज के बाद दिल्ली के संत परमानंद अस्पताल में पीड़ित का ऑपरेशन हुआ। इसके बाद अब पीड़ित के स्वास्थ्य में कुछ सुधार है। पीड़ित ने बताया कि घटना के दौरान उसके भाई हरीश राम ने 6 जनवरी 2021 को किच्छा कोतवाली एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को लिखित शिकायत देकर कार्रवाई किए जाने की गुहार लगाई थी, लेकिन कोई कार्रवाई न होने के चलते पीड़ित अब न्यायालय की शरण में आया है।

### जंतु विज्ञान विषय की प्रयोगात्मक परीक्षा कल

**बाजपुर:** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बाजपुर में बीएससी द्वितीय एवं तृतीय वर्ष के समस्त संस्थागत एवं पूर्व विद्यार्थियों की जंतु विज्ञान विषय की प्रयोगात्मक परीक्षा 21 मई को होगी। विभाग प्रभारी डा.अतुल उप्रेती ने बताया कि किसी भी कारणवश परीक्षा में अनुपस्थित रहने की दशा में पुनः परीक्षा कुमाऊं विश्वविद्यालय के नियमों एवं निर्देशों के अनुसार ही संभव हो पाएगी।

## विवि को नगला पालिका में मिलाने से रोष

संवाददाता, पंतनगर



डीएम उदयराज सिंह को ज्ञापन सौंपते यूकेडी के आनंद सिंह असगोला और एमसी पांडेय।

**अमृत विचार:** उत्तराखंड क्रांति दल (यूकेडी) के केंद्रीय उपाध्यक्ष आनंद सिंह असगोला और जिलाध्यक्ष एमसी पांडेय ने डीएम से मिलकर ज्ञापन सौंपा। जिसमें कहा कि नगला नगर पालिका में पंतनगर विवि को मिलाए जाने से विवि सहित शांतिपुरी, जवाहरनगर और बिंदुखत्ता के लोग नाराज हैं। यह लोग विवि को नगरपालिका में शामिल नहीं करने के लिए यूकेडी का साथ देने को तैयार हैं।

कहा कि पंतनगर विवि का विश्व में कृषि शिक्षा क्षेत्र अग्रणी नाम है। यहां देश भर से ही नहीं अन्य देशों से भी विधार्थी पठन-पठान और शोध के लिए आते हैं। छात्र ही देश का भविष्य हैं और यदि देश के भविष्य से छेड़छाड़ की जाएगी, तो भविष्य में अच्छे राष्ट्र रक्षक कैसे मिल पाएंगे। ऐसे में किसी भी प्रकार से छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ नहीं किया जा सकता है। सरकार को हर हाल में अपना निर्णय बदलना चाहिए। उन्होंने कहा कि पूर्व विधायक पृथक राज्य आंदोलन के समय विरोधी रहे हैं और उन्होंने उसी विरोधी मानसिकता के चलते गुपचुप तरीके से विवि को नगरपालिका में शामिल करवाकर अधिशासी अधिकारी का तबादला भी करवा दिया है। ताकि असलियत किसी को पता न चल सके। विवि का आस्तित्व छिन्न भिन्न हो जाए और उनके कलेजे में ठंडक पड़े। विद्यार्थी छात्रावासों में रहते हैं, जबकि मतदाता सूची में उनके नाम हास्टल कालोनियों में दिखाएं गए हैं। यह अधिशासी अधिकारी की ओर से जानबूझकर किया गया है। उन्होंने अपने पद का दुरुपयोग किया है। यदि सरकार विवि को नगला नगरपालिका से अलग नहीं करती है, तो क्षेत्रीय दल यूकेडी अपना प्रत्याशी नहीं यहां से निकाय चुनाव में नहीं उतारेगी। जो दल विवि विरोधी है, वह अपना प्रत्याशी लड़ा सकतीं हैं। यूकेडी छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ के लिए विवि में राजनैतिक परिदृश्य सहन नहीं कर सकती है।

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय) • एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
• बी. फार्मा (4 वर्षीय) • एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय) • बी. फार्मा (4 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय)
मो. 9457672942
केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
• एम.एच.ए. (2 वर्षीय) • एम.पी.एच. (2 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) योगेन्द्र सिंह (9760578366)

दैनिक समाचार पत्र
कम खर्च, ज्यादा मुनाफा
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
आवश्यकता, सूचना, नाम परिवर्तन, खोया-पाया, संबंध विच्छेद, शिक्षा, मेडिकल, टावर, व्यापार, बिक्री, प्रोपर्टी, लोन, बिकाऊ, ज्योतिष, टूर एण्ड ट्रैवल्स, मशीनरी के क्लासीफाइड बुक कराने हेतु सम्पर्क करें।
साइज व रेट
साइज 4x5 सेमी 600/- रु.
साइज 4x6 सेमी 720/- रु.
साइज 4x7 सेमी 840/- रु.
स्कीम - 2+1, 5+3, 9+6, 15+15
अमृत विचार क्लासीफाइड
विज्ञापन प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
मो. 8077909468, 9837058539, 8954474523
नैनीताल : 6397067668, 8171371321, अल्मोड़ा : 9412962333
रूद्रपुर : 8476843488 काशीपुर : 9756032977, रामनगर : 9012387222
किच्छा : 9837777817, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
कुमाऊं संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
अमृत विचार
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
हल्द्वानी : 8077909468, 8954474523, नैनीताल : 8171371321
अल्मोड़ा : 9412962333, रुद्रपुर : 8476843488
काशीपुर : 9756032977, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

## एक नजर

### काशीपुर से लापता बुजुर्ग की गुमशुदगी दर्ज

**काशीपुर :** मानसिक संतुलन ठीक नहीं होने पर एक बुजुर्ग घर से बिना बताए कहीं चले गये। मोहल्ला महेशपुरा निवासी इमरान अहमद ने बताया कि उनके 70 वर्षीय पिता मकसूद अहमद 16 मई की प्रात: करीब 8 बजे घर में बिना बताए कहीं चले गये हैं, जिनका मानसिक संतुलन ठीक नहीं है। उनकी आसपास व संभावित स्थानों पर भी तलाश की जा चुकी है, लेकिन उनका कहीं कुछ पता नहीं चल सका। पुलिस ने तहरीर के आधार पर गुमशुदगी दर्ज कर बुजुर्ग की तलाश शुरू कर दी है।

### सीसीटीवी कैमरों की मदद से चोरी की जांच शुरू

**रुद्रपुर :** गांव भूरारानी स्थित कॉलोनी में हुई लाखों की चोरी प्रकरण में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर सीसीटीवी से चोरों की तलाश शुरू कर दी है। हंस बिहार भूरारानी निवासी रविंद्र गिरी ने बताया कि 12 मई की दोपहर को वह परिवार के साथ बरेली दवा लेने गया था। देर रात होने के कारण रिश्तेदार के घर पर रुक गया। इसी दौरान पड़ोसियों ने सूचना दी कि घर का ताला टूटा है और सामान बिखरा पड़ा है। जब मौके पर आकर देखा तो चोरों ने अलमारी का ताला तोड़कर दो सोने की अंगूठी, एक सोने का मंगलसूत्र, दो जोड़ी चांदी की पायल, 80 हजार रुपये और 32 इंच एलईडी चोरी होना पाया। पुलिस ने घटना की जानकारी ली और तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर घटनास्थल पर लगे सीसीटीवी को खंगालना शुरू कर दिया।

### बिजली चोरी के मामले में 10 से अधिक पर मुकदमा

**काशीपुर :** ऊर्जा निगम की विजलेंस की टीम ने चैकिंग के दौरान कांटा डालकर बिजली चोरी के आरोप में 10 से अधिक लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। उपखंड अधिकारी पकंज कुमार ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह जेई अनिल कुमार व राजेन्द्र कुमार के साथ बिजली कनेक्शन चेक कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने तीन घरों में बिजली चोरी पकड़ी। लाइन कर्मी से केबल उतरवाकर कब्जे में ली। तहरीर पर पुलिस ने कुंडेश्वरी निवासी ब्रह्म सिंह पुत्र रन्जीत सिंह, जितेंद्र व भोपाल सिंह के खिलाफ केस दर्ज कराया है। एसडीओ शैलेन्द्र कुमार ने ग्राम मिस्सरवाला मोहम्मद हुसैन, तवारक हुसैन, मुबारक हुसैन, मुस्तकीम, ब्रजलाल, कुंडा निवासी तौफीक अहमद, फारुख, बलवीर सिंह, रामभरोसे और राकेश आदि के खिलाफ घरों में बिजली चोरी करने के मामले में मुकदमा दर्ज किया है।

### 10 वर्षों के दौरान 11 फीट तक आई भूजल में गिरावट, भूजल के दोहन में तेजी आने से स्थिति के बिगड़ने की बात सामने आई

# गिरते जलस्तर से तराई की जल सुरक्षा पर उठने लगे सवाल

संवाददाता, पंतनगर


डॉ. मणिंद्र मोहन शर्मा।

**अमृत विचार :** तराई हमेशा से ही जल समृद्ध क्षेत्र रहा है, यहां भूजल बड़ी सुगमता से कम गहराई पर उपलब्ध हो जाता है, लेकिन इसके दुरुपयोग और गर्मियों की बढ़ती तपिश के बीच गिरते जल स्तर से तराई में भी जल घमासान तेज होने लगा है, जिससे भविष्य में जल की सुरक्षा को लेकर सवाल उठने लगे हैं।

उत्तराखंड जैव प्रौद्योगिकी परिषद हल्दी के वैज्ञानिक डॉ. मणिंद्र मोहन शर्मा ने बताया कि दरअसल तराई की नदियों और सतही जल स्रोतों को उपेक्षित किए जाने से भूजल के दोहन में तेजी आई है। तराई को अपनी जल-संपदा को बरकरार रखने के लिए यहां की नदियों और जल स्रोतों को जीवित और गतिमान बनाए रखना बहुत जरूरी है। नदियां और जल स्रोत रिचार्ज पिट का काम करती हैं। जो वर्षा जल को संरक्षित करके भूजल के स्तर को बढ़ाने में मदद करती हैं और बाढ़ जैसी आपदाओं से भी बचाती हैं। तराई में राजमार्गों के निर्माण की तेज कवायद से मार्ग में पड़ने वाले जल स्रोतों की अविरल धारा पर विराम लग रहा है। वहीं पेड़-पौधों के कटान से वातावरण गरम हो रहा है। नतीजन अधिकांश नदियां और जल स्रोत अपने मूल स्वरूप व दिशा खोकर जीर्णोद्धार की बाट जोह रहे हैं। उधर नदियों व जल स्रोतों के उपेक्षित होने से नलकूपों के चलन में बढ़ोत्तरी हुई है। जो भू-गर्भीय जल के दोहन का कारण बन रहा रहा है। परिणामस्वरूप बीते कई दशकों से तराई के मुख्य जल स्रोत के रूप मे कार्य कर रहे ज्यादातर आर्टिजन कुएं भी अब सूखकर समाप्ति की ओर हैं। पेड़-पौधे नदियों और जल स्रोतों के लिए प्राणवायु का काम करते हैं। लेकिन तराई में पेड़-पौधों की अंधाधुंध कटाई से यहां का वातावरण तेजी से गर्म होने लगा है। जिससे वर्षा दर में भारी गिरावट दर्ज की जा रही है और तराई की बारहमासी नदियां और जल स्रोत अब सुखने लगे हैं।



### समय रहते नहीं संभले तो पेयजल संकट गहराएगा

सीडब्लूसी की एक रिपोर्ट के अनुसार भूजल के अत्यधिक दोहन से देश में हर साल पानी की मात्रा 0 .40 मीटर घट रही है। जबकि तराई में दस वर्षों के दौरान भूजल के स्तर में ग्यारह फीट तक गिरावट दर्ज की गई है। गर्मी में बेमौसमी धान की खेती, तराई में भूजल के दोहन का एक बड़ा मुख्य कारण है। जिस पर तत्काल कार्यवाही किया जाना जरूरी है। समय रहते नहीं संभले तो तराई में पेयजल व सिंचाई के लिए जल संकट गहरा सकता है। जो सीधे तौर पर खाद्य उत्पादकता को प्रभावित करेगा। जिससे कुपोषण और भुखमरी को बढ़ावा मिलेगा। इसलिए जल एवं उसके महत्व को समझते हुए जल संरक्षण के लिए हरसंभव प्रयास किए जाने चाहिए।

### गुणवत्ता जांच में मिला माइक्रोबियल संक्रमण

तराई में स्थापित औद्योगिक संस्थान और बढ़ते मानवीय प्रभाव सतही और भूजल दोनों की जल गुणवत्ता पर प्रतिकूल प्रभाव डाल रहे हैं। अध्यन के मुताबिक तराई के ज्यादातर पेयजल स्रोतों की गुणवत्ता जांच में माइक्रोबियल संक्रमण का पाया जाना चिंता का विषय है। जिसका मुख्य कारण मानवीय हस्तक्षेपों को माना जा रहा है। माइक्रोबियल संक्रमित पेयजल के सेवन से विभिन्न प्रकार की घातक बीमारियों जैसे डायरिया, टायफाईड, पेचिश, हैजा, हेपेटाइटिस और अमीबियोसिस के होने की आशंका बढ़ जाती है।

## पंचायत के दौरान युवक पर हमला

**रुद्रपुर, अमृत विचार:** कोतवाली इलाके के गांव नरपत नगर लंबाखेड़ा में पंचायत में युवक पर जानलेवा हमले का मामला सामने आया है। घायल अवस्था में युवक ने भागकर अपनी जान बचाई।

गांव नरपत नगर लंबाखेड़ा निवासी सुनील कुमार ने बताया कि पांच मई को उसके बच्चे और पड़ोसी मुकेश, राकेश और दिनेश के बच्चों में किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया था। जिसके चलते गांव के संभ्रांत नागरिकों के आग्रह पर आपसी समझौते के लिए चौक पर पंचायत बुलाई गई। पंचायत शुरू होते ही अचानक मुकेश, राकेश और दिनेश ने उसके ऊपर जानलेवा हमला करना शुरू कर दिया। जिसे वह गंभीर रूप से घायल हो गया और मौके से भागकर अपनी जान बचाई। आरोप था कि हमलावरों ने जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर हमलावरों की तलाश शुरू कर दी है।

# दीवार तोड़ विदेशी शराब की दुकान से लाखों की चोरी

### कुंडेश्वरी क्षेत्र में शनिवार देर रात चोरों ने धावा बोलकर दिया वारदात को अंजाम, 40 हजार रुपये भी ले उड़े

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार :** काशीपुर के कुंडेश्वरी क्षेत्र में स्थित अंग्रेजी शराब की दुकान में शनिवार देर रात चोरों ने धावा बोल दिया। चोर दुकान की दीवार को तोड़कर वहां रखी डेढ़ लाख रुपये से अधिक की इंपोर्टेड शराब व 40 हजार रुपये लेकर फरार हो गए।

काशीपुर के कुंडेश्वरी क्षेत्र में स्थित अंग्रेजी शराब की दुकान के कर्मचारी रोज की तरह ही दुकान बंद कर अपने घर चले गए। जिसके बाद चोर दुकान की टीन की दीवार को तोड़कर दुकान में घुस गए। चोरों ने दुकान में रखी डेढ़ लाख रुपये से अधिक की इंपोर्टेड शराब व 40 हजार रुपये अपने साथ ले गए। वहीं अगले दिन सुबह दुकान खोलने आए कर्मचारी जब दुकान के अंदर पहुंचे, तो दुकान के पीछे की टीन की दीवार टूटी मिली। जिसकी सूचना कर्मचारियों ने दुकान संचालक व पुलिस को दी।

मौके पर पहुंची पुलिस ने मौका मुआयना किया। कोतवाल आशुतोष सिंह ने बताया कि चोरी की सूचना पर मौका मुआयना कर सीसीटीवी कैमरों की छानबीन शुरू कर दी है। उन्होंने बताया कि तहरीर मिलने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।


शराब की दुकान में चोरी के बाद मौका मुआयना करने पहुंची पुलिस। ● अमृत विचार

### घर के बाहर ई-रिक्शा से बैटरी निकाली

**किच्छा :** चोरों ने घर के बाहर खड़े ई-रिक्शा टुकटुक वाहन में लगी दो बैटरी चोरी कर लीं। वार्ड नंबर 7, ट्रक यूनियन गली, किच्छा निवासी रामचंद्र ने बताया कि वह ई-रिक्शा चलाता है। रोज की तरह उसने अपना टुक टुक शनिवार की देर शाम घर के सामने खड़ा किया था। रविवार की सुबह जब वह वाहन लेने मौके में पहुंचा तो वाहन में लगीं दो बैटरी चोरी कर ली हैं। पीड़ित के अनुसार निकट लगे सीसीटीवी कैमरे में रात्रि करीब 2 :30 बजे बैटरी चोरी करने की घटना रिकॉर्ड हुई है। पीड़ित ने सीसीटीवी कैमरे में कैद हुए बैटरी चोरों के खिलाफ कार्रवाई कर बैटरी बरामद करने की पुलिस से गुहार लगाकर रिपोर्ट दर्ज कराई है।

### ढाई महीने बाद बाइक चोरी का मुकदमा दर्ज

**किच्छा :** कोतवाली अंतर्गत बारात घर से ढाई महीने पूर्व हुई बाइक चोरी की पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम जुवा जवाहरपुर, थाना बहेड़ी, जिला बरेली निवासी किशन लाल पुत्र कालीचरन ने बताया कि वह 6 मार्च की रात्रि करीब 8 बजे वह बाइक से किच्छा स्थित गुंजन पैलेस में आयोजित विवाह समारोह में शिरकत करने आया था। इस दौरान उसने अपनी मोटर साइकिल को बारात घर के परिसर में लॉक लगाकर खड़ा कर दिया। पीड़ित के अनुसार रात्रि करीब 9 :30 बजे जब वह घर जाने के लिए बाइक लेने मौके पर पहुंचा तो ज्ञात हुआ कि चोरों ने उसकी बाइक को चोरी कर लिया। पुलिस ने चोरी की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### रुद्रपुर के मेट्रोपोलिस मॉल से बाइक चोरी

**पंतनगर :** हुरमतनगर टांडा बिलासपुर रामपुर (उत्तर प्रदेश) निवासी विकास मसीह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि दो मई को वह किसी काम से सुबह 11 रुद्रपुर के मेट्रोपोलिस मॉल आया था। उसने अपनी बाइक मॉल के बाहर खड़ी की थी। वह चोरी हो गई, वहां लगे सीसीटीवी में अज्ञात व्यक्ति बाइक ले जाते दिखाई दे रहा। एसएचओ पंतनगर आरएस डांगी ने बताया कि केस दर्ज कर जांच की जा रही है।

### लघुशंका को रुके युवक की बाइक लेकर फरार

**पंतनगर :** रुद्रपुर स्थित रंपुरा के वार्ड नंबर-24 निवासी भगवान स्वरूप ने बताया कि वह सिडकुल में कार्य करता है, 19 जनवरी की रात 8 .45 बजे वह अपनी बाइक से घर आ रहा था। कंपनी से 200 मीटर दूर वह लघुशंका के लिए रुका। इसी दौरान एक बाइक पर सवार होकर दो व्यक्ति उसकी बाइक लेकर फरार हो गए। एसएचओ पंतनगर ने बताया कि केस दर्ज क्षेत्र के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

## हताशा : विवाहिता ने जहर खाकर कर ली खुदकुशी

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार :** थाना ट्रांजिट कैंप इलाके में एक विवाहिता ने जहरीला पदार्थ खाकर खुदकुशी कर ली। पुलिस ने घटना की जानकारी लेने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और आत्महत्या के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

थाना ट्रांजिट कैंप के नारायण कॉलोनी निवासी 22 वर्षीय निर्मला शर्मा पति व बच्चों के साथ रहती है। शनिवार की देर शाम को पुलिस को सूचना मिली कि एक विवाहिता ने आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंचे थानाध्यक्ष भारत सिंह ने मौका मुआयना किया तो कमरे से जहरीले पदार्थ की तीव्र दुर्गंध आ रही थी और विवाहिता का शव जमीन पर पड़ा हुआ था।

**जांच शुरू**

- नारायण कॉलोनी में पति से झगड़ा होने के बाद उठाया आत्मघाती कदम

बताया जा रहा है कि शनिवार को पति-पत्नी के बीच किसी बात को लेकर झगड़ा हुआ था और उसके बाद ही आत्महत्या की खबर मिली। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। साथ ही आत्महत्या के कारणों की तफ्तीश शुरू कर दी है। थानाध्यक्ष भारत सिंह ने बताया कि घटनास्थल पर किसी भी प्रकार का कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। बावजूद पुलिस खुदकुशी की वजह जानने की कोशिश करेगी। इसके बाद मौत के कारण का पता चल पाएगा।

### संदिग्ध परिस्थितियों में युवक ने फांसी लगाकर जान दी


पोलूस मसीह।

**खटीमा।** उत्तर प्रदेश सीमा से सटे दाह फार्म में एक युवक संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी के फंदे में लटका पाया गया। पोलूस मसीह (40) पुत्र सामुबेल मसीह ने शनिवार देर शाम अपने घर के टीन शेड में कपड़े का फंदा बनाकर फांसी लगा ली। बाद में परिजनों ने उसे फांसी पर लटका देखा तो उनके होश उड़ गए और चीख पुकार मच गई। जिसके बाद उन्होंने सत्रहमील पुलिस को घटना का सूचना दी। पुलिस के पहुंचने से पहले ही परिजनों ने शव को फंदे से नीचे उतार लिया था लेकिन उसकी मौत हो चुकी थी। पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया और रविवार को पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया। मृतक चार भाईयों में सबसे छोटा था। बड़े भाई डैनी, पीटर, जाकुब, पोलूस मसीह व तीन बहिनें है। मृतक के माता-पिता का पूर्व में निधन हो चुका है।


जापान के लिए रवाना होने वाली टीम के साथ अर्शदीप कौर। ● अमृत विचार

# जापान में नवोन्मेषी विचार साझा करेगी बाल वैज्ञानिक अर्शदीप

संवाददाता, खटीमा

**उपलब्धि**

- राजीव गांधी नवोदय विद्यालय की बाल वैज्ञानिक पहुंची जापान
- छह दिनों तक बाल वैज्ञानिक एडवांस तकनीकी को समझेंगे

**अमृत विचार:** अभिनव साइंस एक्सचेंज प्रोग्राम जापान साइंस एंड टेक्नोलॉजी (जेएसटी) एजेंसी द्वारा एशिया के स्कूली छात्रों के साथ नवोन्मेषी विचार साझा करने के लिए एक सप्ताह का अल्पकालिक आमंत्रण में राजीव गांधी नवोदय विद्यालय की छात्रा बाल वैज्ञानिक अर्शदीप कौर जापान पहुंच गई हैं। उनके साथ देशभर से 22 अन्य बाल वैज्ञानिकों का दल भी जापान गया है।

प्राचार्य प्रमोद कुमार पांडे ने बताया कि जापान सरकार द्वारा 2014 में नवाचार को बढ़ावा देने, बच्चों में गहनता से विज्ञान और प्रौद्योगिकी का ज्ञान और विचारों के आदान-प्रदान को प्रोत्साहित करने तथा महत्वाकांक्षी युवा वैज्ञानिकों का पोषण के तहत यह योजना शुरू की गई थी। अर्शदीप उत्तराखंड की चौथी और प्रथम बालिका बाल वैज्ञानिक हैं जो विज्ञान शिक्षक निर्मल कुमार न्योलिया के मार्गदर्शन में इस कार्यक्रम के लिए चयनित हुई है। अर्शदीप देश भर के 22 बच्चों के साथ 19 से 24 मई तक जापान में विभिन्न वैज्ञानिक कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगी। यह भी बताया कि जापान रवाना होने से पहले टेक्नोलॉजी भवन नई दिल्ली में 18 मई को ओरिएंटेशन कार्यशाला आयोजित की गई। जिसमें प्रतिभागियों को संस्था के ज्वाइंट सेक्रेटरी विज्ञान प्रौद्योगिकी ए धनलक्ष्मी, इंस्पायर प्रोग्राम हेड डॉ. नमिता गुप्ता, भारतीय टीम प्रभारी डॉ. राजशेखर तथा देवेंद्र तिवारी उपस्थिति मौजूद रहे। भारत के अलावा ब्रूनेई, कोरिया, किर्गीस्तान और थाईलैंड से चयनित 51 बच्चे भी इस कार्यक्रम का हिस्सा बनेंगे।

छह दिनों तक बाल वैज्ञानिक जापान की एडवांस साइंस व तकनीकी को समझने के लिए टोक्यो विश्वविद्यालय के होंगो कैंपस, जापान एयरोस्पेस एक्सप्लोरेशन एजेंसी, नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ एडवांस्ड इंडस्ट्रियल साइंस एंड टेक्नोलॉजी तथा सोपिया विश्विद्यालय की प्रयोगशालाओं में उन्नत वैज्ञानिक विधियों के अतिरिक्त कई अन्य गतिविधियों से अवगत होंगे। अर्शदीप की इस उपलब्धि पर शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत, शिक्षा महानिदेशक बंशीधर तिवारी, माध्यमिक शिक्षा निदेशक महावीर सिंह विष्ट, अपर निदेशक डॉ मुकुल कुमार सती, नोडल अधिकारी बंदना गर्बयाल, राज्य समन्वयक इंस्पायर अवार्ड मानक डॉ. अवनीश उनियाल, विद्यालय प्राचार्य प्रमोद कुमार पांडेय ने बधाई देते हुए शुभकनाएं प्रेषित की हैं।

## चौराहे से बेरीकेडिंग हटाने से लगेगा जाम

**काशीपुर, अमृत विचार :** आरओबी के चालू होने के बाद लोगों ने चीमा चौराहे से बेरीकेडिंग हटाने की मांग शुरू कर दी है। जिसको लेकर कुछ लोगों ने एसडीएम को भी ज्ञापन सौंपे हैं, जिसको लेकर एसपी सिटी ने बेरीकेडिंग हटाने से जाम की स्थिति बढ़ जाने की बात कही है।

एसपी सिटी अभय सिंह ने कहा कि बाजपुर रोड पर आरओबी के निर्माण के चलते चीमा चौराहे पर जाम की स्थिति को देखते हुए बेरीकेडिंग की गई थी। अब आरओबी पर यातायात चालू हो चुका है, लेकिन चीमा चौराहे पर यातायात का दबाव पहले जैसा ही है, जिससे वहां जाम की स्थिति बनी रहती है। वहीं चौराहे से 50 मीटर की दूरी पर कुंडश्वरी मार्ग पर रेलवे क्रॉसिंग से चौराहे पर स्थिति और ख़राब हो जाती है।

# चोरी का खुलासा न होने पर कोतवाल का घेराव

सवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार :** 14 दिन बाद मोबाइल फोन चोरी का खुलासा नहीं होने पर व्यापारी भड़क गए और कोतवाली पहुंचकर कोतवाल का घेराव कर विरोध जताया। साथ ही जल्द खुलासा करने की मांग की और आंदोलन की चेतवानी दी। उधर कोतवाल आशुतोष सिंह ने चोरी का शीघ्र खुलासा करने का आश्वासन व्यपारियों को दिया है।

रविवार को कोतवाली में घेराव के दौरान व्यापारियों ने कहा कि पांच मई को गुरुनानक कॉलोनी निवासी मनीष सिंधवानी की मोबाइल की दुकान से चोरों ने चार लाख के मोबाइल चोरी कर लिए थे, इसमें 15 मोबाइल नए व 15 मोबाइल पुराने शामिल थे। आरोप लगाया कि चोरों ने चोरी के छह मोबाइल को शुरू भी कर दिया है। बावजूद इसके पुलिस प्रशासन मामले का खुलासा नहीं कर पा रहा है।

उन्होंने पुलिस से जल्द ही मामले का खुलासा करने की मांग की है। मांग पूरी नहीं होने पर प्रदर्शन करने की चेतवानी भी पुलिस को दी है। कोतवाल आशुतोष सिंह ने व्यपारियों को जल्दी ही मामले का खुलासा करने का आश्वासन दिया है। इस दौरान भाजपा नेता दीपक बाली, गुरविंदर सिंह चंडोक, राजीव सेतिया, गगन कम्बोज, मुकेश पाहवा समेत कई व्यापारी मौजूद रहे।


कोतवाल से वार्ता करते भाजपा नेता व व्यापारी। ● अमृत विचार

## भूसा लेकर आ रहे कंटेनर चालक की हादसे में मौत

संवाददाता, रुद्रपुर


शायर खां।

**अमृत विचार :** भूसा लेकर आ रहे कंटेनर चालक की सड़क हादसे में मौत हो गई। समाधिपुर थाना विरासत बरेली निवासी 22 वर्षीय शायर खां कंटेनर चालक है। रविवार की सुबह वह कंटेनर संख्या यूपी-21 सीएन-6357 को लेकर बहराइच से भूसा लेकर काशीपुर के लिए निकला था। अचानक दोपहर को गूलरभोज मोड़ पर अज्ञात वाहन ने कंटेनर को पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि चालक का सिर स्टेयरिंग पर लग गया और उसका सिर फट गया।

लहूलुहान हालत में राहगीरों द्वारा घायल चालक को जिला अस्पताल ले जाया गया।

जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस ने घटना की जानकारी ली और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# कच्ची शराब संग पांच गिरफ्तार

संवाददाता, किच्छा

**अमृत विचार:** कोतवाली पुलिस ने अलग-अलग क्षेत्रों में कार्रवाई कर करीब 130 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद कर पांच तस्करों को दबोच लिया।

उप निरीक्षक राजेंद्र पंत एवं चीता पुलिस टीम के ब्रजमोहन सिंह ने बेदी मोहल्ला क्षेत्र में रेलवे पटरी के निकट अवैध कच्ची शराब बेच रहे कोतवाली अंतर्गत बेदी मोहल्ला निवासी संजीत उर्फ घोड़ा को दबोच लिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 45 पाउच में रखी करीब 15 लीटर कच्ची शराब बरामद कर ली। अन्य मामले में उपनिरीक्षक अर्जुन सिंह, पुलिस कर्मी विजय कुमार एवं भागवत परिहार की टीम ने ग्राम कनकपुर क्षेत्र में अवैध कच्ची शराब की बिक्री कर रहे ग्राम कनकपुर निवासी बच्चन सिंह को 18 लीटर अवैध शराब के साथ पकड़ लिया। इधर ग्राम महाराजपुर रोड स्थित मछली तालाब के निकट रबड़ की ट्यूब में शराब लेकर जा रहे ग्राम लालपुर निवासी बब्बू सिंह को 45 लीटर शराब की तस्करी करते गिरफ्तार कर लिया। अन्य मामले में एसआई भूपेंद्र सिंह ने ग्राम चंदन नगर, वार्ड नंबर एक, थाना किच्छा निवासी राजू को 22 लीटर अवैध कच्ची शराब तथा उपनिरीक्षक मनोज कुमार के नेतृत्व में पुलिसकर्मी पूरन सोराडी एवं विजय कुमार की टीम ने हाथी खाना मोहल्ला, वार्ड नंबर 17, किच्छा निवासी सूरज को 90 पाउच में रखी 30 लीटर शराब सहित गिरफ्तार कर लिया।

### अवैध शराब के साथ युवक गिरफ्तार

**काशीपुर :** ईदगाह के पास से पुलिस ने अवैध शराब के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया किया। युवक को 10 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया। उसने अपना नाम विजय नगर नयी बस्ती निवासी प्रमोद सिंह राणा बताया। पुलिस ने आरोपी का आबकारी एक्ट में चालान किया।

# ई-कृषि बाजार के तहत 26.63 करोड़ का कारोबार

## मंडी ने वसूला 58.14 लाख का राजस्व, 5700 किसान और 690 आढ़ती हैं योजना के तहत पंजीकृत

मौहम्मद अर्शी, काशीपुर

**अमृत विचार :** ई-राष्ट्रीय कृषि बाजार योजना (ई-नाम) के तहत किसानों व कारोबारियों को ऑनलाइन प्लेटफार्म से जोड़ा गया। शुरुआत में इस योजना को अच्छा रिस्पांस भी मिला और किसान और कारोबारियों ने इससे जुड़कर करोड़ों का कारोबार भी किया, जिससे मंडी को भी राजस्व के रूप में लाभ हुआ। काशीपुर मंडी से जुड़े किसानों व कारोबारियों ने ई-नाम में अब तक करीब 2663.73 लाख रुपये का कारोबार किया है, जिसमें मंडी को अब तक करीब 58.14 लाख रुपये का राजस्व शुल्क भी मिला है, लेकिन वर्ष वार बात की जाए तो इस योजना में शुरूआती दौर से अब तक कारोबार में आधे से कम का कारोबार हुआ है।

काशीपुर मंडी में ई-नाम योजना के लागू होने से अब तक 5718 किसान इसमें जुड़ चुके है। वहीं 690 कारोबारी व आढ़ती और 418 कमीशन एजेंट भी इस योजना में जुड़े हुए हैं। वर्ष 2017 में ई नाम के तहत काशीपुर मंडी से जुड़े किसानों व कारोबारियों ने 429.40 लाख का कारोबार किया। जिसमें मंडी को 929557 रुपये राजस्व प्राप्त हुआ। वहीं वर्ष 2023 में राजस्व घटकर सिर्फ 319649 रुपये हो गया। जबकि कोरोना काल में वर्ष 2021 में इस योजना के तहत मंडी को सिर्फ 2322 रुपये का शुल्क ही प्राप्त हुआ था। कोरोना काल के बाद से ई-नाम के तहत कारोबार में आधे से ज्यादा की कमी दर्ज की गई है, जबकि केंद्र व राज्य सरकार इस योजना के तहत किसानों व कारोबारियों को जोड़ने के लिए करोड़ों रुपये खर्च कर चुकी है। उसके बावजूद किसानों व कारोबारियों की इसमें रुचि कम नजर आ रही है। जिसका कारण मंडी शुल्क बचाने के कारण किसान अपने उत्पाद बाहर ही बेच रहे है। वही किसानों में इसके प्रति जागरूकता कम होना भी इसका एक कारण माना जा सकता है।

### ये है ई-नाम योजना



किसानों को उपज का सही मूल्य दिलाने और बिचौलियों की भूमिका को खत्म करने के लिए केंद्र सरकार ने 2017 में ई-राष्ट्रीय कृषि बाजार (ई-नाम) योजना शुरू की। ई-नाम योजना से किसान अपनी उपज को ऑनलाइन नीलामी के जरिये देश के किसी भी मंडी के आढ़ती को बेच सकता है। उत्पाद की गुणवत्ता जांच के लिए मंडियों में टेस्टिंग लैब बनाई गई है। 2017 में प्रदेश की पांच मंडी हरिद्वार, काशीपुर, किच्छा, सितारगंज, गदरपुर से योजना शुरू की गई थी। इसके बाद लगभग सभी मंडियों को इस योजना से जुड़कर किसानों व कारोबारियों को इसमें जोड़ने का कार्य कर रही है।

**2017** में प्रदेश की पांच मंडियों हरिद्वार, काशीपुर, किच्छा, सितारगंज, गदरपुर से योजना शुरू की गई थी

### मंडी शुल्क

| वर्ष | कुल कारोबार | प्राप्त मंडी शुल्क |
|---|---|---|
| 2017 | 429 .40 | 929557 |
| 2018 | 1600 | 3642415 |
| 2019 | 284 .44 | 507014 |
| 2020 | 08 | 18053 |
| 2021 | 02 | 2322 |
| 2022 | 189 .08 | 357643 |
| 2023 | 134 .38 | 319649 |



नोट- मंडी का कुल कारोबार करोड़ों में है, यह आंकड़े कृषि उत्पादन मंडी समिति से लिए हैं।

ई-नाम के तहत किसानों व कारोबारियों को जोड़ने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। साथ ही योजना का प्रचार व प्रसार का कार्य भी किया जा रहा है। उसके बावजूद किसान मंडी में अपने उत्पाद न बेच बाहर ही बेच दे रहे हैं।
**-आशा गोस्वामी**, सचिव, काशीपुर मंडी

## छात्र संसद में मानवी जोशी को बनाया प्रधानमंत्री

**जसपुर:** जसपुर-पतरामपुर मार्ग स्थित श्री रामचंद्र सिंह सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में छात्र संसद का गठन किया गया। उसके बाद शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया। शपथ ग्रहण समारोह के मुख्य अतिथि अनिल जोशी एडवोकेट व राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ नगर प्रचारक कृष्णा रहे।

छात्र संसद में मानवी जोशी को प्रधानमंत्री, हरप्रीत कौर को उप प्रधानमंत्री, रुद्र प्रताप चौहान को सेनापति, आदित्य शर्मा को उप सेनापति, खुशप्रीत कौर को वंदना सहायक पद की शपथ दिलाई गई। अन्य विभागों के मंत्रियों ने भी शपथ ली। शिक्षा मंत्री दीक्षा चौहान, विज्ञान मंत्री कनिष्का वर्मा, न्यायाधीश उज्जवल रस्तोगी, खेल मंत्री नवजोत कौर, सांस्कृतिक मंत्री रुद्राणी शर्मा, स्वास्थ्य मंत्री तेजेंद्र सिंह, पर्यावरण मंत्री परी, आवास मंत्री रजत जोशी ने भी शपथ ग्रहण किया। मंत्रियों को शपथ प्रधानमंत्री मानवी ने दिलाई। विद्यालय के प्रधानाचार्य गिरीश चंद्र जोशी ने सभी पदाधिकारियों व समारोह में आए अतिथियों को धन्यवाद दिया। कार्यक्रम का संचालन धीरेंद्र राजपूत और रोहित कश्यप ने किया।

# समारोह में बोर्ड के मेधावी सम्मानित

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार :** सिंह कालोनी वार्ड नंबर 33 में निवर्तमान मेयर रामपाल सिंह एवं भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अनिल चौहान की ओर से प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान उत्तराखंड बोर्ड 10वीं और 12वीं परीक्षा में वार्ड में रहने वाले विभिन्न विद्यालयों के मेधावी छात्र-छात्राओं को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।



मेधावियों को सम्मानित करते निवर्तमान मेयर रामपाल सिंह व अन्य। ● अमृत विचार

रविवार को आयोजित सम्मान समारोह में मेयर रामपाल सिंह एवं भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष ने सभी टॉपर्स को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि सम्मानित होने वाले मेधावी दूसरों के लिए प्रेरणादायी हैं। इनसे प्रभावित होकर अन्य विद्यार्थी भी सफलता के मार्ग पर आगे बढ़ सकते हैं। इस दौरान खुशी गाबा, नैंसी चहल, वानिया चौहान, जानवी पाटिल, लविशा चौहान, मान्या सती, शौर्य चौहान, माही चौहान आदि को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में वर्तमान पार्षद सुशील चौहान, अजय चौहान, सत्येंद्र शर्मा, संजय कुमार, हरेंद्र कुमार, धर्मेंद्र राणा, राम अवतार दिवाकर, ऊषा चौहान, अंजू चौहान, विमला देवी, गीता देवी, अनीता चौहान, प्रवेश कुमारी, प्रीति चौहान, भाजपा दिव्यांग प्रकोष्ठ जिला संयोजक हरीश चौधरी आदि मौजूद रहे।

## लंबित विवेचनाएं तत्परता से निपटाएं

**बाजपुर:** रविवार को एसपी काशीपुर अभय प्रताप सिंह ने बाजपुर कोतवाली में निरीक्षक व उपनिरीक्षकों की बैठक बुलाई जिसमें कोतवाली व इससे जुड़ी चौकी क्षेत्रों के दर्ज मुकदमों व इनकी विवेचनाओं के बारे में जानकारी हासिल की। साथ ही उन्होंने लंबित विवेचनाओं को पारदर्शी व गुणवत्तापूर्ण तत्परता से निपटाने के निर्देश दिए। इस मौके पर कोतवाल मनोज रतूड़ी, एसएसआई विनोद फर्त्याल, दोराहा चौकी प्रभारी सुरेंद्र सिंह, बन्नाखेड़ा चौकी प्रभारी विक्रम सिंह धामी, बरहैनी चौकी प्रभारी गोविंद सिंह मेहता, सुल्तानपुर पट्टी चौकी प्रभारी अर्जुन गिरि गोस्वामी, एसआई देवेंद्र मनराल, कैलाश चंद्र नगरकोटी, रमेश चंद्र बेलवाल, महिला एसआई कुसुम रावत आदि मौजूद रहे।

# दो मंजिला मकान में चोरी के लिए घुसे दो युवक धरे

संवाददाता, किच्छा

**अमृत विचार:** घर के बाहर सीढ़ी लगाकर चोरी की वारदात को अंजाम देने आए दो युवकों को गृह स्वामी ने पकड़ लिया। चोट लगने से एक युवक घायल हो गया।

वार्ड नंबर 9, आवास विकास, किच्छा निवासी प्रेमचंद पुत्र राजबहादुर सिंह ने बताया कि शनिवार की रात्रि करीब ढाई बजे दो युवक सीढ़ी लगाकर उसके दो मंजिला मकान में घुस गए तथा उसके पुत्र राजू तथा साले राजीव के कमरे में पहुंचकर मोबाइल चुराने का प्रयास करने लगे। आहट होने पर पीड़ित की नींद खुल गई और उसने शोर मचा दिया। शोर होने के बाद पीड़ित एवं उसके पुत्र राजू ने की घर में घुसे दोनों युवकों से हाथापाई हो गई। घटना को अंजाम देने आया पीड़ित का किराएदार विराज यादव चोटिल हो गया तथा उसका भाई विराट यादव इलाज के लिए उसे सरकारी अस्पताल ले गया। जबकि दूसरे आरोपी नई सब्जी मंडी, किच्छा निवासी विशाल सिंह को मौके पर ही पकड़ लिया गया। आरोपी विशाल को लेकर कोतवाली पहुंचे पीड़ित ने बताया कि चोरी की वारदात को अंजाम देने के दौरान दो अन्य युवक भी घर के बाहर रेकी कर रहे थे। पुलिस ने प्रेमचंद की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी है।

### सार-संक्षेप




काशीपुर में फर्स्ट स्टेट लेवल में ट्राफी के साथ विजेता खिलाड़ी।

## फर्स्ट स्टेट लेवल ताइक्वांडो में देहरादून बना चैंपियन

**काशीपुर :** स्पोर्ट्स स्टेडियम काशीपुर में हुई दो दिवसीय प्रथम स्टेट ताइक्वांडो प्रतियोगिता का समापन हो गया। प्रतियोगिता में 18 स्वर्ण पदक लेकर देहरादून ओवरऑल चैंपियन रहा, जबकि ऊधमसिंह नगर 16 स्वर्ण के साथ दूसरे और रानीखेत आर्मी बॉयस कंपनी नौ स्वर्ण लेकर तीसरे स्थान पर रही। सीनियर बालिका वर्ग के अंडर-46 भार वर्ग में ऊधमसिंह नगर की सुनीता, अंडर-49 भार वर्ग में संध्या, अंडर-53 में रक्षिता, अंडर-57 में कोहिनूर, अंडर-68 किग्रा भार वर्ग में अस्मिता ने स्वर्ण पदक जीता। बालक सब जूनियर के अंडर-21 भार वर्ग में देहरादून के ओजस बुटोला, अंडर-25 में देहरादून के निखिल वर्मा, अंडर-27 किग्रा में देहरादून के शिवाय सिंह नेगी, अंडर-29 किग्रा में मो. आहिल, अंडर-32 में हरिद्वार के मो. चांद, अंडर-35 में देहरादून के मुकुल देशवाल, अंडर -38 में हरिद्वार के हुसैन अब्दुल्ला, अंडर-50 में देहरादून के शौर्य ने स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया। यहां इंडिया ताइक्वाडों के आब्जर्वर विनोद सैनी, उत्तराखंड ताइक्वाडों के अध्यक्ष महेंद्र सिंह, दयाल सिंह, रविशंकर सिंह, आनंद सिंह बोरा, सुरेंद्र कौर, नीरज कुमार, सुनील चौहान, मयंक दीक्षित, भरत बिष्ट आदि मौजूद रहे।

## तीन महीने बाद घर लौटे पति ने पत्नी को पीटा

**किच्छा :** तीन महीने बाद घर लौटे पति ने पत्नी के साथ गाली गलौज कर मारपीट कर दी। घटना में पीड़िता गंभीर रूप से घायल हो गई। आरोप है कि आरोपी पति ने पीड़िता को बच्चों सहित जान से मारने की धमकी दी। जान माल की सुरक्षा की गुहार लगाते हुए पीड़िता ने पुलिस को तहरीर देकर पति के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की मांग की है। पुलिस ने पति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच प्रारंभ कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में वार्ड नंबर 11, नई सुनेहरी, किच्छा निवासी सुमन ने बताया कि शुक्रवार को 3 महीने बाद उसका पति मनीष घर लौट कर आया था। इसके बाद पीड़िता ने 3 महीने बाद घर आने का पति से कारण पूछा। आरोप है कि सवाल पूछने से गुस्साए पति मुनीष ने पीड़िता के साथ जमकर मारपीट कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। पीड़िता ने बताया कि पति मुनीष आए दिन धमकी देता है कि तूने कहीं भी मेरी शिकायत की तो तुझे और तेरे बच्चे को जान से मार दूंगा। पीड़िता ने आरोप लगाया कि उसके पति मुनीष का स्थानीय युवती के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा है जिसके चलते पति ने पूर्व में भी पीड़िता से मारपीट की थी।

## सेल्समेन पर लगाया घायल करने का आरोप

**काशीपुर :** काशीपुर के एक निजी अस्पताल के सामने चाय का ठेला लगाने वाले युवक ने एक सेल्समैन पर धारदार हथियार से हमला करने का आरोप लगाया है। इसके साथ पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। रविवार को विजय नगर नई बस्ती निवासी जितेंद्र पाल ने पुलिस को तहरीर दी। तहरीर में उसने बताया कि वह रामनगर रोड स्थित एक निजी अस्पताल के सामने चाय की दुकान चलाता है। रविवार की दोपहर एक सेल्समेन सामान लेकर दुकान पर पहुंचा। इस बीच सामान और रुपये को लेकर दोनों के बीच बहस शुरू हो गई। बात बढ़ने पर दोनों के बीच मारपीट होने लगी। इस दौरान सिर में कोई धारदार हथियार लगने से जितेंद्र गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने उसे घायल अवस्था में सरकारी अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टर ने इलाज करने के बाद उसे छुट्टी दे दी है। घायल जितेंद्र ने आरोप लगाकर बताया कि सेल्समेन ने उसके सिर पर धारदार हथियार से हमला किया है। यहां वह कई सालों से चाय की दुकान चलाता है। कोतवाल आशुतोष सिंह ने बताया की मामले की जांच की जा रही है। जांच के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## हाईवे पर वाहन की टक्कर से हिरण के बच्चे की मौत

**रुद्रपुर, अमृत विचार :** वाहन की टक्कर से हिरण के बच्चे की मौत हो गई। शनिवार की शाम को हिरण का बच्चा जंगल से भटककर आबादी वाले इलाके में आ गया और कलेक्ट्रेट परिसर से होता हुआ नैनीताल हाईवे पर पहुंचा, जहां हिरण का बच्चा हाईवे पार कर रहा था। इसी बीच अचानक तेज गति से आ रहे वाहन ने हिरण के बच्चे को टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

रुद्रपुर रेज के वन दारोगा आशुतोष आर्या, वन दारोगा राजू दास विभागीय टीम के साथ घटनास्थल पहुंचे और घटना की जानकारी लेने के बाद शव को कब्जे में लिया। टीम ने पोस्टमार्टम कराने के बाद शव को रुद्रपुर रेंज जंगल में दफन किया गया। वन दारोगा आशुतोष आर्या ने बताया कि सड़क हादसे की जांच की जाएगी और प्रकरण में प्रभागीय कार्यालय में अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा भी पंजीकृत किया जाएगा।

# नगर पंचायत क्षेत्र में 60 लाख से बिछाई जा रही पेयजल लाइन

संवाददाता, दिनेशपुर

**अमृत विचार :** प्रधानमंत्री जनकल्याणकारी योजना जल जीवन मिशन के तहत 60 लाख की लागत से नगर पंचायत क्षेत्र में 9 किलोमीटर पाइप लाइन बिछाने का कार्य शुरू हो गया है। पाइपलाइन बिछाने का कार्य कार्यदायी संस्था को छह माह पूर्व दिया गया था।

रविवार को नगर में शुद्ध पेयजल मुहैया करवाने के लिए जल जीवन मिशन के तहत वार्ड-पांच से पाइपलाइन बिछाने का कार्य का शुभारंभ उत्तराखंड जल निगम बोर्ड की सदस्या सीमा सरकार ने किया। उन्होंने कहा कि नगर के वार्ड- पांच में सब्जी व मछली बाजार क्षेत्र के आसपास जल संस्थान की पेयजल लाइन न होने से लोगों को लंबे समय से गर्मी में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता था। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जनकल्याणकारी योजना जल जीवन मिशन के तहत लोगों को शुद्ध पेयजल मुहैया करवाया जाएगा। कार्यदायी संस्था के ठेकेदार अशोक कुमार अरोरा ने बताया कि पाइप लाइन बिछाने का कार्य कार्यदायी संस्था को विभाग द्वारा छह माह पूर्व दिया गया था। जल्द से जल्द एक- दो महीने के भीतर कार्य पूरा किया जाएगा। इस मौके पर वरिष्ठ भाजपा नेता चंद्रकांत मंडल, सुनीता मिस्त्री, अशोक मल्लिक, सावित्री देवी, सीमा मंडल, चंपक विश्वास, शुभेंदु राय, महादेव शिकारी, विवेक विश्वास, दीपक विश्वास, केशव मल्लिक, शंकर बैरागी आदि मौजूद रहे।



पेयजल लाइन बिछाने का शुभारंभ करतीं जल संस्थान बोर्ड की सदस्य सीमा सरकार।

**तैयारी** नालों की सफाई नहीं होने से बरसात में कई जगह उत्पन्न हो जाती है जलभराव की समस्या

# 72 नालों की सफाई के लिए शहर को चार जोन में बांटा

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार :** मानसून सीजन को देखते हुए नगर निगम प्रशासन ने नाला सफाई अभियान शुरू कर रखा है। नगर क्षेत्र को चार जोन में बांटकर प्रत्येक जोन में एक टीम नालों की सफाई कार्य में जुटी है। अबतक टीम ने करीब 40 फीसदी कार्य पूरा कर लिया है। शहर में छोटे बड़े करीब 72 नाले हैं।

बरसात के मौसम में शहर में कई जगह जलभराव की समस्या उत्पन्न हो जाती है। जिसका कारण शहर के नालों की सफाई न होने को माना जाता है। नाले कूड़ा व गंदगी से पटे होने के कारण बरसात का पानी नालों में न बहकर सड़कों पर आ जाता है और निकासी न होने पर जलभराव की समस्या हो जाती है, जिससे निपटने के लिए नगर निगम ने अभी से शहर के नालों की सफाई का कार्य शुरू कर दिया है।

**40** फीसदी कार्य पूरा कर लिया है, नगर निगम प्रशासन है सतर्क

**02** जेसीबी व दो ट्रैक्टर ट्रॉली व डंपर भी इस कार्य में लगे हुए हैं

शहर में करीब 72 छोटे बड़े नाले हैं, जिनसे शहर के पानी की निकासी होती है। इन नालों की सफाई के लिए निगम ने शहर को चार जोन में बांट चार टीम को इस कार्य में लगाया है। साथ ही दो जेसीबी व दो ट्रैक्टर ट्रॉली व डंपर भी इस कार्य में लगे हुए हैं।




नाले की सफाई कराते नगर आयुक्त। ● अमृत विचार

नगर आयुक्त विवेक राय ने बताया कि जलभराव के चलते शहर वासियों को दिक्कतों का सामना नहीं करना पड़े, इसके लिए नगर निगम प्रशासन की ओर से अभी से सफाई कर्मचारियों और जेसीबी की मदद से नालों की सफाई शुरू करा दी गयी है। शहर को चार जोन में बांटा गया है। अभी तक इस कार्य में लगी चार टीमों ने करीब 40 फीसदी कार्य पूरा कर लिया है। जल्द ही सभी नालों की सफाई का कार्य पूर्ण हो जाएगा।

### सार-संक्षेप



खटीमा में जनसमस्याएं सुनते भाजपा कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुनीं जनसमस्याएं

**खटीमा :** भाजपा कार्यकर्ताओं ने शिव कालोनी, पूर्णागिरी कालोनी और ब्रह्म कालोनी वासियों की समस्याएं सुनीं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर बीजेपी कार्यकर्ताओं ने विभिन्न वार्डों में लोगों की समस्याएं सुनीं। भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रमेश चंद्र जोशी के समक्ष वार्डवासियों ने रोड में मिट्टी भरान, बिजली पोल, बरसाती पानी की निकासी जैसी समस्याओं को ध्यान में रखते हुए उनके निराकरण की मांग की। जोशी ने संबंधित विभागों से संपर्क कर निराकरण का आश्वासन दिया। इस अवसर पर नगर महामंत्री मनोज वाधवा, प्रदीप कुमार गुप्ता, सुमित सक्सेना, रमेश कश्यप, डीके ठाकुर, धर्मवीर सिंह, नारायण पंडित, पप्पू मौर्य, हर प्रसाद सक्सेना, अर्जुन दीक्षित, विनोद वर्मा, नीरज शर्मा, राधा देवी आदि लोग मौजूद रहे।

## बुजुर्ग महिलाओं को घर-घर जाकर प्रदान किए वस्त्र



बुजुर्ग महिला को वस्त्र प्रदान करते कथा व्यास रामचंद्र राय। ● अमृत विचार

**शक्तिफार्म :** भागवत कथा व्यास रामचंद्र राय ने जरूरतमंद महिलाओं को वस्त्र प्रदान किया। रामचंद्र सेवा संस्थान के श्रीमद् भागवत कथा व्यास आचार्य राम चन्द्र ने विधवा, दिव्यांग, असहाय, जरूरतमंद बुजुर्ग महिलाओं को घर-घर जाकर वस्त्र प्रदान किए। उन्होंने बताया कि व्यास पीठ पर मिले अनुदान को गरीब कल्याण में समर्पित करते हैं तथा समय समय पर विभिन्न माध्यमों से जरूरतमंद लोगों की सहायता किया जाता है। राम चन्द्र लम्बे समय से जरूरतमंदों की सहायता में जूटे हैं।



देवनगर में आयोजित निशुल्क शिविर में जांच करते डॉक्टर।

## शिविर में 100 लोगों ने कराई जांच

**शक्तिफार्म :** मेडिलाइफ सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल देहरादून की ओर से देवनगर में नि:शुल्क चिकित्सा एवं स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया। शिविर में अस्पताल के मूत्र रोग विशेषज्ञ डॉ.मनोज विश्वास ने गुर्दा एवं पेशाब संबंधी रोगियों को तथा डॉ.रिक्ता राय ने नाक, कान, गला संबंधित रोगियों को निशुल्क चिकित्सा परामर्श दिया। शिविर में 100 लोगों ने रजिस्ट्रेशन कराया जिसमें नाक कान एवं गले के 65 एवं पेशाब व गुर्दा संबंधी 35 रोगियों ने नि:शुल्क चिकित्सा परामर्श प्राप्त किया।



बाजपुर में हजयात्रा पर जा रहे दंपति का फूल-माला से स्वागत करते लोग।

## हज यात्रा पर निकले दंपति को दी मुबारकबाद

**बाजपुर :** क्षेत्र से पवित्र हजयात्रा पर रवाना होने का सिलसिला अभी जारी है, जिसके चलते हज यात्रा पर गए नगरपालिका के वार्ड नंबर-6 मोहल्ला केशवनगर निवासी खान मोबाइल सेंटर के संचालक इमरान खान के पिता आशक अली एवं उनकी माता खुर्शीद जहां को लोगों ने फूल-माला पहनाकर विदा किया। इस मुबारक मौके पर बड़ी संख्या में लोगों ने उनके घर पहुंच कर हज को जा रहे आशक अली एवं उनकी बीबी खुर्शीद जहां को मुबारकबाद दी। मदीना मस्जिद केशवनगर के पेश इमाम हाफिज राहत अली ने बताया कि हज हर मुसलमान पर फर्ज है, जो हर मुसलमान को अपनी जिंदगी में कम से कम एक बार जरूर अदा करना चाहिए। इस मौके पर इमरान खान, रिहान खान, हकीम, सिब्ते हसन, अतीक अहमद, तस्लीम अहमद आदि मौजूद रहे।



पूर्णिमा उत्सव कार्यक्रम में जानकारी देते उपासक।

## बाबा साहब बुद्ध धम्म के आखिरी पैगंबर

**काशीपुर :** बौद्धमय भारत बनाओ अभियान के तहत एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जहां बुद्ध पूर्णिमा से पूर्व पूर्णिमा उत्सव मनाया गया। रविवार को मोहल्ला आंनद विहार में उपासिका ओमवती के घर बौद्धमय भारत बनाओ अभियान के तहत कार्यक्रम किया गया। जहां सभी धम्म उपासको एवं धम्म उपासिकाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान जहां तथागत गौतम बुद्ध एवं बाबा साहब के बारे में विस्तार से सम्यकजीवी आजाद बौद्ध ने जानकारी दी और कहा कि दुनिया मे दो ही विद्वान हुए हैं, जिनमें प्रथम आज से ढ़ाई सौ साल पहले गौतम बुद्ध हुए और उसके बाद बाबा साहब डॉ. अम्बेडकर इतने बड़े विद्वान बने। कहा कि बाबा साहब बुद्ध धम्म के आखिरी पैगंबर हैं। बुद्ध तथा बाबा साहब के मार्ग पर चल कर ही मानव का कल्याण हो सकता है। इस उत्सव मे मुख्य रूप से चंद्रहास गौतम ,कपिल बौद्ध, आनंद बौद्ध, रेविराम, आर.पी.रवी, चित्रा, रामसिंह, मोहनी , बीना, रमेश, अमरीश, एडवोकेट भोपालसिंह ,पूजा, अर्चना आदि उपस्थित रहे।

## महिलाओं और युवाओं ने ली आप की सदस्यता



आप में शामिल होने वालों का स्वागत करते पदाधिकारी।

**खटीमा :** आम आदमी पार्टी की नीतियों व दिल्ली और पंजाब में आप की सरकारों के द्वारा किए जा रहे कार्यों से प्रभावित होकर दर्जनों महिलाओं और युवकों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर पार्टी के वरिष्ठ नेता एसके चीमा, अमन अरोड़ा, दया कृष्ण कलौनी, रघुबीर सिंह राणा, सचिन सिंह राणा आदि ने पार्टी में शामिल होने वाले लोगों का फूल मालाओं से स्वागत किया।

## सार-संक्षेप

### डिग्री कॉलेज को दिए 2.15 लाख रुपये

**बनबसा :** महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास विभाग चम्पावत द्वारा राजकीय महाविद्यालय बनबसा को बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना के तहत 215000 की धनराशि दी गई है । प्राचार्या डॉ. आभा शर्मा ने बताया कि इस योजना के तहत महाविद्यालय में छात्राओं को न्यूनतम तीन माह का कम्प्यूटर प्रशिक्षण तथा प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी से संबन्धित कार्यक्रम एव क्रीड़ा गतिविधियों को बढ़ावा दिया जाएगा और विभिन्न गतिविधयों का आयोजन महाविद्यालय में किया जायेगा। प्राचार्या डॉ. आभा शर्मा ने जिला कार्यक्रम अधिकारी राजेन्द्र प्रसाद बिष्ट का आभार व्यक्त किया है।

### नशे में तेज रफ्तार कार दौड़ा रही महिला गिरफ्तार

**अल्मोड़ा :** सड़क हादसों के ग्राफ में कमी लाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने नशे में धुत एक महिला कार चालक को तेज गति से वाहन दौड़ाने पर गिरफ्तार किया है। पुलिस ने वाहन को सीज कर महिला के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की है। धौलछीना के थानाध्यक्ष सुशील कुमार ने बताया कि पुलिस की टीम बाड़ेछीना में चेकिंग अभियान पर थी। तभी एक तेज रफ्तार हुंडई कार को आते देखा गया। उसे रोका गया तो कार चला रही महिला नशे में धुत थी। जिस पर पुलिस ने मोटर वाहन अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए महिला को गिरफ्तार कर लिया और वाहन को सीज करने की कार्रवाई की है।

### माल रोड के गड्ढे पाटने को मिले आठ लाख रुपये

**अल्मोड़ा :** अल्मोड़ा नगर की गड्ढों से पटी माल रोड की स्थिति में शीघ्र सुधार होने की उम्मीद जगी है। दरअसल लंबे समय से माल रोड का डामर उखड़ने के कारण यह मार्ग गड्ढों में तब्दील हो गया था। जिस कारण आए दिन दोपहिया वाहन चालक इस मार्ग पर दुर्घटनाग्रस्त होकर चोटिल हो रहे थे। स्थानीय लोग और जनप्रतिनिधि लंबे समय से माल रोड की हालत को सुधारने की मांग कर रहे थे। जिसके बाद अब इस मार्ग पर गड्ढों के भरान के लिए विभाग ने आठ लाख रुपये स्वीकृत किए हैं। अवर अभियंता सन्नी कुमार ने बताया कि धनराशि स्वीकृति के बाद अब टेंडर की प्रक्रिया कराई जा रही है।



छात्र- छात्राओं को योगाभ्यास कराते योगाचार्य रविन्द्र पांडेय।

### ग्लोरियस एकेडमी में बच्चों को कराया योगासन

**बनबसा :** ग्लोरियस एकेडमी विद्यालय के प्रबंधक व योगाचार्य रविन्द्र पांडेय ने छात्र-छात्राओ को योगासन का अभ्यास कराया। ग्लोरियस एकेडमी बनबसा में विद्यालय प्रबंधक एवं योगाचार्य रविंद्र पांडेय ने 21 जून को आयोजित होने वाले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के सम्बन्ध में बच्चों को योगासन तथा प्राणायाम का अभ्यास कराया। उन्होंने बताया कि योग शारीरिक ही नहीं अपितु मानसिक एकाग्रता के लिए भी अत्यंत उपयोगी है।

### लेखन प्रतियोगिता के पोस्टर का लोकार्पण

**अल्मोड़ा :** भारतीय शिक्षण मंडल की ओर से आयोजित होने वाली विजन फॉर विकसित भारत लेखन प्रतियोगिता के पोस्टर का रविवार को लोकार्पण किया गया। इस मौके पर राजकीय महाविद्यालय शीतलाखेत के प्राचार्य प्रो. एलपी वर्मा ने कहा कि यह शोध लेखन छात्र छात्राओं के लिए लाभदायक साबित होगा। इससे छात्रों को नए नए इनोवेटिव विचार आएंगे और इससे मौलिक शोध को बढ़ावा मिलेगा। इस मौके पर डा. दीपिका आर्या, डा. ईशान गैरोला, प्रवीण बोरा, रमेश राम, विनोद रतन समेत अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### कार की टक्कर से स्कूटी सवार घायल

लोहाघाट। रविवार दोपहर स्कूटी सवार ललित सिंह धौनी (24) पिथौरागढ़ से चम्पावत की ओर जा रहा था। दोपहर एक बजे नगर के चौराहे पर स्कूटी और कार में टक्कर हो गई। हादसे में ललित गंभीर रूप से घायल हो गया। पास में ड्यूटी कर रहे यातायात पुलिस के कांस्टेबल हेम माहरा ने लोगों की मदद से उसे लोहाघाट अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया।

### स्वतंत्रता संग्राम सेनानी हरगोविंद पंत को किया याद

**अल्मोड़ा :** कुमाऊं की बारादोली सल्ट सत्याग्रह के प्रणेता, भारतीय संविधान सभा के सदस्य व सांसद रहे स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. हरगोविंद पंत को उनकी 140 जयंती पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने याद किया। कार्यकर्ताओं ने उनकी मूर्ति पर माल्यार्पण कर उनके द्वारा बताए गए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। निवर्तमान पालिकाध्यक्ष प्रकाश चंद्र जोशी ने आजादी की लड़ाई में स्व. पंत के योगदान को याद किया। जोशी ने राजनीतिक दलों से उनके कार्यों और आदर्शों से प्रेरणा लेने को कहा। यहां कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष तारा चंद्र जोशी, कार्यक्रम में अमन अंसारी, राधा बिष्ट, तारा तिवारी, रमेश नेगी, देवेंद्र बिष्ट, भरत अधिकारी, बची सिंह रहे।

### मेरे खिलाफ षड़यंत्र रच रही कांग्रेस : नैनवाल

**अल्मोड़ा, अमृत विचार :** रानीखेत के विधायक प्रमोद नैनवाल पर एक महिला द्वारा उनकी पुश्तैनी जमीन हड़पने का आरोप लगाने के बाद अब विधायक नैनवाल भी खुलकर सामने आ गए हैं। विधायक का कहना है कि यह पूरी घटना कांग्रेस पार्टी का षड़यंत्र है। क्योंकि कांग्रेस पार्टी के आला नेता उनकी लोकप्रियता व विकास कार्यों से घबरा गए हैं। इसलिए उन्हें परेशान करने की साजिश रच रहे हैं। भूमि विवाद के सामने आने के बाद रविवार को अल्मोड़ा में विधायक नैनवाल ने पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने अपने ऊपर लगाए आरोपों को निराधार बताते हुए कहा है कि जिस जमीन पर उनके द्वारा कब्जा किए जाने की बात की जा रही है। उसे वर्ष 2010 और 2015 में खरीदा गया है। जिसके दस्तावेज उनके पास हैं। लेकिन संबंधित महिला द्वारा राजस्व विभाग में शिकायत करने के बजाय देहरादून जाकर मुझ पर आरोप लगाकर मुझे बदनाम करने की कोशिश की जा रही है। विधायक नैनवाल ने कहा है कि यह वही जमीन है जिसे उनके विरोधी उद्यान घोटाले से जोड़ रहे हैं। उन्होंने इस पूरे मामले को एक सोची समझी साजिश करार दिया है। नैनवाल ने कहा है कि वह शीघ्र ही इस पूरे मामले में कानूनी कार्रवाई करने जा रहे हैं।



प्रमोद नैनवाल।

# जूनियर हाईस्कूल बिरखोला में सहायक शिक्षक निलंबित

## बिना सूचना स्कूल से थे नदारद, शिकायत मिलने पर कार्रवाई

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** धौलादेवी विकास खंड के राजकीय जूनियर हाईस्कूल बिरखोला से बिना सूचना के लंबे समय से नदारद चल रहे एक शिक्षक को निलंबित कर दिया गया है। इस मामले के सामने आने के बाद अब अधिकारियों ने सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को ऐसे शिक्षकों पर पैनी निगाह रखने और उसकी सूचना उच्च अधिकारियों को दिए जाने के निर्देश जारी किए हैं।

विकास खंड के राजकीय जूनियर हाईस्कूल में तैनात सहायक शिक्षक प्रमोद चंद्र तिवारी अक्सर स्कूल से नदारद रहता था। अभिभावकों को जब संदेह हुआ तो उन्होंने शिक्षा विभाग के आला अधिकारियों से इसकी शिकायत की। लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई और शिक्षक के गायब रहने का सिलसिला जारी रहा।

इस संबंध में जब कई बार अभिभावकों की शिकायत शिक्षा विभाग के आला अधिकारियों तक पहुंचने लगी तो जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अत्रेश सयाना ने बीते दिवस विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान स्कूल में तैनात किए सहायक शिक्षक प्रमोद चंद्र तिवारी नदारत मिले। वह बिना बताए कहां गए इसकी भी कोई जानकारी भी नहीं मिली। लोगों एवं बच्चों ने जानकारी दी कि वह पिछले एक माह से स्कूल में नहीं आ रहे हैं। वहीं उपस्थिति पंजिका भी एक कमरे में बंद थी। बेसिक शिक्षा अधिकारी ने इस मामले को गंभीरता से लिया और संबंधित शिक्षक के निलंबन की संस्तुति कर दी। बेसिक शिक्षा अधिकारी की संस्तुति पर उच्च अधिकारियों ने शिक्षक प्रमोद चंद्र तिवारी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया।

ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यालयों में बरती जा रही इस तरह अनियमितता के सामने आने के बाद विभाग के अधिकारियों के हाथ पांव भी फूल गए। बेसिक शिक्षा अधिकारी सयाना ने बताया कि जिले के भी खंड शिक्षा अधिकारियों को ऐसे शिक्षकों पर पैनी निगाह रखने के निर्देश जारी किए गए हैं। उन्होंने कहा है कि अगर कोई शिक्षक इस तरह की लापरवाही में लिप्त पाया गया तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## निरीक्षण में बंद मिले तीन आंगनबाड़ी केंद्र

**अल्मोड़ा :** जिले के सल्ट विकास खंड में बाल विकास परियोजना अधिकारी की छापेमारी की कार्रवाई के दौरान तीन आंगनबाड़ी केंद्र बंद पाए गए। जिस पर परियोजना अधिकारी ने संबंधित केंद्रों की आंगनबाड़ी वर्कर्स को इस संबंध में अपना अपना स्प्ष्टीकरण देने के निर्देश दिए हैं। सल्ट की बाल विकास परियोजना अधिकारी लीला परिहार ने बताया कि उन्हें क्षेत्र के अनेक आंगनबाड़ी केंद्रों के नियमित रूप से न खुलने की शिकायत मिल रही थी। जिस पर कार्रवाई करते हुए उन्होंने शनिवार को विकासखंड के अनेक केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्हें आंगनबाड़ी केंद्र टुकरा, नौपटुवा और झड़गांव पर ताले लटके मिले। जिस पर उन्होंने तीनों आंगनबाड़ी केंद्रों की वर्कर्स को सोमवार को अपना स्पष्टीकरण उनके कार्यालय में देने के निर्देश जारी किए हैं। परिहार ने बताया कि आंगनबाड़ी केंद्रों को बिना कारण और सूचना के बंद करना काफी गंभीर है।

# आशियाना पार्क की बदहाली पर प्रदर्शन

संवाददाता, रानीखेत



आशियाना पार्क की क्षतिग्रस्त दीवार।

**अमृत विचार :** नगर के बीच स्थित आशियाना पार्क देखरेख न होने से बदहाल पड़ा है। तीन साल पहले अतिवृष्टि में इस पार्क की दीवार व उसमें लगी उत्तराखंडी परिधानों में सजी मूर्तियां क्षतिग्रस्त हो गई थीं। पार्क का जीर्णोद्धार न होने से नाराज स्थानीय लोगों ने प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि जहां एक और पर्यटन कारोबार को बढ़ावा देकर रोजगार देने के दावे किए जा रहे हैं। वहीं पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण पार्क की वर्तमान समय तक सुध नहीं ली जा रही है।

गौरतलब है कि नगर के बीच स्थित आशियाना पार्क अक्टूबर 2021 में हुई अतिवृष्ट के चलते क्षतिग्रस्त हो गया था। स्थानीय लोग कई बार छावनी परिषद से गुहार भी लगा चुके हैं कि पार्क का जीर्णोद्धार किया जाए। लेकिन हमेशा बजट की कमी का हवाला देकर केंट परिषद इस मामले को दबाती रही। विगत दिवस स्थानीय लोगों ने पार्क पहुंचकर छावनी परिषद के खिलाफ नारेबाजी की। कहा कि पार्क बदहाल होने से पर्यटक नहीं आते।

इसका असर पर्यटन कारोबार पर पड़ रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि जल्द पार्क का जीर्णोद्धार नहीं हुआ तो आंदोलन शुरू कर दिया जाएगा। प्रदर्शन करने वालों में कुंदन सिंह बिष्ट, आनंद अग्रवाल, मोहन सिंह कोहली, राजीव कुमार, जयशंकर, महेंद्र कुमार, हरीश, गोविंद, भारत सिंह रहे।

# चम्पावत व्यापार संघ का चुनाव 9 जून को होगा

संवाददाता, टनकपुर

**अमृत विचार :** व्यापार प्रतिनिधि मंडल नगर इकाई चम्पावत के चुनाव की तिथि घोषित कर दी गई है। 9 जून को मतदान होगा और उसी दिन चुनाव परिणाम भी घोषित किए जाएंगे। व्यापारियों की बैठक में निर्णय लिया गया कि एक जून से नामांकन प्रक्रिया शुरू होगी।

रविवार को चम्पावत मुख्यालय में जिलाध्यक्ष सतीश चंद्र जोशी की अध्यक्षता और जिला महामंत्री कमलेश राय के संचालन में हुई बैठक में चुनाव अधिकारी दीवान सिंह बोहरा ने बताया कि 26 मई तक सदस्यता सूची का प्रकाशन कर लिया जाएगा। एक जून से नामांकन पत्रों की बिक्री कर नौ जून को मतदान होगा। उन्होंने सभी व्यापारियों से 9 जून को प्रतिष्ठान बंद रखने की अपील की। बैठक में पूर्व जिलाध्यक्ष प्रकाश तिवारी, बसंत सिंह तड़ागी, विक्रम सिंह खाती, राजेंद्र सिंह बिष्ट आदि मौजूद रहे।

# व्यापार मंडल की बैठक में एकजुटता पर जोर

संवाददाता, रानीखेत

**अमृत विचार:** प्रान्तीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल की जिला कार्यकारिणी की बैठक में विभिन्न समस्याओं पर चर्चा के साथ ही भविष्य की रणनीति पर विचार किया गया। बैठक में व्यापारियों की एकजुटता पर बल दिया गया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि प्रकाश मिश्रा, जिला प्रभारी किशन गुरुरानी, ऋषि मंगगई, जिलाध्यक्ष मोहन नेगी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जलित कर किया। मुख्य अतिथि प्रदेश महामंत्री प्रकाश मिश्रा ने व्यापारियों की एकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि व्यापारियों की समस्याओं की अनदेखी की गई तो आन्दोलन किया जायेगा। उन्होंने कम्पनियों द्वारा होलसेल डीलरों तथा ऑनलाइन विक्रेताओं को अलग-अलग रेट में माल देने पर नाराजगी जताई। कहा कि महंगा माल मिलने से आम व्यापारी ऑनलाइन कम्पनियों का सामना नहीं कर पा रहा है। उन्होंने व्यापारियों का बीमा करने के साथ ही आपदाओं तथा सरकारी नीतियों के कारण होने वाली क्षति पर मुआवजा देने की मांग की। जिलाध्यक्ष मोहन नेगी ने रानीखेत को जिला एवं नगर पालिका बनाने हेतु मुख्यमंत्री पर दबाव बनाने की मांग की। कार्यक्रम में गढ़वाल मण्डल के प्रभारी सुरेश बिष्ट, रानीखेत जिला प्रभारी किशन गुरुरानी, व्यापार मंडल अध्यक्ष रानीखेत मनीष चौधरी, व्यापार मंडल अध्यक्ष चिलियानौला कमलेश बोरा आदि रहे।





प्रान्तीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल की बैठक में मौजूद व्यापारी नेता।

# धोखाधड़ी कर महिला के जेवर लूटने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

- पुलिस व एसओजी ने रोहिणी दिल्ली से दबोचा, दो आरोपी फरार

संवाददाता, बनबसा

**अमृत विचार :** पुलिस व एसओजी ने महिला से धोखाधड़ी कर उसके सोने के जेवर ले जाने के आरोप में दो लोगो को पकड़ा है। पकड़े गए आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। ग्राम चंदनी में महाराणा प्रताप गेट के समीप रहने वाली महिला रुक्मणी देवी ने 27 अप्रैल को दो अज्ञात लोगों पर उसके सोने के जेवर धोखाधड़ी से ले जाने की तहरीर दी थी।

पुलिस और एसओजी ने सीसीटीवी फुटेज देखने के बाद उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश और दिल्ली आदि शहरों में खोजबीन कर घटना में शामिल चार आरोपियों में से दो मोहन पुत्र किशन निवासी खोड़ीघाट चौकी मोरटक्का, जिला खंडवा मध्यप्रदेश और धर्मा सोलंकी उर्फ बुच्चा पुत्र गंगाराम निवासी कालोनी घेवरा, थाना कंझावला जिला रोहणी दिल्ली को रोहणी दिल्ली से घटना में प्रयुक्त कार सहित गिरफ्तार कर लूटा माल बरामद कर लिया। पूछताछ में दोनों आरोपियों ने महिला से सोने की अंगूठी, मंगलसूत्र लूटने की बात कबूली। थानाध्यक्ष लक्ष्मण सिंह जगवाण ने बताया कि धर्मा सोलंकी उर्फ बुच्चा गैंग के खिलाफ राजस्थान, दिल्ली और महाराष्ट्र में सम्मोहन कर धोखाधड़ी व लूट के कई मुकदमे दर्ज हैं। उन्होंने बताया कि आरोपियों से एक पीली धातू की अंगूठी, रुक्मणी देवी का आधार कार्ड, पैन कार्ड, दो मोबाइल बरामद हुए हैं।





पकड़े गए आरोपियों के साथ पुलिस और एसओजी के जवान। ● अमृत विचार

## धौलादेवी में अराजकता कर रहे पांच युवक गिरफ्तार

**अल्मोड़ा :** धौलादेवी के राजकीय इंटर कालेज नौगांव के पास उपद्रव मचा रहे पांच युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष सुशील कुमार ने बताया कि पुलिस को 112 नंबर पर जानकारी मिली की नौगांव स्कूल के पास कुछ युवक उपद्रव मचाकर अशांति फैलाने का प्रयास कर रहे हैं। जिस पर तत्काल मौके पर पुलिस टीम भेजी गई। पुलिस टीम ने वहां पहुंचने पर देखा कि वहां राहुल कुमार, सचिन कुमार, आशीष कुमार, मुकेश कुमार और यमन कुमार नाम के नौगांव निवासी पांच युवक उपद्रव कर माहौल खराब करने की कोशिश कर रहे थे। पुलिस पांचों युवकों को गिरफ्तार कर थाने ले आई और उनका पुलिस एक्ट में चालान किया। बाद में युवकों के अभिभावकों को थाने में बुलाया गया। थानाध्यक्ष साह ने बताया कि पांचों युवकों को भविष्य में इस तरह की हरकत न करने की हिदायत देते हुए उन्हें उनके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया।


## वर्ग पहेली-75

**बाएं से दाएं**

1. 1. किसी स्थान पर प्रवेश हेतु लिखित अनुमतिपत्र, आज्ञापत्र 2. बिना टिकट लिए
3. 1. लौटाना, वापस करना 2. उलटाना, बदलना।
6. 1. कलकल की आवाज़ होना 2. शरीर में गरमी की अनुभूति होना 3. कुलबुलाना (शरीर का)।
7. 1. झाड़ी, झुरमुट 2. बालों का जूड़ा, जुट्टी 3. पौधों या झाड़ियों का झुरमुट 4. घास-फूस का पूला, जूरी 5. समूह, झुंड 6. झोंटा।
8. गंधी, इत्रफ़रोश, गंधद्रव्य, सुगंधित पदार्थ।

**ऊपर से नीचे**

2. 1. कुलबुलाने की अवस्था
4. 1. चारों ओर से ठीक एवं दुरुस्त 2. चुस्त, फुरतीला।
5. निरुपाधि।
7. 1. जोखिम 2. ज़िम्मेदारी, जवाबदेही, उत्तरदायित्व।



### वर्ग पहेली -74 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 झ | ■ | 2 उ | 3 प | जा | ति | ■ |
| न | ■ | ■ | रं | ■ | ■ | ■ |
| क | ■ | ■ | प | ■ | 4 बू | ढ़ा |
| 5 ना | मी | गि | रा | मी | ■ | ■ |
| ■ | ■ | ■ | नु | ■ | 6 शी | राँ |
| ■ | ■ | ■ | 7 ग | जा | ल | ■ |
| 8 सं | घ | टि | त | ■ | न | ■ |

## सुडोकू -154

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | | | | | 2 | | |
| 4 | | 5 | | | | | | |
| | | | 2 | 7 | | | | |
| | 9 | | 3 | | | | | |
| | 7 | | | | | | 1 | |
| | | | | 5 | 4 | | | |
| | | | | 4 | 6 | | | |
| | | 1 | | | | 4 | | 5 |
| 7 | | 3 | | | | | 8 | |

### सुडोकू -153 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 8 | 5 | 9 | 2 | 6 | 7 | 4 | 3 |
| 9 | 3 | 4 | 5 | 1 | 7 | 2 | 8 | 6 |
| 2 | 6 | 7 | 8 | 4 | 3 | 5 | 9 | 1 |
| 8 | 1 | 3 | 7 | 6 | 5 | 4 | 2 | 9 |
| 7 | 9 | 6 | 2 | 8 | 4 | 3 | 1 | 5 |
| 4 | 5 | 2 | 1 | 3 | 9 | 6 | 7 | 8 |
| 5 | 4 | 1 | 6 | 9 | 2 | 8 | 3 | 7 |
| 3 | 7 | 8 | 4 | 5 | 1 | 9 | 6 | 2 |
| 6 | 2 | 9 | 3 | 7 | 8 | 1 | 5 | 4 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 20 मई सोमवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-वैशाख, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-द्वादशी 15.58 तक तत्पश्चात त्रयोदशी।

**मेष:** आज घर के लोग आपसे काफी प्रसन्न रहेंगे। व्यवसाय में उन्नति होने से आप काफी प्रसन्न रहेंगे। शाम के समय आप किसी उत्सव में जा सकते हैं। इस समय सारी परिस्थितियां आपके अनुकूल हैं। अपनी जिम्मेदारियों के प्रति निष्ठावान रहेंगे।

**वृष:** आज स्वास्थ्य काफी अच्छा और संतुलित रहेगा। किसी बड़ी समस्या का समाधान होने से निश्चिंत होंगे। जॉब में आय बढ़ने के योग बन रहे हैं। आपके मन में छाया हुआ अज्ञात भय आज दूर हो सकता है।

**मिथुन:** आज बच्चों के साथ सुखद समय व्यतीत करेंगे। गृह निर्माण के कार्य तेजी से पूर्ण होंगे। प्रेम संबंधी मामलों में निराशा हाथ लग सकती है। कला क्षेत्र से जुड़े लोगों को सम्मान प्राप्त हो सकता है। मित्रों के परामर्श पर गम्भीरता से ध्यान दें।

**कर्क:** आज यह धैर्य रखने का समय है। महत्वपूर्ण कार्यों को दिन के दूसरे प्रहर तक कर लेना लाभकारी होगा। अधिकारियों के साथ आपको अच्छे संबंध रखने चाहिए। परिस्थितियों के अनुसार स्वयं को ढालने का प्रयास करें।

**सिंह:** आज विदेश में शिक्षा ले रहे विद्यार्थियों को थोड़ा सावधान रहना चाहिये। ऑनलाइन व्यापार से आपको लाभ प्राप्त हो सकता है। लोग आपके ऊपर पूर्ण विश्वास रखेंगे। मित्रों के साथ किसी गंभीर चर्चा में सम्मिलित हो सकते हैं।

**कन्या:** आज व्यर्थ की गतिविधियों में समय नष्ट न करें। महत्वपूर्ण अवसर आपकी प्रतीक्षा कर रहे हैं इसलिए थोड़ी सी लापरवाही भारी पड़ सकती है। दिन की शुरुआत में आप अपने आप को काफी व्यस्त देख सकते हैं।

**तुला:** आज दिन की शुरुआत में आप अपने आपको काफी व्यस्त देख सकते हैं। शत्रुओं की गतिविधियों को हल्के में लेने की भूल बिल्कुल न करें। अनावश्यक कार्यों में आपको उलझना भी पड़ सकता है, किंतु आपकी योग्यता की लोग प्रशंसा भी करेंगे।

**वृश्चिक:** आज प्रणय संबंधों में कुछ अनबन देखने को मिल सकती है। कोई जरूरी निर्णय अचानक लेना पड़ेगा। निर्माण कार्यों को लेकर आपको लोगों की मदद लेनी पड़ सकती है। गलत कार्यों की तरफ आपका रुझान हो सकता है।


**धनु:** आज रचनात्मक कार्यों से जुड़े लोगों को बड़ा नाम मिल सकता है। प्रेम संबंध काफी मधुर रहेंगे। कारोबार में बड़ी साझेदारी हो सकती है। बड़े भाई-बहनों को लेकर प्रसन्नता रहेगी। भारी उद्योगों से जुड़े लोगों को उत्तम धन लाभ होगा।

**मकर:** आज महत्वपूर्ण बैठकों में आप सम्मिलित हो सकते हैं। व्यावसायिक लक्ष्य समय पर पूर्ण हो जाएंगे। आप भविष्य को लेकर निवेश की योजना बना सकते हैं। आलोचकों की बातों को ज्यादा महत्व न दें। सरकारी कार्यों से जुड़े लोगों को सम्मान मिल सकता है।

**कुंभ:** आज धन हानि होने के योग बन रहे हैं। पड़ोसियों से आपका झगड़ा हो सकता है। आपके सभी काम रुक-रुक कर ही होंगे। ऑनलाइन कोई भी गतिविधि के दौरान सावधान रहें। अजनबी लोगों से ज्यादा मेलजोल न बढ़ाएं।

**मीन:** आज भोजन और बाकी दिनचर्या अनुशासित रखें। अनावश्यक विचारों के कारण आप अच्छे लोगों से दूर हो सकते हैं। परिजनों का सहयोग मिलेगा। आपको अपने अपमान का भय रहेगा। रक्तचाप की समस्या होने की आशंका है।

## आज का पंचांग





**दिशाशूल**-पूर्व। **ऋतु**-ग्रीष्म।
चन्द्रबल-मेष, कर्क, कन्या, वृश्चिक, धनु, मीन।
ताराबल-भरणी, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-चित्रा पूर्ण रात्रि तक।

## आज की फिल्में

**B4U MOVIES**
चोरी मेरा काम — सुबह : 10.02
तकदीर का तमाशा — रात : 07.00

**&pictures**
महावीर नं. 1 — सुबह : 09.10
तमाशा — रात : 08.00

**SONY PIX**
कैप्टन फिलिप्स — सुबह : 10.13
टार्जन — रात : 09.00

**ZEE CINEMA**
एक विवाह ऐसा भी — सुबह : 08.30
अनोखा बंधन — दोपहर : 01.50

**colors CINEPLEX**
डबल अटैक — सुबह : 11.31
उगराम — शाम : 05.00

### आज की सुपरहिट फिल्म





एंड पिक्चर्स पर रात : 08.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

एक महिला रिक्शे वाले से- मैं तुम्हारे रिक्शे से उतरकर जा रही थी, फिर भी तुमने भाड़ा क्यों नहीं मांगा?
रिक्शा वाला- जी, मैं शरीफ औरतों से पैसे नहीं मांगता।
महिला-अगर मैं बिना भाड़ा दिए चली जाती तो?
रिक्शा वाला- मैं समझ जाता कि आप शरीफ नहीं हैं और फिर मैं भाड़ा मांग लेता।

हॉस्टल में रहने वाले पिंटू ने अपने दोस्तों से कहा-यार धोखा हो गया धोखा एक दोस्त- क्या हो गया?
पिंटू-यार घर से बुक्स के लिए पैसे मंगवाए थे, लेकिन घर वालों ने बुक्स ही भेज दीं।

सन्तोषस्त्रिषु कर्तव्य : स्वदारे भोजने धने।
त्रिषु चैव न कर्तव्योऽध्ययने जपदानयो : ॥

व्यक्ति को अपनी ही पत्नी से संतोष कर लेना चाहिए, चाहे वह रूपवती हो अथवा साधारण, वह सुशिक्षित हो अथवा निरक्षर–उसकी पत्नी है यही बड़ी बात है।


## संपादकीय

# वृद्धि की राह पर भारत

भू-राजनीतिक स्थितियों की वजह से उथल-पुथल के दौर में भारत ने स्वयं को जिस तरह हालात के अनुसार ढाला, उससे स्पष्ट हो गया कि भविष्य में वैश्विक बाजार को आकार देने में भारत मुख्य भूमिका निभाएगा। वास्तव में भारत दशक की सबसे बड़ी वृद्धि की राह पर है। चीन, जापान और यूरोपीय देशों में बढ़ती उम्र वाली आबादी के विपरीत भारत की आबादी बढ़ रही है। तेजी से बढ़ती जनसंख्या और तीव्र आर्थिक विकास की वजह से भारत में ऊर्जा की मांग बहुत ज्यादा है। दीर्घावधि में 1-2 प्रतिशत के स्तर तक पहुंचने से पहले प्राथमिक ऊर्जा मांग अगले 10 वर्षों में सालाना 3-4 प्रतिशत बढ़ने का अनुमान है। अहम सवाल यह है कि क्या भारत इस अवसर का लाभ उठा सकता है और किस हद तक? भारत ने काफी सावधानी से क्षेत्रीय जटिलताओं, चीन के साथ अपने संबंधों और इंडो-पैसेफिक क्षेत्र की रणनीतियों के मद्देनजर अपनी स्वायत्त नीति को बरकरार रखा। इसमें कोई शक नहीं कि भारत का ऊर्जा व्यापार क्षेत्र रूस-यूक्रेन युद्ध की वजह से बड़े स्तर पर प्रभावित हुआ है। भारत अपनी ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए काफी हद तक आयात पर निर्भर है, खासकर तेल और गैस के मामले में।

ऊर्जा असुरक्षा बहुआयामी है, इसलिए जीवाश्म ईंधन से चलने वाली ऊर्जा प्रणाली से सौर, पवन, बायोमास, हाइड्रोजन आदि जैसी नवीकरणीय ऊर्जा प्रणालियों में संक्रमण से जुड़ा एक सर्वव्यापी समाधान समय की मांग है। नवीकरणीय ऊर्जा प्रणाली न केवल ऊर्जा प्रणालियों की सामर्थ्य, सुरक्षा का वादा करती है, बल्कि वे टिकाऊ भी हैं। अधिक लचीली, समावेशी और स्वच्छ ऊर्जा प्रणाली बनाने में नवीकरणीय ऊर्जा एक निर्विवाद भूमिका निभाती है। भारत ने हाल के वर्षों में अपनी ऊर्जा आपूर्ति में विविधता ला दी है। यह वैकल्पिक ऊर्जा स्रोतों पर ध्यान केंद्रित कर रहा है और गैस आधारित अर्थव्यवस्था, हरित हाइड्रोजन और इलेक्ट्रिक वाहनों के माध्यम से अपने ऊर्जा परिवर्तन को पूरा कर रहा है। नवीकरणीय ऊर्जा के प्रति सरकार की बिना शर्त प्रतिबद्धता के परिणाम स्वरूप, नवीन नीतियों और प्रोत्साहनों के साथ भारत ने धीरे-धीरे ऊर्जा के अधिक नवीकरणीय स्रोतों (सौर, बायोगैस, आदि) सहित हरित ऊर्जा परिदृश्य के लिए मंच तैयार किया है। भारत अभी भी अपनी 80 प्रतिशत से अधिक ऊर्जा जरूरतों को मुख्य रूप से तीन ईंधनोः कोयला, तेल और बायोमास से पूरा करता है। रूस-यूक्रेन संघर्ष की छाया वैश्विक ऊर्जा बाजार में स्पष्ट रूप से दिख रही है। रूस-यूक्रेन संघर्ष ने भारत के व्यापक आर्थिक परिदृश्य और ऊर्जा क्षेत्र पर काफी प्रभाव डाला है। इसलिए भारत को अभी भी एक लंबा रास्ता तय करना है।

# विद्रोह और आतंकवाद में वैचारिकी का फर्क



रणवीर सिंह फोगाट
इतिहासकार

भारत में ब्रिटिश राज के समय में भारत पर ब्रिटिश शासन के विरोध में सन् 1910 के बाद से भारतीय उग्रवादी समूहों ने कई हमले किए थे, लेकिन मकसद अलग था। ब्रिटिश लोग मूलत: एक कौम नहीं है, बल्कि अनेक एथनिक कम्युनिटीज की संकर नस्लों से बनी हुई एक केटेगरी मात्र हैं, लेकिन अब वे एक 'नेशनलिटी' हैं।

भगत सिंह के पैटर्न पर वैसा ही कारनामा कोई आज अगर करे तो? जैसे कि सांडर्स को गोली मार देना और पार्लियामेंट हाउस में सिर्फ धमाका पैदा करने और धुंआ फैलाने वाला बम फेंकना। क्या ऐसा करना 'देशभक्ति' होगी या आतंकी कार्रवाई? अभी कुछ दिन पहले भारतीय संसद में ऐसा हो ही गया था। इससे पहले 13 दिसंबर सन् 2001 को संसद भवन पर आतंकियों के हमले से यह घटना अलग उद्देश्य और तरीके वाली थी। सन् 2018 के जून महीना से लेकर अक्टूबर 2023 के बीच देश में कुल 119 आतंकी घटनाएं हुई हैं। इन सबका मकसद अलग रहा। इनमें जनजातीय हिंसक घटनाएं भी शामिल हैं। विभिन्न प्रकार के जनांदोलनों को भी कमतर समझ के लोग आजकल 'आतंकी' कार्रवाई मानते हैं।

भारत में ब्रिटिश राज के समय में भारत पर ब्रिटिश शासन के विरोध में सन् 1910 के बाद से भारतीय उग्रवादी समूहों ने कई हमले किए थे, लेकिन मकसद अलग था। ब्रिटिश लोग मूलतः एक कौम नहीं है, बल्कि अनेक एथनिक कम्युनिटीज की संकर नस्लों से बनी हुई एक केटेगरी मात्र हैं, लेकिन अब वे एक 'नेशनलिटी' हैं। पिछले तीन सौ सालों से ब्रिटिश ताज पर जर्मनी के हैनोवर वंश के लोगों का अधिकार है। स्कॉटलैंड बहुत बाद में इंग्लैंड के साथ मिला और बाद में आयरलैंड के उत्तरी हिस्से को भी जीतकर मिला लिया गया। अब यह यूनियन ऑफ इंग्लैंड, स्कॉटलैंड और आयरलैंड अर्थात् यूनाइटेड किंगडम कहा जाता है। स्कॉटलैंड और इंग्लैंड के राष्ट्रीय ध्वज को मिलाकर ही यूनियन जैक बना। 12 अप्रैल 1606 को इंग्लैंड और स्कॉटलैंड के बीच इस शाही संघ का प्रतिनिधित्व करने के लिए एक नया झंडा एक शाही डिक्री में निर्दिष्ट किया गया था जिसके अनुसार इंग्लैंड का झंडा, एक सफेद पृष्ठभूमि पर एक लाल क्रॉस, जिसे सेंट जॉर्ज क्रॉस के रूप में जाना जाता है और झंडा स्कॉटलैंड, नीले रंग की पृष्ठभूमि पर एक सफेद साल्टायर (एक्स-आकार का क्रॉस या सेंट एंड्रयूज क्रॉस), इंग्लैंड और स्कॉटलैंड के ध्वज में शामिल हो था। इंग्लैंड के या यूरोप के इतिहास में सामंतशाही का युग बहुत ही क्रूरतापूर्ण रहा है। ग्रेट ब्रिटेन में विक्टोरियन एरा ही उन्नति का युग रहा जब अनेक क्षेत्रों में तरक्की होने के कारण ब्रिटिश लोग अपने टापुओं को छोड़कर साहसी नौवहन की परंपराओं से जुटाई गई जानकारी और संसाधनों के बल पर दुनिया के बहुत से इलाकों पर काबिज हो गए और एक एंपायर खड़ी कर लिया। क्रूरता और टेक्नोलॉजी खासतौर से फायरआर्म्स के बिना यह कैसे संभव था? अंग्रेजों ने भारत में संगठित और अनुशासित ईस्ट इंडिया कंपनी की सेना के जरिए भारत की उन अनेक रियासतों को युद्ध में झोंककर और इन्हें जीतकर 'ब्रिटिश इंडिया' क्रिएट किया। इन्हें 'विजित प्रदेश' कहा गया और बहुत से इलाकों को 'सरंडर्ड टेरिटरी' कहा गया। भारत में इन्हीं तत्वों ने अंग्रेजों को हम पर बढ़त दी। पहले से कमजोर और डगमगाए हुए मुगल शासन को अंग्रेजों ने एक ही वार में ध्वस्त कर दिया, लेकिन यह आतंकी कार्रवाई नहीं कही गई। यह चकित करने वाली बात हमें इतिहासकार बताते हैं। एक अंग्रेज़ ने ही ऐसी किताब लिखी है जिसमें अंग्रेजों द्वारा भारत में मिलिट्री या पुलिस का इस्तेमाल करके जुल्म करने की पूरा विवरण एक समयक्रम से दर्ज है।

> म्युटिनी से होते हुए आजादी के लिए पहली जंग तक पहुंचने की दास्तानों का बड़ा दस्तावेजीकरण हुआ है। रूस और फ्रांस की 'क्रांतियों' को भी विद्रोह की संख्या दी गई, लेकिन राजद्रोह तो किसी ने नहीं कहा।

टुकड़ों में बंटे हुए भारत का अंग्रेजों ने री-यूनिफिकेशन किया। गलत और सही का सवाल उठाए बिना तथ्यों के आधार पर इतिहास को देखना चाहिए और ऐसा सोचने से कि 'वह नहीं होता तो यह होता', कोई लाभ नहीं। 'हिस्ट्री इज नॉट ए सिमुलेशन ऑफ सिचुएशंस'। ऐसे में अगर ब्रिटिश एडमिनिस्ट्रेशन ने भगत सिंह को एक टेररिस्ट कहा तो उस समय की सोच और सिर्फ ब्रिटिश हित या 'इंडियन एंपायर' को ध्यान में रख कर कहा और आज के जमाने में माओवादियों, नक्सलियों, खालिस्तानियों और कश्मीर में सक्रिय आतंकी गुटों को आतंकी कहना इसलिए उचित है कि वे भारत में अमन चैन को ही अस्त-व्यस्त नहीं करते, बल्कि भारत की अखंडता पर आघात करते हैं। भावना किसकी उचित है, किसकी नहीं यह शासनकर्ताओं के मिजाज पर नहीं, बल्कि सांस्कृतिक और प्रशासनिक दृष्टि से एक संप्रभु रहने वाली और राष्ट्रीयता के नाम पर एकजुट कौमों की सर्वोपरि इच्छा पर निर्भर है। अंग्रेजी राज के दौर में भी भारत सांस्कृतिक और प्रशासनिक दृष्टि से मोटे तौर पर एक 'संप्रभु' राष्ट्र रहा, लेकिन राजनैतिक संप्रभुता या प्रभुसत्ता किसी और अर्थात् सम्राज्यवादी अंग्रेजों के पास थी। इन अंग्रेजों में से 95 प्रतिशत से अधिक स्कॉटलैंड के थे या फिर एंग्लो-इंडियंस। इतिहास के किन्हीं पन्नों में दर्ज है कि भारत में अंग्रेजी हकूमत स्कॉट्स के बिना असंभव थी और इसे डाटकर रखना और भी मुश्किल। राजनैतिक प्रभुसत्ता की इच्छा और ताकत को साम्राज्य की कॉलोनी में अगर कोई चैलेंज करता है तो उसे निश्चित रूप से टेररिस्ट या आतंकी ही कहा जाएगा, ऐसा साम्राज्यवादियों के शब्दकोष में दर्ज होता है। संप्रभुता का हनन करने वाले के विरुद्ध अगर हिंसा का इस्तेमाल करते हुए जो भी मारा जाता है, उसे 'मार्टेयर' या देश पर प्राण न्योछावर करने की स्थिति में वीरगति होना या शहीद होना कहा जाता है। इसलिए इस बिंदु पर गौर करने के लिए हमें हिस्ट्री ऑफ टेररिज्म को देखना चाहिए। यह भी कि टेररिज्म और 'आर्म्ड रेजिस्टेंस फॉर फ्रीडम' के परिदृश्य में 'रेवलुशन' के नियम और आदर्श कैसे फिट बैठते हैं।

माओवादी और खालिस्तानी हों या श्रीलंका में लिट्टे तमिलियंस और कश्मीर के जिहादी इन्हें किसी भी माने में नेताजी सुभाष चंद्र बोस द्वारा खड़ी की गई आजाद हिंद फौज की स्थापना और मकसद की 'आइडियोलॉजी' से नहीं मापा जा सकता। मूल्यांकन का पैमाना ही मौलिक अंतर पैदा करता है, लेकिन सबसे अहम होती है संगठन की ताकत। स्टेट या राज्य के संगठन की ताकत अगर अधिक है या बड़ी है तो वह विरोधी को कुचल देती है। बेशक सुभाष चंद्र बोस की या लिट्टे के प्रमुख प्रभाकरन की 'आइडियोलॉजी' कितना भी सही क्यों न रही हों। अर्थात् गलत आइडियोलॉजी के साथ अगर ब्रिटिश लोग भारत पर अधिपत्य जमा कर बैठे रहे तो उन्हें किसी भी उपाय से देश से निष्काषित करना आइडियोलॉजी के अनुसार उचित है, यह बीसवीं सदी के दूसरे और तीसरे दशक के भारत के परिदृश्य में देखना होगा। यह या ऐसी आइडियोलॉजी किसी और रूप में भी सक्रिय होती है और हुई है। जैसे मोहनदास करमचंद गांधी का उदय और इनका क्रमशः विकास या पॉलिटिकल एव्ल्युशन जिसकी नींव अहिंसा और रचनात्मक विरोध न विद्रोह पर आधारित रही थी। गांधी जी कभी पॉलिटिकल व्यक्तित्व थे ही नहीं। वे हमेशा सोशियो पॉलिटिकल रहे और ब्रिटिश हकूमत को यह अहसास दिलाकर कि भारत पर उनका कब्जा खुद उनकी अपनी नैतिकता और ब्रिटिश लोकतांत्रिक मूल्यों के आधार पर, उनके अपने पॉलिटिकल थिंकर्स की थ्योरीज और आइडियोलॉजीज के मुताबिक गलत और अनैतिक है, स्वाधीनता की ओर ले गए थे।

अराजकता (एनार्की), सशस्त्र विद्रोह या काउंटर टेररिज्म दुनिया के लिए नई बात नहीं है। आतंकवाद के इतिहास पर इसकी उत्पत्ति और क्रमशः विकास के बारे में हमारे पास सैंकड़ों की संख्या में आज पुस्तकें हैं। वैश्विक मानव थ्योरीज हमेशा से ही स्वतंत्रता को सर्वोपरि मानती रही है चाहे कबीलाई युग रहा हो, वर्तमान की लोकतांत्रिक या निरंकुश सरकारें या नाजायज सरकारों को चैलेंज करने वाली विद्रोही सेनाएं जो अनेक मुल्कों में, खासतौर से अफ्रीकी देशों सक्रिय हैं।

क्या पॉलिटिकल थ्योरिस्ट्स विद्रोह को क्रांति या क्रांति को बाद में विद्रोह कह सकते हैं? उदाहरण के लिए सन् 1857 में हिन्दुस्तान में ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी के लंबे समय से चले आ रहे अत्याचार पूर्ण रवैये, घोर अन्याय और शोषण के विरुद्ध ही तंग आकर भारतीयों ने सशस्त्र विद्रोह किया जिसे अंग्रेजों ने 'सीपाय म्युटिनी' कहा। भारत का प्रथम स्वतंत्रता संग्राम कहा गया। म्युटिनी से होते हुए आजादी के लिए पहली जंग तक पहुंचने की दास्तानों का बड़ा दस्तावेजीकरण हुआ है। रूस और फ्रांस की 'क्रांतियों' को भी विद्रोह की संख्या दी गई, लेकिन राजद्रोह तो किसी ने नहीं कहा।

भारत को स्वाधीन करने के लिए आतंकी उपायों का समर्थन गांधी जैसे युगपुरुष ने कभी नहीं किया, लेकिन आइडियोलॉजी के अंतर्गत भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु को आम मुआफी (जनरल रेप्रीव) के लिए क्यों विचाराधीन न रखा गया, यह एक रहस्य ही बना रहेगा।

## प्रसंगवश

# राम मंदिर पर बुलडोजर



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

चुनाव प्रचार चरम पर है। इसके साथ-साथ प्रचार का स्तर भी उत्तरोत्तर घटिया होता जा रहा है। ऐसे में बड़े नेता को पुष्ट आधार वाली ही बातें कहनी चाहिए न कि निराधार, उत्तेजना फैलानी वाली कटूक्तियां। बाराबंकी, फतेहपुर, हमीरपुर आदि की जनसभाओं में कहा गया है कांग्रेस अयोध्या के निर्मित हो रहे राम मंदिर पर बुलडोजर चलवा देगी। सवाल उठता है कि क्या कांग्रेस ने ऐसा अपने घोषणा पत्र में कहा है? यदि नहीं तो ऐसा आधारहीन भाषण देकर सनसनी क्यों फैलाई जा रही है? बुलडोजरों से निर्माणों के ध्वस्तीकरण की परंपरा तो भाजपा ने डाली है और वाराणसी में विकास और नव निर्माण के नाम पर तमाम मंदिर गिराए भी गए हैं। जिस अयोध्या मंदिर का पूरा श्रेय लिया जा रहा है। वहां बाबरी मस्जिद के रहते रामलला का श्री विग्रह तो 23 दिसंबर, 1949 में ही प्रतिष्ठित कर दिया गया था, जब प्रधानमंत्री पं.जवाहरलाल नेहरू थे। यह आधार न पड़ गया होता, तो बाद की कार्रवाईयां, मुकदमें बाजी, मस्जिद ध्वस्तीकरण आदि होता कैसे? गुजरात के सोमनाथ मंदिर का जीर्णोद्धार सरदार पटेल के प्रयासों से ही हुआ और ज्योतिर्लिंग स्थापना 11 मई, 1951 को डॉ. राजेन्द्रप्रसाद ने की थी। ये लोग कांग्रेसी ही थे। पुस्तक "फ्रीडम ऐट मिड नाइट" में उल्लेख है कि आजादी की रात राजेंद्र बाबू के दिल्ली आवास पर हवन हो रहा था। इस पुस्तक के लेखक अंग्रेज थे, कांग्रेसी नहीं। जवाहरलाल नेहरू ने अपनी वसीयत में लिखा था कि मरणोपरांत उनके शरीर की भस्म का एक भाग वायुयान से भारत की भूमि पर और शेष संगम (इलाहाबाद) में विसर्जित कर दिया जाए। उनकी पुस्तक "डिस्कवरी ऑफ इंडिया" में वेदों, उपनिषदों के विपुल संदर्भ आए हैं, जो वैदिक वाङ्मय के उनके गहरे अध्ययन के द्योतक हैं। ऐसे में स्पष्ट किया जाना चाहिए कि कांग्रेस शासनकाल में कितने मंदिर तोड़े गए और वर्तमान आशंका कि राम मंदिर पर कांग्रेस बुलडोजर चलवा देगी, का पुष्ट और विश्वसनीय आधार क्या है?

# हीट वेव जोखिम न्यूनीकरण के उपाय



डॉ. नन्द किशोर साह
इटावा

> सभी विद्यालयों में पेयजल एवं पंखों की व्यवस्था सुनिश्चित हो। बच्चों को हीट वेव से बचने की ज्यादा से ज्यादा जानकारी दी जाए। अग्निशमन हर समय एक्शन मोड में रहें, जहां भी आगजनी की समस्या सुनने को मिले तत्काल कार्यवाही करें। जर्जर, टूटे हुए बिजली के खंभों को सही कर लिया जाए। सभी गौशालाओं में गायों के लिए पानी, छाया और हरा चारा व भूसे की पर्याप्त व्यवस्था, घायल व बीमार गौवंशों के उपचार की समुचित व्यवस्था कर ली जाए।

जलवायु परिवर्तन एवं तापमान वृद्धि के कारण विश्व में गर्मी बढ़ रही है। भारत में भी एक गंभीर मौसमी घटनाओं के रूप में उभरी है। लू को प्राकृतिक आपदाओं में साइलेंट किलर के रूप में भी जाना जाता है। लू से बुजुर्ग, बच्चे गर्भवती महिलाएं बीमार, मजदूर, झोपड़-पट्टी में रहने वाले और आश्रय विहीन अधिक प्रभावित होते हैं। असंगठित और अनौपचारिक क्षेत्रों में काम करने वाले व्यक्तियों को जोखिम उठाना पड़ता है।

गर्मी के बढ़ते मौसम में हीट वेव की स्थिति, शरीर की कार्य प्रणाली पर प्रभाव डालती है। अगर प्रभावित व्यक्ति को तत्काल उचित उपचार न मिले तो व्यक्ति की स्थिति गंभीर हो जाती है। गर्मी सहन करने की एक सीमा होती है। तापमान में कोई भी अत्यधिक परिवर्तन उत्पादकता को भी प्रभावित करता है। ऐसे में हीट वेव से बचाव एवं न्यूनीकरण के संबंध में तैयारियां एवं जानकारी आवश्यक है।

इस संबंध में उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा कानपुर में एक भव्य कार्यशाला का आयोजन कर स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को जागरूक किया गया था। इसमें कानपुर मंडल की सैकड़ों महिलाओं ने भाग लिया था। इटावा जनपद की ओर से मुझे भी प्रतिभाग करने का अवसर मिला था। उस कार्यशाला की प्रासंगिकता आज महसूस हो रही है। हीट वेव के प्रभावों को कम करने के लिए व्यक्ति को प्यास न लगने पर भी पानी पीते रहना चाहिए। तेज धूप होने पर बाहर न निकलें बचें। हीट वेव के दौरान बुजुर्गों, बच्चों और गर्भवती महिलाओं का विशेष ध्यान रखना चाहिए। यदि बच्चों के पेशाब का रंग गहरा है तो इसका मतलब है कि वह पानी की कमी का शिकार हैं, उन्हें पर्याप्त मात्रा में पानी पिलाएं। किसी भी स्थिति में बच्चों या जानवर को बिना देखरेख के धूप में खड़ी वाहन में छोड़कर न जाएं, वाहन जल्दी गर्म होकर खतरनाक तापमान पैदा कर सकते हैं।

दोपहर के समय बीच बाहर सीधा धूप में बाहर जाने और कठोर परिश्रम वाली गतिविधियों से बचें। धूप में नंगे पांव न रहें। दिन में जब तापमान अधिक होता है, उस दौरान खाना पकाने से बचें। खाना पकाने के लिए हवादार, खुले दरवाजे और खिड़कियों वाले स्थान चुनें। शराब, चाय, कॉफी और कार्बोनेटेड पेय से बचे, जो शरीर को निर्जलित करता है। उच्च प्रोटीन वाले भोजन से बचें और बासी भोजन न करें जितना हो सके घर के अंदर रहे।

यदि आप बेहोशी या कमजोरी महसूस करते हैं तो तुरंत डॉक्टर को दिखाएं, जहां तक संभव हो, तेज गर्मी के दौरान मवेशी को घर के भीतर रखें। जानवरों को किसी बंद आश्रय में न रखें। ध्यान रखें कि आपके जानवर पूरी तरह साफ हों, उन्हें ताजा पीने का पानी दें। हीट वेव से बचाव के लिए सामाजिक और प्रशासनिक स्तर पर आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित हो। ग्रामीण क्षेत्रों में जहां छाया है, जहां पर लोगों का ठहराव होता हो, का चिन्हांकन कर जगह-जगह पर पीने के पानी के लिए प्याऊ की व्यवस्था की जाए। पानी के खराब हैंडपंप की मरम्मत कर ली जाए। समूह की बैठक कर लोगों को हीट वेव के बारे में बताया जाए। साथ ही साथ उसके बचाव के संबंध में जानकारी दी जाए।

सभी विद्यालयों में पेयजल एवं पंखों की व्यवस्था सुनिश्चित हो। बच्चों को हीट वेव से बचने की ज्यादा से ज्यादा जानकारी दी जाए। अग्निशमन हर समय एक्शन मोड में रहें, जहां भी आगजनी की समस्या सुनने को मिले तत्काल कार्यवाही करें। जर्जर, टूटे हुए बिजली के खंभों को सही कर लिया जाए। सभी गौशालाओं में गायों के लिए पानी, छाया और हरा चारा व भूसे की पर्याप्त व्यवस्था, घायल व बीमार गौवशों के उपचार की समुचित व्यवस्था कर ली जाए। स्थानीय मौसम की जानकारी के लिए जागरूक रहें। ग्रामीण क्षेत्रों में लू से बचने व बचाने के संबंध में व्यापक प्रचार-प्रसार का प्रबंध हों। इससे हम लू से बचाव और जोखिम को कम कर सकते हैं।

## सोशल फोरम

# साहित्य बोध में परिवर्तन



अजय तिवारी
वरिष्ठ लेखक, नई दिल्ली

सत्तर के दशक में बड़े-बड़े रचनाकारों की पलटन थी। उनमें से अच्छे-बुरे लेखक का भेद करना हम लोग अध्ययन और अनुभव से सीख रहे थे। उत्तर भूमंडलीय दौर में वैसे बड़े लेखक हैं नहीं और युवाओं में दूसरों की रचना पढ़ने का धैर्य कम हो रहा है। भले महत्वपूर्ण वरिष्ठ लेखक ही क्यों न हों, युवाओं की अभिरुचि अपनी पकी-अधपकी रचना पढ़वाने में ज्यादा है। सत्तर के दशक में हम एक-दूसरे के साथ संवाद और बहस करते हुए अपना विकास करते थे, उत्तर भूमंडलीय दौर में नए से नए रचनाकार को केवल अपनी प्रशंसा स्वीकार है, कमी निकाली नहीं कि गए काम से।

सत्तर के दशक में लघु पत्रिकाओं में छपना मान्यता और प्रसिद्धि के लिए मूल्यवान होता था, इसलिए बड़ी पत्रिका में छपने वाले लेखक मुड़कर लघु पत्रिकाओं की ओर आए। उत्तर भूमंडलीय दौर में वैसी आंदोलन परक लघु पत्रिकाएं रही नहीं, रचनाकारों को उनकी जरूरत भी नहीं है, सोशल मीडिया हर मंच का विकल्प और स्थानापन्न है। सत्तर के दशक में विचारधारा का महत्व बहुत अधिक था। उत्तर भूमंडलीय दौर में अस्मिता ने उसका स्थान ले लिया है। विचारधारा का मोल था तो रचनाओं का मूल्यांकन भी होता था, अस्मिता का समय है तो मूल्यांकन के बदले अनुमोदन और भर्त्सना रह गई है। मूल्यांकन के लिए रचना की विषय वस्तु और कलात्मक प्रयोग, रचना का सामाजिक संदर्भ और मनोवैज्ञानिक प्रभाव, परंपरा से संबंध और नवीनता में योगदान आदि अनेक पक्षों पर ध्यान देना आवश्यक था। मैं यह नहीं मानता कि पहले सब अच्छा था, अब पतित है। इसे ऐतिहासिक दृष्टि से परिवर्तन कहना उचित है। जैसे वाल्मीकि की ऊंचाई पर कोई दूसरा नहीं पहुंचा वैसे भवभूति की उदात्तता तक और कालिदास के सौंदर्य बोध तक कोई दूसरा नहीं पहुंचा। अस्मिता वादियों के गाली देने पर भी तुलसीदास के काव्यात्मक धरातल तक कोई दूसरा नहीं पहुंचा, निराला के करुणा-सौंदर्य-औदात्य तक दूसरा नहीं पहुंच पाया। फिर भी वाल्मीकि से निराला तक साहित्य का विकास होता आया है। यह क्रम आगे भी चलेगा, लेकिन तभी जब हम उत्तेजना से नहीं, विवेक से परिचालित होकर प्रयत्न करेंगे।

–फेसबुक वॉल से

# डिजिटल यूटोपिया में सकारात्मक रिश्ते हुए दुर्लभ



प्रियदर्शिनी दिव्या भारद्वाज
स्वतंत्र विचारक
उझानी, बदायूं

सोशल मीडिया के माध्यम से आज हमारे पास एक बहुत बड़ी दुनिया है, जो कमरे में बैठकर सोशल होना सिखाती है। इस बड़ी सी दुनिया से हमारी छोटी सी दुनिया की अक्सर झपट हो जाती है। बड़ी दुनिया के बड़े तौर तरीके छोटी वाली दुनिया झेल नहीं पाती। बड़ी दुनिया छोटी सी स्क्रीन पर बड़ी-बड़ी लफ्फाजियां दिखाती है। कमरे में बैठा छोटा सा आदमी फंस जाता है और छोटी सी स्क्रीन के सहारे वह बड़ी वाली दुनिया का हिस्सा बनने का मुगालता पाल लेता है और इसमें तो खुली आंखों से जादू किया जाता है। देखते ही देखते सामने वाला आदमी फोन की स्क्रीन में डूब जाता है और बगल में बैठे सोसायटी के दूसरे सज्जन तक उसकी गुमशुदगी की आहट नहीं पहुंचती। इस प्रकार इक्कीसवीं सदी में हर व्यक्ति आभासिक सामाजिक जीवन आभासिक खुशी से व्यतीत कर रहा है।

आभासिक सत्य और खुशियों की दुनिया कितनी सत्य एवं कितनी खुश है। ये दुनिया है स्टेटस पर लगे जबरदस्ती हंसते-चेहरों की दुनिया, फेसबुक पेज पर इठलाते घुम्मकड़ों की दुनिया, इंस्टा पर मचलते युवाओं की दुनिया। इन सबको देखो और थोड़ी बहुत टीवी पर आदर्शवादी खबर चैनल सुन लो तो लगता है रामराज्य आ ही गया। पर क्या आ ही गया? इस खुशनुमा आभास को तकनीकी और नई भाषा में मैं "डिजिटल यूटोपिया" कहूंगी और इस डिजिटल यूटोपिया के सामने रखूंगी" डिजिटल डिस्टोपिया", जो इस तथाकथित खुशनुमा दुनिया के विपरीत है। डिजिटल यूटोपिया (डिजिटल रामराज्य) वास्तविक जीवन में डिस्टोपिया (रामराज्य की उलट व्यवस्था) का निर्माण कर रहा है। डिजिटल जीवन मूल जीवन का सारा डाटा खत्म किया जा रहा है। इस जीवन की जीबी सोशल अकाउंट्स की लाइफ पर खर्च हो जा रही है और जीवन का डिवाइस सूना सूना, बिना नोटिफिकेशन का रह जाता है।

इतना इंस्टा-फेसबुक ये और वो के बाद भी सामाजिक जीवन के लाभ नहीं मिल पा रहे। सामाजिक जीवन के लाभ थे तनाव मुक्ति, एकाकीपन और मन से निवृति पाना, दूसरे को समझना, मन की तरंगों की अनुभूति करना, किसी अन्य को अपनी तरंग ऊर्जा से परिपूरित करना। ये सब संभव है जब सचमुच की दुनिया में सामाजिकता निभाई जाए और सचमुच के सामाजिक व्यक्ति पर ढोंग की सामाजिकता का वक्त भी नहीं होगा। आभासी दुनिया डिजिटल प्रणाली की सामाजिकता निभाने में सबसे ज्यादा तनावग्रस्त एवं एकाकी लोग मिल रहे हैं।

इस डिजिटल दुनिया में ताबड़तोड़ मारधाड़ के गेम्स और पत्थर प्रधान एवेनजर्स जैसी फिल्में हैं, जो जीवन के मानक तय कर रही है। कुल मिलाकर कहूं तो नकारात्मक सामाजिकता का प्रसार हो रहा है। सकारात्मक रिश्ते बड़े दुर्लभ हुए जा रहे हैं।



अबूझमाड़ का जनजातीय समाज जो मेलजोल की पारंपरिक संस्कृति का वाहक है। हाथों में हाथ डालकर नृत्य करना इनकी संस्कृति है, वे भी नृत्य करते समय मेल प्रेम का हाथ नहीं, बल्कि मोबाइल पकड़े हुए हैं।

# लोकसभा चुनाव में संविधान की गूंज



सुरेन्द्र सोनकर
सामाजिक चिंतक

> विपक्ष की बात तेजी से फैली और उसका असर होते देख प्रधानमंत्री को उसको बेअसर करने के लिए कहना पड़ा संविधान को बाबा साहब आंबेडकर भी आ जाएं तो भी खत्म नहीं कर सकते।

चुनाव की प्रक्रिया प्रारंभ होने से पहले ही विपक्ष ने संविधान को मुख्य मुद्दा बना दिया था। जैसे-जैसे तिथियां नजदीक आती गईं, बल्कि चुनावी प्रक्रिया शुरू होती गई उतनी ही तेजी से संविधान की गूंज तेजी से बढ़ती गई और निरंतर जारी है। सत्ताधीशों द्वारा प्रचंड रूप से सत्ता के हिंदुत्व के एजेंडे के सामने और कोई बात इतनी असरकारी हो नहीं सकती थी, क्योंकि जो हिदुत्व का दर्शन भाजपा का है उसमें सबसे अधिक संविधान के लाभकारी लोग ही हैं जिसमें पिछड़े वर्ग, अनुसूचित जाति / जनजाति वर्ग सरकारी नौकरी व शिक्षा के प्रावधान से लाभान्वित लोग हैं।

संविधान खत्म करने की बात भाजपा के इस नारे से चली अबकी बार चार सौ पार यह अति उत्साही नारा था। एक बार तो भाजपा के कार्यकर्ताओं व समर्थकों में ऊर्जा का संचार हुआ। कांग्रेस के राहुल गांधी, समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव, बिहार से तेजस्वी यादव, महाराष्ट्र से उद्धव ठाकरे, बंगाल से ममता बनर्जी झारखंड से कल्पना सोरेन जो कि निवर्तमान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी हैं, आप पार्टी के संजय सिंह और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल आदि विपक्ष के नेताओं ने सत्तापक्ष पर एक ही वार किया कि भाजपा चार सौ पार इसलिए चाहती है कि संविधान खत्म कर सकें। कमजोर वर्गों का हिंदुत्व का तिलिस्म टूटने लगा और भाजपा से मोह भंग होने लगा।

यह पूरी तरह नहीं कहा जा सकता कि सभी बहुजन नाराज हैं। कहीं खुद की जाति के उम्मीदवार तो कहीं सरकारी योजनाओं से लाभकारी कमजोर वर्ग उनके पाले में हैं, लेकिन काफी हद तक लोगों के जेहन में यह बात पहुंच गई कि संविधान खत्म तो उनकी गरिमा खत्म, जो कि संविधान उन्हें समानता की गारंटी देता है। संविधान कमजोर वर्गों के लिए संवेदनशील मुद्दा ही नहीं है, बल्कि संविधान तो सभी देशवासियों के लिए है जिससे सभी के हित सुरक्षित हैं। विपक्ष की संविधान पर की गई बात तेजी से फैली और उसका असर होते देख प्रधानमंत्री को उसको बेअसर करने के लिए कहना पड़ा संविधान को बाबा साहब आंबेडकर भी आ जाएं तो भी खत्म नहीं कर सकते।

1952 से अब तक के लोकसभा चुनाव में सत्ता के खिलाफ संविधान मूल मुद्दा कभी नहीं रहा, रहा हो मेरे जेहन में नहीं है। आज संविधान व आंबेडकर की बदौलत डॉक्टर, इंजीनियर, वैज्ञानिक, कलेक्टर, पुलिस कप्तान, सांसद, विधायक योग्यताओं को प्राप्त करते हुए का सपना देख सकता है। मुझ जैसे साधारण व्यक्ति की कलम भी कुछ लिखने योग्य है, जबकि मेरे पिता बहुत शिक्षित नहीं थे और बाबा बिल्कुल निरक्षर, जो कि रेलवे में चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारी थे। वे मुश्किल से टेढ़े-मेढ़े शब्दों में हस्ताक्षर कर पाते थे।

## योगी नंबर वन, 50 दिन में 151 जगह किया प्रचार



**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भाजपा को प्रदेश में मिशन-80 और देश में 370 सीटों के लक्ष्य तक पहुंचाने के लिए जबर्दस्त चुनाव प्रचार कर रहे हैं। जानकारी के मुताबिक योगी आदित्यनाथ 27 मार्च से 19 मई तक 50 दिन में 1113 जनसभाएं करके भाजपा के पक्ष में माहौल तैयार किया है। प्रदेश के साथही देश के दूसरे राज्यों में भी उनकी सभाएं हो रही हैं। जनसभाओं के अलावा उत्तर प्रदेशके मुख्यमंत्री ने 15 प्रबुद्ध सम्मेलन और एक दर्जन से ज्यादा रोड शो भी किए हैं। इसके अलावा वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के नामांकन में भी शामिल हुए थे।

### 5वें चरण की 49 सीटें

2019 का स्कोर कार्ड

| | |
|---|---|
| एनडीए | 39 |
| यूपीए | 08 |
| बीजद | 02 |

### इस बार किस दल के कितने हैं प्रत्याशी

| | |
|---|---|
| भाजपा | 40 |
| सहयोगी | 09 |
| कांग्रेस | 18 |
| सहयोगी | 31 |
| बीजद | 05 |
| टीएमसी | 07 |
| बसपा | 46 |

### चक्रव्यूह के पांचवें द्वार में मोदी सरकार के पांच मंत्री

- रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की लखनऊ से इस बार हैट्रिक की तैयारी
- अमेठी की दीदी मंत्री स्मृति इरानी को क्या इस बार मिलेगी चुनौती
- मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति को जीत के लिए मिली बसपा की संजीवनी
- जालौन से छठी बार संसद पहुंचने के लिए बेताब हैं मंत्री भानुप्रताप
- मंत्री कौशल किशोर को मोहनलाल गंज में देना पड़ रहा कड़ा इम्तिहान
- रायबरेली में राहुल गांधी की घेरेबंदी

### सपा से धर्मेंद्र यादव, भाजपा से दिनेश लाल यादव और बसपा से मशहूद अहमद उम्मीदवार

# दो यादवों में नाक की लड़ाई बसपा ने त्रिकोणीय बनाई

दिग्विजय सिंह

**अमृत विचार।** कैफी आजमी की धरती आजमगढ़ में इस बार चुनावी मुकाबला न सिर्फ दिलचस्प है, बल्कि कांटे का होने की उम्मीद है। यहां से सपा उम्मीदवार धर्मेंद्र यादव जहां 2022 के उप चुनाव में मिली हार की टीस मिटाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं, तो भाजपा के दिनेश लाल यादव निरहुआ जीत की लय बरकरार रखने की कोशिश में लगे हैं। बसपा ने यहां मशहूद अहमद के रूप में मुस्लिम चेहरा उतार कर मुकाबला त्रिकोणीय बनाने का पूरा प्रयास किया है। रविवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ यहां कमल खिलाने के लिए जोश भर गए हैं, अब सोमवार को पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव सभाएं करने आ रहे हैं, तो दो दिन बाद डिंपल यादव रोड शो करने वाली हैं।

2022 का उप चुनाव बसपा से मुस्लिम उम्मीदवार होने की वजह से ही सपा हारी थी। ऐसे में इस बार सपा मुकाबला जीतने के लिए अपने हर कील-कांटे को दुरुस्त करने में जुटी है। पार्टी ने बसपा के उस चेहरे को भी अपने साथ ले लिया है जो धर्मेंद्र यादव की हार का कारण बना था। हालांकि पिछले दो चुनावों में बसपा से खिसक कर भाजपा के पाले में जाने वाले दलित मतदाता इस बार किसके साथ रहेंगे, इसे लेकर कयासों का बाजार गर्म है।

आजमगढ़ सीट कभी कांग्रेस का गढ़ थी। 1952 से 1971 तक पांच चुनावों में कांग्रेस को ही जीत मिली, लेकिन 1977 में जनता पार्टी से रामनरेश यादव ने जीत दर्ज की थी। हालांकि 1978 के उप चुनाव में मोहसिना किदवई कांग्रेस से जीत गईं। 1980 में जनता पार्टी सेक्युलर और 1984 में कांग्रेस फिर जीती। लेकिन इस चुनाव के बाद कांग्रेस को यहां के मतदाताओं ने कभी जीतने का मौका ही नहीं दिया।

आजमगढ़ संसदीय सीट



### राम मंदिर की लहर में यहां जीती थी बसपा

- 1989 के चुनाव में जब पूरे देश में राम मंदिर आंदोलन को लेकर लहर चल रही थी तब यहां से बसपा का हाथी दिल्ली पहुंचा था। 1991 में यह सीट जनता दल के खाते में गई और इसके बाद कभी सपा तो कभी बसपा के खाते में जाती रही। इस सीट से बसपा चार बार बसपा और चार बार सपा के सांसद बने। पहली बार 2009 में भाजपा यहां से जीती थी। तब पार्टी ने 2004 में बसपा के टिकट पर सांसद बने रमाकांत यादव को मैदान में उतारा था। इससे पहले रमाकांत यादव 1996 और 1999 में सपा के टिकट पर सांसद चुने गए थे।

**2022** का उप चुनाव बसपा से मुस्लिम उम्मीदवार होने की वजह से सपा हार गई थी।

**2014** और 2019 में मुस्लिम मतदाता सपा के साथ मजबूती से खड़े रहे थे

**2019** में अखिलेश यादव खुद मैदान में यहीं से उतरे और जीते भी

### एम-वाई समीकरण से सपा ने बनाया मजबूत गढ़

इस सीट पर यादव और मुस्लिम मतदाता निर्णायक भूमिका में हैं। सपा की जीत में एम वाई समीकरण ही काम करता रहा है। मुस्लिम और यादव मतदाताओं की एकजुटता से सपा जीतती रही। जब मुस्लिम दलितों के साथ बसपा के पक्ष में झुके तो बसपा को यहां से जीत मिल गई। 2014 और 2019 में मुस्लिम मतदाता सपा के साथ मजबूती से खड़े रहे लेकिन 2022 में बसपा ने शाह आलम गुड्डू जमाली को उतारा तो वे बसपा के साथ चले गए। परिणाम यह हुआ कि धर्मेंद्र यादव उप चुनाव हार गए। गुड्डू जमाली 2014 में भी बसपा से लड़े थे लेकिन दलित मतदाताओं के भाजपा में शिफ्ट होने का नुकसान उन्हें हुआ था। तब उन्हें 2,66,528 वोट से ही संतोष करना पड़ा था। उप चुनाव में भी उन्हें 2,66, 210 वोट मिले थे।

### गढ़ दरकता देख खुद उतरे थे मुलायम सिंह

- सपा इस सीट को अपना मजबूत गढ़ मानती है, लेकिन जब 2004 के बाद 2008 के उप चुनाव में बसपा यहां से जीती और 2009 में भाजपा को जीत मिली तो 2014 में खुद सपा प्रमुख मुलायम सिंह यादव को आजमगढ़ के मैदान में उतरना पड़ा। इस चुनाव में भाजपा ने रमाकांत यादव को उनके मुकाबले उतारा। रमाकांत यादव ने मुलायम सिंह को कड़ी टक्कर दी, लेकिन चुनाव हार गए। यही वजह है कि 2019 में अखिलेश यादव खुद मैदान में यहीं से उतरे और जीते भी। अखिलेश यादव के त्यागपत्र के बाद जब इस सीट पर उप चुनाव हुआ तो धर्मेंद्र यादव मैदान में आए। लेकिन उन्हें हार का सामना करना पड़ा और भाजपा यहां से दूसरी बार जीती।

### विधानसभा की सभी पांच सीटें सपा के पास

- विधानसभा की पांच सीटें इस लोकसभा क्षेत्र में आती हैं। इन सभी पर सपा का कब्जा है। आजमगढ़ सदर सीट पर लगातार छह बार से पार्टी के दुर्गा प्रसाद यादव जीत रहे हैं। इससे पहले भी वे यहां से विधायक बनते रहे हैं। इस सीट पर मुस्लिम व यादव आबादी का दबदबा है। मुबारकपुर विधानसभा क्षेत्र में भी मुस्लिम निर्णायक भूमिका में हैं तो सगड़ी में यादव मतदाता, मुस्लिम मतदाताओं के साथ जीत की इबारत लिखते हैं। यही सपा की मजबूती है।

### रमाकांत के जेल में होने से सपा की रणनीति थोड़ी गड़बड़ाई है

- बाहुबली रमाकांत यादव का जेल में होना सपा को नुकसान पहुंचा रहा है। यादव मतदाताओं में मजबूत पकड़ रखने वाले रमाकांत यादव सपा के फूलपुर पवई विधानसभा सीट से विधायक हैं। यह सीट वैसे तो लालगंज संसदीय क्षेत्र में आती है लेकिन रमाकांत का दबदबा सगड़ी, गोपालपुर, आजमगढ़ सदर आदि विधानसभा क्षेत्रों में भी है। बूथ मैनेजमेंट का उन्हें माहिर माना जाता है।

# कारगिल में निर्दलीय व लेह में भाजपा-कांग्रेस की टक्कर

चुनाव डेस्क

**अमृत विचार।** केंद्र शासित प्रदेश बनने के बाद लद्दाख में सोमवार को पहले लोकसभा चुनाव के लिए मतदान होगा। लद्दाख में पिछले दो चुनावों में भारतीय जनता पार्टी द्वारा उतारे गए दो बौद्ध प्रत्याशियों ने जीत हासिल की थी। इस बार लद्दाख सीट पर तीन उम्मीदवार मैदान में हैं। भाजपा ने मौजूदा सांसद की जगह ताशी ग्यालसन और कांग्रेस ने त्सेरिंग नामग्याल को मैदान में उतारा है। लेकिन यहां चुनाव प्रचार बंद होने के बाद त्रिकोणीय मुकाबले की तस्वीर सामने आयी है। लद्दाख में दो जिले लेह और कारगिल हैं। भाजपा और कांग्रेस ने लेह क्षेत्र से उम्मीदवार उतारे हैं, जबकि कारगिल से निर्दलीय हाजी हनीफा जान चुनाव लड़ रहे हैं। कारगिल में हनीफा को नेशनल कॉन्फ्रेंस, कांग्रेस और कारगिल डेमोक्रेटिक अलायंस के समर्थकों का भी पूरा साथ मिलता नजर आया है। करगिल में इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी के विरोध के कारण नेशनल कॉन्फ्रेंस की पूरी यूनिट ने इस्तीफा दे दिया था। करगिल की कांग्रेस इकाई भी यहां अपने उम्मीदवार का समर्थन नहीं कर रही है। ऐसे में माना जा रहा है कि यहां भाजपा और निर्दलीय हनीफा के बीच मुकाबले में कांग्रेस तीसरा कोण बना रही है। लद्दाख के लेह और कारगिल में कुल 577 मतदान केंद्र स्थापित किए गए हैं।

# कांग्रेस की आधा दर्जन सीटों पर अग्नि परीक्षा

चुनाव डेस्क

**अमृत विचार ।** उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी के साथ गठबंधन में कांग्रेस को जो 17 सीटें मिली हैं, उनमें सात सीटों पर चार चरणों में मतदान हो चुका है। पांचवें चरण में कांग्रेस के खाते वाली चारों सीटें अमेठी, रायबरेली, बाराबंकी और झांसी हैं, जिन पर सोमवार को वोट पड़ेंगे। इसके बाद अगले दो चरणों में कांग्रेस को अपने हिस्से की आधा दर्जन सीटों पर चुनावी इम्तिहान देना है। ऐसे में बड़ा सवाल है कि 2014 में प्रदेश से दो और 2019 में एक सीट जीतने वाली कांग्रेस इस बार अपनी तालिका में कितना सुधार कर पाएगी।

कांग्रेस पांचवें चरण की चार सीटों में रायबरेली में राहुल गांधी की जीत के लिए आश्वस्त है, तो अमेठी में केएल शर्मा और बाराबंकी में तनुज पुनिया के बाद झांसी में प्रदीप जैन आदित्य के सीधी लड़ाई में होने से सकारात्मक अवसर देख रही है। इसके बाद बचे दो चरणों के चुनाव में कांग्रेस को सबसे ज्यादा उम्मीद प्रयागराज से हैं, जहां उसने रेवती रमण सिंह के बेटे उज्जवल रमण सिंह को मैदान में उतार रखा है। बांसगांव में सदल प्रसाद पिछली बार बसपा से चुनाव लड़कर दूसरे नंबर पर रहे थे, इस बार वह कांग्रेस के उम्मीदवार हैं। यहां पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष खरगे सभा करने गए थे। देवरिया में कांग्रेस अपने राष्ट्रीय प्रवक्ता अखिलेश प्रताप सिंह की जीत का मौका देख रही है। महाराजगंज में कांग्रेस से उतरे वीरेंद्र सिंह ने मुकाबला त्रिकोणीय बना रखा है। सीतापुर से पार्टी ने राकेश राठौर पर दांव लगा रखा है। वाराणसी में कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय चुनाव मैदान में हैं, लेकिन कांग्रेस यहां सिर्फ अपना आधार बनाए रखने की लड़ाई लड़ रही है।



- प्रदेश से 2014 में दो और 2019 में एक सीट जीतने वाली पार्टी को इस बार तालिका में सुधार की उम्मीद



मांगे वोट

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पश्चिम बंगाल के मेदिनीपुर के खड़गपुर में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए टीएमसी पर जमकर हमला बोला।

### यूपी में आज कौन कहां से मुकाबले में

| लोकसभा सीट | भाजपा | सपा-कांग्रेस | बसपा |
|---|---|---|---|
| अमेठी | स्मृति इरानी | केएल शर्मा | नन्हे सिंह चौहान |
| रायबरेली | दिनेश प्रताप सिंह | राहुल गांधी | ठाकुर प्रसाद यादव |
| लखनऊ | राजनाथ सिंह | रविदास मेहरोत्रा | सरवर मलिक |
| जालौन | भानुप्रताप वर्मा | नारायण दास अहिरवार | सुरेश चंद्र गौतम |
| मोहनलाल गंज | कौशल किशोर | आरके चौधरी | राजेश कुमार |
| झांसी | अनुराग शर्मा | प्रदीप जैन आदित्य | रवि प्रकाश |
| फतेहपुर | साध्वी निरंजन ज्योति | नरेश उत्तम पटेल | डॉ.मनीष सचान |
| कौशांबी | विनोद सोनकर | पुष्पेंद्र सरोज | शुभ नारायण |
| बाराबंकी | राजरानी रावत | तनुज पुनिया | शिवकुमार दोहरे |
| फैजाबाद | लल्लू सिंह | अवधेश प्रसाद | सच्चिदानंद पांडेय |
| कैसरगंज | करण भूषण सिंह | भगतराम मिश्रा | नरेंद्र पांडेय |
| गोंडा | कीर्ति वर्द्धन सिंह | श्रेया वर्मा | सौरभ मिश्रा |
| बांदा | आरके सिंह पटेल | कृष्णा देवी | मयंक द्विवेदी |
| हमीरपुर | कु. पुष्पेंद्र सिंह | अजेंद्र सिंह राजपूत | निर्दोष कुमार दीक्षित |



समर्थन करें

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने दक्षिणी दिल्ली से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी सहीराम पहलवान के समर्थन में कालका जी में रोड शो किया।

# पश्चिम बंगाल की सात सीटों पर क्या पलटेगा परिणाम

मनोज त्रिपाठी

**अमृत विचार।** पांचवे चरण में सोमवार को पश्चिम बंगाल की सात लोकसभा सीटों बनगांव, हावड़ा, उलूबेरिया, श्रीरामपुर, हुगली, आरामबाग और बैरकपुर पर भी मतदान हो रहा है। 2019 में इन सात में चार सीटें टीएमसी जीतने में कामयाब रही थी जबकि भाजपा केवल तीन सीटें ही जीत सकी थी। इस बार भाजपा ने कम से कम पांच सीटें जीतने के लिए जोर लगाया है।

**हुगली में दो अभिनेत्रियों के बीच कड़ा संघर्ष :** हुगली लोकसभा सीट पर दो अभिनेत्रियों के बीच कड़ा मुकाबला हुआ है। भाजपा की हुगली से सांसद लॉकेट चटर्जी को टीएमसी की तरफ से मैदान में उतरीं रियलिटी शो 'दीदी नंबर 1' की एंकर और अभिनेत्री रचना बनर्जी ने कड़ी टक्कर दी है। हुगली लोकसभा क्षेत्र में आने वाले सात विधानसभा क्षेत्रों में टीएमसी के विधायक हैं। चुनावी जंग में दोनों अभिनेत्रियां एक-दूसरे पर निजी हमला करने से बचती रहीं, इसकी वजह उनके बीच अच्छे दोस्ताना संबंध होना रहा। दोनों ने कई बंगाली फिल्मों में एक-दूसरे के साथ काम भी किया है।

**बैरमकुपर में दलबदल पर भाजपा का दांव :** बैरकपुर में बिहार और उत्तर प्रदेश के हिंदी भाषी मतदाताओं की काफी संख्या है। बैरकपुर में 2019 से 2021 के बीच राजनीतिक हिंसा चरम पर थी। इस बार भी यहां 2019 जैसी चुनावी लड़ाई है। 2019 के चुनाव से पहले अर्जुन सिंह टीएमसी छोड़कर भाजपा में शामिल हो गए थे। तीन साल भाजपा सांसद रहने के बाद अर्जुन सिंह दोबारा टीएमसी में चले गए, लेकिन टीएमसी ने जब लोकसभा का टिकट नहीं दिया तो अर्जुन सिंह फिर भाजपा में लौट आए। 2019 के चुनाव में उन्होंने टीएमसी के उम्मीदवार दिनेश त्रिवेदी को 14,000 वोटों से हराया था। इस बार बैरकपुर में भाजपा सांसद अर्जुन सिंह का मुकाबला पार्थ भौमिक (टीएमसी) और देबदत घोष सीपीआई-एम के साथ हुआ है।

**उलुबेरिया में टीएमसी की पांचवी जीत की शोर:** उलुबेरिया में तृणमूल कांग्रेस का पलड़ा एख बार फिर भारी नजर आता है। पार्टी इस सीट पर अपनी लगातार पांचवीं जीत की उम्मीद कर रही है। भाजपा का संगठन यहां कमजोर है। टीएमसी सांसद सजदा अहमद का मुकाबला यहां भाजपा के अरुण दयाल चौधरी और कांग्रेस के अजहर मॉलिक से हुआ है। यहां करीब 28 प्रतिशत मुस्लिम मतदाता है। भाजपा यहां हिंदू मतों के ध्रुवीकरण की उम्मीज कर रही है।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी



मुख्यमंत्री ममता बनर्जी

### श्रीरामपुर में टीएमसी को चौथी जीत का भरोसा

श्रीरामपुर लोकसभा सीट पर एक चौथाई मतदाता राजस्थान, बिहार या उत्तरप्रदेश के हैं, जो अब वहां बस चुके हैं। टीएमसी के कल्याण बनर्जी श्रीरामपुर से सांसद हैं। वह जीत की हैट्रिक लगा चुके हैं। टीएमसी ने फिर से उन्हें उम्मीदवार बनाया है। साल 2019 के लोकसभा चुनाव में कल्याण बनर्जी ने भाजपा के देबजीत सरकार को पराजित किया था। इस बार कल्याण बनर्जी का मुकाबला भाजपा के कबीर शंकर बोस से हुआ है। 2014 में भाजपा से लड़े संगीतकार बप्पी लाहिड़ी यहां चुनाव हार चुके हैं।

### बनगांव में केंद्रीय मंत्री शांतनु ठाकुर को दूसरी बार जीत का भरोसा

बनगांव बांग्लादेश की सीमा पर स्थित है। इस कारण यहां देश की स्वतंत्रता और बांग्लादेश युद्ध के समय बड़ी संख्या में आए हिंदू शरणार्थी बसे हैं। बांग्लादेश के हिंदू शरणार्थी यानी मतुआ समुदाय ही यहां हार-जीत तय करता है। 2019 में पहली बार भाजपा यहां जीती थी। इस सीट के भाजपा सांसद केंद्रीय राज्य मंत्री शांतनु ठाकुर मतुआ समुदाय से आते हैं। साल 2019 में उन्होंने अपनी भाभी ममता ठाकुर को 1,11,594 मतों से हराया था। इस बार भाजपा से उतरे शांतनु ठाकुर का मुकाबला टीएमसी के विश्वजीत दास और कांग्रेस के प्रदीप विश्वास से हो रहा है।

# विरासत की कहानी में बदलाव की आहट

चुनाव डेस्क

**अमृत विचार।** हाजीपुर का केला अगर देश भर में मशहूर है, तो यह लोकसभा सीट दिवंगत नेता रामविलास पासवान के नाम से जानी जाती रही है। अपने चाचा हाजीपुर के मौजूदा सांसद पशुपति पारस से पिता रामविलास पासवान की विरासत की जंग जीतने के बाद उनके पुत्र लोजपा अध्यक्ष चिराग पासवान ने इस बार हाजीपुर से लोकसभा में पहुंचने के लिए कोई कोर-कसर बाकी नहीं रखी है। पांचवें चरण में सोमवार को उनकी सीट पर भी मतदान होना है। यहां उनको लालू प्रसाद यादव की पार्टी राजद के पूर्व मंत्री शिवचंद्र राम ने कड़ी टक्कर दी है।

मतदान से पहले हाजीपुर लोकसभा क्षेत्र एनडीए और इंडिया गठबंधन के लिए प्रतिष्ठा का सवाल बन चुका है। दोनों पक्ष अपने ज्यादा से ज्यादा वोटरों को बूथ तक पहुंचने के लिए जोर कसे हैं। यहां पूरी लड़ाई विरासत और बदलाव के बीच नजर आ रही है। चुनाव प्रचार के दौरान हाजीपुर से आठ बार चुनाव जीतने वाले रामविलास पासवान की कमी उनके बेटे चिराग पासवान पूरी करने का वायदा लोगों से करते रहे हैं। उन्होंने लोगों से भावनात्मक अपील की है कि आपका एक-एक वोट रामविलास पासवान के अधूरे सपने को पूरा करने के लिए मुझे मजबूत बनाएगा। इसके जवाब में राजद उम्मीदवार शिवचंद्र राम शुरू से लोगों को यही समझाने में लगे रहे हैं कि स्थानीय उम्मीदवार ही आपके लिए हर समय उपलब्ध रह सकता है और हाजीपुर की समस्याओं का समाधान कर सकता है। उन्होंने चुनाव को स्थानीय बनाम बाहरी बनाने का पूरा प्रयास किया है। शिवचंद्र हाजीपुर से कई चुनाव लड़ चुके हैं। दो बार राजद से विधायक और मंत्री रहे हैं। चिराग पासवान से उनकी यहां सीधी लड़ाई है। चिराग को जातिगत वोट, पीएम मोदी का नाम, भाजपा और मुख्यमंत्री नितीश के जनता दल (यू) के वोटों का आसरा है।

2019 में लोजपा ने छह सीटें जीती थीं, तब रामविलास चुनाव नहीं लड़े थे। हाजीपुर से अपने भाई पारसनाथ को उतारा था, जो जीतकर सांसद बने थे और लोजपा में विभाजन के बाद पांच सांसदों के साथ मोदी सरकार को समर्थन देकर केंद्र में मंत्री बने थे। उधर, चिराग पासवान 2019 में जमुई से सांसद चुने गए थे। रामविलास की गैर मौजूदगी में यह पहला चुनाव है जब चिराग खुद जीत हासिल करने के साथ अब लोजपा (र) की पांच सीटें बचाने का दारोमदार है।



चिराग पासवान।



शिवचंद्र राम।

## पर्पल कैप

| खिलाड़ी | मैच | विकेट |
|---|---|---|
| हर्षल पटेल (पंजाब) | 14 | 24 |
| जसप्रीत बुमराह (मुंबई) | 14 | 20 |
| अर्शदीप सिंह (पंजाब) | 14 | 19 |

## ऑरेंज कैप


| खिलाड़ी | मैच | रन |
|---|---|---|
| विराट कोहली (आरसीबी) | 14 | 708 |
| ऋतुराज गायकवाड़ (चेन्नई) | 14 | 583 |
| ट्रेविस हेड (हैदराबाद) | 12 | 533 |

## सुकांत, तरूण और सुहास ने पैरालंपिक के लिए किया क्वालीफाई

**नई दिल्ली।** शीर्ष भारतीय पैरा बैडमिंटन खिलाड़ी सुकांत कदम, तरूण और सुहास ने पेरिस में आगामी पैरालंपिक के लिए अपने स्थान पक्के किए। सुकांत कदम पहली बार पैरालंपिक में हिस्सा लेंगे और वह पुरुषों के एसएल 4 वर्ग में खेलेंगे। एसएल 4 में वो खिलाड़ी हिस्सा लेते हैं जिनके शरीर के एक तरफ या दोनों पैरों में निचले स्तर पर मूवमेंट प्रभावित होता है। उनके अलावा तरूण और सुहास ने भी इसी वर्ग में क्वालीफाई किया। एसएल3 महिला वर्ग (शरीर के एक तरफ, दोनों पैर या अंगों की अनुपस्थिति वाले खिलाड़ियों के लिए) में मनदीप कौर ने जबकि मिश्रित युगल एसएल6 वर्ग में निथ्या और शिवराजन ने भी कट हासिल किया। पेरिस पैरालंपिक 28 अगस्त से आठ सितंबर तक आयोजित होंगे। कदम पिछले कुछ वर्षों से अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं और लगातार पदक जीत रहे हैं।

# हार की निराशा से खत्म हुआ पंजाब का सफर

## सनराइजर्स हैदराबाद ने पंजाब को चार विकेट से दी शिकस्त, अभिषेक ने लगाया अर्धशतक, क्लासेन चूके





**हैदराबाद, एजेंसी**

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 69वें मैच में रविवार को अभिषेक शर्मा (66) और हाइनरिक क्लासन (42) रनों की शानदार बल्लेबाजी की बदौलत सनराइजर्स हैदराबाद ने पंजाब किंग्स को चार विकेट से हरा दिया है।

आज यहां राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम में 215 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी हैदराबाद की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने पहले ही ओवर में ट्रैविस हेड (शून्य) का विकेट गवां दिया। उसके बाद अभिषेक शर्मा और राहुल त्रिपाठी ने पारी को संभाला। पांचवें ओवर में हर्षल पटेल ने त्रिपाठी को अर्शदीप के हाथों कैच आउट करा दिया। त्रिपाठी ने 18 गेंदों में चार चौके और दो छक्के उड़ाते हुए (33) रन बनाए। नितीश कुमार रेड्डी ने 25 गेंदों में (37), शाहबाज अहमद (3) रन बनाकर आउट हुए। अभिषेक शर्मा ने 28 गेंदों में सर्वाधिक 66 रनों की पारी खेली। हाइनरिक क्लासन ने 26 गेंदों में 42 रन बनाए। अब्दुल समद (11) और सनवीर सिंह (6) रन बनाकर नाबाद रहे। हैदराबाद ने 19.1 ओवर में छह विकेट पर 215 रन बनाकर चार विकेट से मुकाबला जीत लिया। पंजाब की ओर से अर्शदीप सिंह और हर्षल पटेल ने दो-दो विकेट लिये। हरप्रीत बराड़ और शशांक सिंह ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

इससे पहले प्रभसिमरन सिंह (71), राइली रुसो (49) और अथर्व तायडे (46) की शानदार बल्लेबाजी के दम पर पंजाब किंग्स ने सनराइजर्स हैदराबाद को जीत के लिये 215 रनों का लक्ष्य दिया था। चोटिल शिखर धवन और सैम करन की अनुपस्थिति में कप्तान बनाये गये जितेश शर्मा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी प्रभसिमरन सिंह और अथर्व तायडे की सलामी जोड़ी ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए पहले विकेट लिए 97 रन जोड़े।



अर्धशतकीय साझेदारी के दौरान बातचीत करते पंजाब के सलामी बल्लेबाज प्रभसिमरन सिंह और रिली रोसोउ।

10वें ओवर में टी नटराजन ने अथर्व तायडे को आउट कर हैदराबाद को पहली सफलता दिलाई। तायडे ने 27 गेंदों में 46 रन बनाए। 15वें ओवर में प्रभसिमरन सिंह के रूप में पंजाब का दूसरा विकेट गिरा। उन्हें विजयकांत वियसकांत ने आउट किया।

प्रभसिमरन सिंह ने 45 गेंदों में सात चौके और चार छक्के लगाते हुए सर्वाधिक (71) रन बनाए। शशांक सिंह (2) और आशुतोष शर्मा (2) रन बनाकर आउट हुए। राइली रुसो ने 24 गेंदों में 49 रनों की पारी खेली। जितेश शर्मा 15 गेंदों में (32) और सुबोध भाटी (2) रन बनाकर नाबाद रहे। पंजाब ने निर्धारित 20 ओवरों में पांच विकेट पर 214 रनों का स्कोर खड़ा किया। सनराइजर्स हैदराबाद की ओर से थंगारसु नटराजन ने दो विकेट लिए। पैट कमिंस और वी वियसकांत ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

## अंकतालिका

| टीम | मैच | जीत | हार | अंक | रद | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| कोलकाता (क्वा) | 13 | 9 | 3 | 19 | 1 | +1.428 |
| हैदराबाद (क्वा) | 14 | 8 | 5 | 17 | 1 | +0.414 |
| राजस्थान (क्वा) | 13 | 8 | 5 | 16 | 0 | +0.273 |
| बेंगलुरु (क्वा) | 14 | 7 | 7 | 14 | 0 | +0.459 |
| चेन्नई (बा) | 14 | 7 | 7 | 14 | 0 | +0.392 |
| दिल्ली (बा) | 14 | 7 | 7 | 14 | 0 | -0.377 |
| लखनऊ (बा) | 14 | 7 | 7 | 14 | 0 | -0.667 |
| गुजरात (बा) | 14 | 5 | 7 | 12 | 2 | -1.063 |
| पंजाब (बा) | 14 | 5 | 9 | 10 | 0 | -0.353 |
| मुंबई (बा) | 14 | 4 | 10 | 8 | 0 | -0.318 |

**पंजाब 214/5** — 20 ओवर, अतिरिक्त : 10

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| अथर्व तायड़े का सनवीर बो नटराजन | 46 | 27 | 5/2 |
| प्रभसिमरन सिंह का क्लासेन बो व्यासकांत | 71 | 45 | 7/4 |
| रिली रोसोउ का समद बो कमिंस | 49 | 24 | 3/4 |
| शशांक सिंह रन आउट | 2 | 4 | 0/0 |
| जितेश शर्मा नाबाद | 32 | 15 | 2/2 |
| आशुतोष शर्मा का सनवीर बो नटराजन | 2 | 3 | 0/0 |
| शिवम सिंह नाबाद | 2 | 3 | 0/0 |

**गेंदबाजी :** भुवनेश्वर 4-0-36-0, कमिंस 4-0-36-1, नटराजन 4-0-33-2, व्यासकांत 4-0-37-1, शाहबाज 1-0-13-0, रेड्डी 3-0-54-0


**हैदराबाद 215/6** — 19.1 ओवर, अतिरिक्त : 17

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| ट्रेविस हेड बो अर्शदीप | 0 | 1 | 0/0 |
| अभिषेक शर्मा का शिवम बो शशांक | 66 | 28 | 5/6 |
| राहुल त्रिपाठी का अर्शदीप बो हर्षल | 33 | 18 | 4/2 |
| नीतिश कुमार रेड्डी का शिवम बो हर्षल | 37 | 25 | 1/3 |
| हेनरिच क्लासेन बो बरार | 42 | 26 | 3/2 |
| शाहबाज अहमद का शशांक बो अर्शदीप | 3 | 6 | 0/0 |
| अब्दुल समद नाबाद | 11 | 8 | 0/1 |

**गेंदबाजी :** अर्शदीप 4-0-37-2, ऋषि 3-0-35-0, हर्षल 4-0-49-2, चाहर 4-0-43-0, बरार 3-0-36-1, शशांक 1-0-5-1, तायडे 0.1-0-4-0

## निजता के उल्लंघन को लेकर आईपीएल प्रसारक पर भड़के रोहित शर्मा

**नई दिल्ली।** मुंबई इंडियंस के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के टीवी प्रसारक पर निजता के उल्लंघन का आरोप लगाते हुए कहा कि 'एक्सक्लूजिव' और 'व्यूज' के चक्कर में एक दिन प्रशंसकों, क्रिकेटरों और क्रिकेट के बीच का विश्वास खत्म हो जाएगा।



रोहित ने उनके और कोलकाता नाइट राइडर्स के सहायक कोच अभिषेक नायर के बीच बातचीत का वीडियो वायरल होने पर निराशा जताई। इस वीडियो में वह मुंबई इंडियंस के साथ अपने भविष्य पर बात करते नजर आ रहे हैं। रोहित ने एक्स पर लिखी पोस्ट में आईपीएल के टीवी प्रसारक स्टार स्पोर्ट्स पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा मेरे मना करने के बावजूद स्टार स्पोर्ट्स ने मेरी बातचीत को न सिर्फ रिकॉर्ड किया बल्कि प्रसारित भी कर दिया। यह निजता का उल्लंघन है। उन्होंने लिखा क्रिकेटरों की जिंदगी में इतना दखल हो रहा है कि कैमरा हर कदम पर पीछा करता है।

भारतीय कप्तान ने कहा एक्सक्लूजिव पाने और व्यूज तथा इंगेजमेंट पर ही फोकस रखने से एक दिन प्रशंसकों, क्रिकेट और क्रिकेटरों के बीच का विश्वास खत्म हो जाएगा। रोहित ने प्रसारकों से ऑडियो बंद करने का अनुरोध किया था। यह बातचीत 11 मई को मुंबई और केकेआर के बीच आईपीएल मैच के बाद हुई थी। विवाद के बाद केकेआर की सोशल मीडिया टीम ने भी वह वीडियो हटा दिया था। इसके बाद 17 मई को रोहित लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ मुंबई के मैच से पहले मुंबई इंडियंस के पूर्व खिलाड़ी धवल कुलकर्णी से बातचीत कर रहे थे।

## खेल डायरी

### चेन्नइयिन ने मिडफील्डर जितेश्वर का करार बढ़ाया



**चेन्नई।** पूर्व चैंपियन चेन्नइयिन एफसी ने इंडियन सुपर लीग में शानदार प्रदर्शन करने वाले मिडफील्डर युमखाइबाम जितेश्वर सिंह का करार 2025 तक बढाने का फैसला किया। मणिपुर के इस मिडफील्डर ने 2022 में चेन्नइयिन एफसी के लिये पदार्पण किया था। वह टीम के लिए 44 मैच खेल चुके हैं। टीम के मुख्य कोच ओवेन कॉयल ने कहा जीतू कहीं नहीं जा रहा है। वह अगले सत्र में भी हमारे साथ होगा। जितेश्वर पिछले साल एएफसी अंडर 23 एशियाई कप खेलने वाले भारतीय टीम का भी हिस्सा थे।

### त्वेसा 67 के कार्ड से संयुक्त 21वें स्थान पर

**ब्रेंडनबर्ग (जर्मनी)।** भारतीय गोल्फर त्वेसा मलिक ने अमुंडी जर्मन मास्टर्स के तीसरे दौर में पांच अंडर 67 का शानदार कार्ड खेला जिससे वह संयुक्त 21वें स्थान पर बनी हुई हैं। यह लेडीज यूरोपीय टूर में करीब चार साल में त्वेसा का सर्वश्रेष्ठ राउंड है। उन्होंने तीसरे दौर में एक ईगल और पांच बर्डी लगायी जबकि दो बोगी कर बैठीं। यह 2021 के बाद एलईटी पर उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है, उन्होंने दक्षिण अफ्रीका में सनशाइन लेडीज टूर पर 65 का सर्वश्रेष्ठ कार्ड खेला था। भारत की कट हासिल करने वाली अन्य दो खिलाड़ी प्रणवी उर्स (71) और दीक्षा डागर (73) क्रमशः संयुक्त 31वें और संयुक्त 43वें स्थान पर बनी हुई हैं।

### रोहित के प्रदर्शन से रॉयल-ईमी ने बांटे अंक

**नई दिल्ली।** डीएसए ए डिवीजन लीग में खेले गए संघर्षपूर्ण मैच में रोहित संतोष के दमदार खेल की बदौलत रॉयल एफसी ने ईमी एफसी को 1- 1 की बराबरी पर रोक कर अंक बांटे। नेहरू स्टेडियम मैदान में दोनों टीमों ने प्रदर्शन किया। रॉयल ने 12 वें मिनट में स्पर्श शर्मा के गोल से बढ़त बनाई, जिसे ईमी के अखिलेश देवरानी ने 49 वें मिनट में पेनल्टी से बराबर कर दिया। तत्पश्चात ईमी ने खेल पर दबदबा बनाया लेकिन रॉयल के गोल रक्षक कप्तान रोहित संतोष ने बेहतर प्रदर्शन से गोल का बचाव किया। होकिप, आशुतोष थपलियाल, गांगते और डेविड के प्रयासों पर रोहित के पूर्वानुमान दर्शनीय रहे जिसकी एवज में उसे प्लेयर ऑफ द मैच आंका गया।

### सबसे ऊंचे पोलिंग बूथ पर आज पहुंचेंगे साइकिल सवार

**रोम।** पांचवीं शिमला। दुनिया के सबसे ऊंचे मतदान केंद्र टशीगंग से साइकिल सवार देश के मतदाताओं को मतदान का संदेश देने के लिए साइकलिंग एक्सपीडिशन स्पीति में शनिवार को पहुंच गये। ताबो के सेरकोंग स्कूल के बच्चों द्वारा इन साइकिल सवारों का भव्य स्वागत किया गया। इसके साथ ही स्कूल में कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। शिमला के रिज मैदा प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने साइकलिंग एक्सपीडिशन के साइकिल सवार शिमला से 436 किलोमीटर की दूरी तय कर स्पीति के काजा में पहुंचे हैं। लोकसभा और विधानसभा उप-चुनाव के मद्देनजर मतदाताओं को जागरूक करने के लिए साइकलिंग एक्सपीडिशन आयोजित की गई है। ये साइकिल सवार 20 मई को टशीगंग (15256 फीट) पहुंचेंगे। स्टेट इलेक्शन आइकन जसप्रीत पाल उनके साथी क्षितिज शिमला से टाशीगंग जाएंगे।

# चिराग-सात्विक ने जीता थाईलैंड ओपन

**बैंकॉक, एजेंसी**

सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की शीर्ष भारतीय जोड़ी ने रविवार को चीन की चेन बो यांग और लियू यी की जोड़ी को फाइनल मुकाबले में हराकर थाइलैंड ओपन का पुरुष युगल खिताब जीत लिया है। भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों ने 46 मिनट तक चले मुकाबले में चीन की जोड़ी को 21-15, 21-15 से हराकर 2024 बैडमिंटन सत्र का अपना दूसरा खिताब अपने नाम किया।

शानदार खेल दिखाते हुए भारतीय खिलाड़ियों ने शुरुआत में 4-1 की बढ़त बनाई। इसके बाद यांग और यी की जोड़ी ने भी पलटवार किया और पहले हाफ टाइम तक 11-10 से बढ़त बना ली। ब्रेक के बाद विश्व बैडमिंटन रैंकिंग की वरीयता प्राप्त सात्विक और चिराग की भारतीय जोड़ी ने




शानदार वापसी की और चीनी जोड़ी को गलती करने पर मजबूर कर दिया। भारतीय जोड़ी ने अपनी लय हासिल करते हुए 19-15 की बढ़त बनाई। इसके बाद भारतीय जोड़ी ने दो अंक अर्जित करते हुए पहला गेम 21-15 से जीत लिया। दूसरे गेम में चीनी खिलाड़ियों ने दो अंक लेकर एक बार फिर भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों की बराबरी कर ली। इसके बाद भारतीय जोड़ी ने स्मैश के जरिए चीनी खिलाड़ियों को बैकफूट पर धकेल दिया ओर इंटरवल तक 11-6 की बढ़त हासिल कर ली। आत्मविश्वास से भरी भारतीय जोड़ी ने कोर्ट 19-15 की बढ़त के साथ खेल को अपने कब्जे में लिया और फिर लगातार दो और अंक हासिल करते हुए मैच पर जीत की मुहर लगा दी।

चिराग और सात्विक के लिए यह वर्ष 2024 बैडमिंटन सत्र का दूसरा खिताब था और थाईलैंड ओपन का भी दूसरा खिताब था। मार्च में फ्रेंच ओपन जीतने से पहले चिराग और सात्विक इस साल की शुरुआत में मलेशिया ओपन और इंडिया ओपन के फाइनल में हार गए थे। सात्विकसाईराज ने खिताब जीतने के बाद कहा थाईलैंड ओपन हमारे लिए एक विशेष टूर्नामेंट रहा है क्योंकि हमने यहां पहला सुपर 500 खिताब भी जीता था और उसके बाद कई और टूर्नामेंट जीते हैं। हम उम्मीद कर रहे हैं कि यह जीत हमारे लिए विजयी अभियान शुरू करेगी।

## भारत ने तीसरे दिन एक रजत और एक कांस्य पदक किया अपने नाम

### पैरा एथलेटिक्स विश्व चैंपियनशिप

**कोबे (जापान), एजेंसी**

भारत के लिए ऊंची कूद के पैरा एथलीट निषाद कुमार ने रविवार को यहां कोबे 2024 पैरा एथलेटिक्स विश्व चैम्पियनशिप के तीसरे दिन रजत पदक और प्रीति पाल ने महिलाओं की 200 मीटर स्पर्धा का कांस्य पदक जीता।

तोक्यो पैरालंपिक के रजत पदक विजेता निषाद ने पुरुषों की ऊंची कूद टी47 फाइनल में 1.99 मीटर के प्रदर्शन से दूसरा स्थान हासिल किया और भारत का खाता खोला। निषाद ने पेरिस में 2023 विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में इसी स्पर्धा का रजत पदक जीता था। अमेरिका के रोड्रिक टाउनसेंड ने 2.05 मीटर की कूद से स्वर्ण



प्रतिस्पर्धा के दौरान निषाद कुमार

पदक अपने नाम किया। टी 47 में वो पैरा ट्रैक एथलीट हिस्सा लेते हैं जिनका कोहनी या कलाई के नीचे का हिस्सा कटा होता है या इसमें विकृति होती है। फिर प्रीति पाल ने महिलाओं की टी 35 वर्ग की 200 मीटर स्पर्धा के फाइनल में 30.49 सेकेंड के समय से तीसरा स्थान हासिल कर भारत को दूसरा पदक दिलाया।

## ओलंपिक ट्रायल में सबसे सफल निशानेबाज रहीं मनु

**भोपाल, एजेंसी**



ओलंपियन निशानेबाज मनु भाकर राइफल और पिस्टल ओलंपिक चयन ट्रायल (ओएसटी) में सबसे सफल निशानेबाज रहीं, उन्होंने रविवार को यहां अंतिम दिन महिलाओं की 10 मीटर पिस्टल ओएसटी टी4 मैच में जीत हासिल की। मनु की दो स्पर्धाओं के ट्रायल में यह चौथी जीत रही।

उन्होंने महिलाओं की 25 मीटर स्पोर्ट्स पिस्टल के ट्रायल भी जीते। मनु ने ओएसटी टी4 10 मीटर एयर पिस्टल फाइनल में 240.8 का स्कोर बनाया। उन्होंने हांग्झोऊ एशियाड की चैंपियन पलक को 4.4 अंक से पछाड़ा। इससे पहले इलावेनिल वलारिवान ने महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल ओएसटी टी4 में 254.3 के स्कोर से जीत दर्ज की। दिव्यांश पंवार ने पुरुषों की एयर राइफल ओएसटी टी4 में 253.3 के स्कोर से जीत दर्ज की। यह स्कोर उनके मौजूदा विश्व रिकॉर्ड से 0.4 कम रहा। अर्जुन बबूता (250.0) और रुद्रांक्ष पाटिल (229.5) क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे। पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल ओएसटी टी4 फाइनल में रविंदर सिंह 242.2 के स्कोर से विजेता रहे।

## अराविंद ने शारजाह मास्टर्स शतरंज में एकल बढ़त बनाई

**शारजाह।** भारतीय ग्रैंडमास्टर अराविंद चिदंबरम ने स्थानीय खिलाड़ी ए आर सालेह सलेम को हराकर शारजाह मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट में एकल बढत बना ली। चिदंबरम के बाद चार खिलाड़ी दूसरे स्थान पर है जिनमें ईरान के अमीन टाबाटाबाइ और बर्डिया दनेश्वर और अमेरिका के हैंस मोके नीमैन और सैम शांकलैंड शामिल हैं। शीर्ष वरीयता प्राप्त अर्जुन एरिगेसी आठ अन्य खिलाड़ियों के साथ तीसरे स्थान पर है जिनमें भारत के संकल्प गुप्ता भी हैं। एरिगेसी और वोलोडार मुरजिन की बाजी बराबरी पर छूटी जबकि संकल्प ने अजरबैजान के तैमूर राजदाबोव को ड्रॉ पर रोका।



## गुवाहाटी में बारिश ने रोका मुकाबला

**गुवाहाटी, एजेंसी**

लगातार बारिश के कारण रविवार को यहां राजस्थान रॉयल्स और कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के बीच इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) लीग मैच का टॉस होने में विलंब हुआ। पिछले कुछ आईपीएल मैच में खलल डालने वाली बारिश ने बारसापारा क्रिकेट स्टेडियम में प्रशंसकों और खिलाड़ियों को निराश किया जिससे पूरे मैदान को ढक दिया गया है। पूरा मैच खेले जाने का कटऑफ समय रात साढ़े आठ बजे है जिसे देखते हुए कि मैच के ओवर घटाए जाने की उम्मीद है। दोपहर के मैच में सनराइजर्स हैदराबाद की चार विकेट की जीत के बाद संजू सैमसन की अगुवाई वाली राजस्थान रॉयल्स अंक तालिका में दूसरे से तीसरे स्थान पर खिसक गई है। राजस्थान रॉयल्स अब केकेआर को हराकर तालिका में दूसरा स्थान हासिल करने की उम्मीद करेगी।





# धोनी सीएसके का हिस्सा नहीं रहेंगे तो आश्चर्य होगा : हेडन

**नई दिल्ली, एजेंसी**

ऑस्ट्रेलिया के पूर्व दिग्गज मैथ्यू हेडन का मानना है कि करिश्माई विकेटकीपर बल्लेबाज महेंद्र सिंह धोनी ने इंडियन प्रीमियर लीग में अपना आखिरी मैच खेल लिया है लेकिन वह चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के साथ किसी भूमिका में जुड़े रहेंगे। सीएसके का इस आईपीएल में शुक्रवार को अपने आखिरी लीग मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से हार के बाद सफर खत्म हो गया। इस मैच में धोनी ने 13 गेंद में 25 रन की आतिशी पारी खेली लेकिन यह टीम को प्लेऑफ में पहुंचाने के लिए काफी नहीं था।

धोनी ने यश दयाल की गेंद पर इस सत्र का सबसे लंबा 110 मीटर का छक्का लगाकर चेन्नई की उम्मीदें बनाए रखी थी लेकिन वह अगली गेंद पर आउट हो गए। इसके बाद टीम



- **मैथ्यू हेडन बोले- धोनी शायद अपना आखिरी मैच खेल चुके हैं, एमएस ने लगाया 110 मीटर का सबसे लंबा छक्का**

चार गेंद में सिर्फ एक रन ही बना सकी। धोनी ने मौजूदा सत्र में 220.55 की शानदार स्ट्राइक रेट से और 53.67 की औसत से 161 रन बनाए। वह इस अब तक इस आईपीएल के सबसे बड़े आकर्षण रहे है और हर मैदान में बड़ी संख्या में उनके प्रशंसक पहुंच रहे थे। हेडन ने कहा कि धोनी अगले सत्र में अगर सीएसके का हिस्सा या मेंटोर नहीं होंगे तो उन्हें काफी आश्चर्य होगा।

## टेस्ट की तरह बर्ताव कर रही पिच पर 200 पार करना अविश्वसनीय : डुप्लेसी

**बेंगलुरु।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के कप्तान फाफ डुप्लेसी ने कहा कि बारिश के बाद टेस्ट मैच की तरह बर्ताव कर रही पिच



बल्लेबाजों का स्कोर को 200 के पार ले जाना और आखिरी ओवर में यश दयाल का गेंदबाजी प्रदर्शन अविश्वसनीय रहा। मैच जीतने के बाद डुप्लेसी ने कहा मुझे लगा कि मैंने बारिश के बाद अब तक सबसे मुश्किल पिच पर यहीं बल्लेबाजी की। यह इतनी मुश्किल प्रतीत हो रही थी कि मैं और विराट कोहली तो 140-150 के स्कोर तक पहुंचने की बात कर रहे थे। यह रांची के पांच दिवसीय टेस्ट मैच की तरह बर्ताव कर रही थी और वहां से 200 के स्कोर को पार करना अविश्वसनीय था। जब हम जीत नहीं रहे थे तब भी प्रशंसक हमारे साथ खड़े थे। जिस तरह का समर्थन हमें मिला इसके लिए हम प्रशंसकों के शुक्रगुजार हैं।

## चमत्कारिक प्रदर्शन से दूसरी टीमों को मिलेगी प्रेरणा : कार्तिक

**बेंगलुरु।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक का मानना है कि लगातार छह जीत दर्ज करके आईपीएल प्लेआफ में जगह बनाने वाली उनकी टीम के चमत्कारिक प्रदर्शन से भविष्य में दूसरी टीमों को प्रेरणा मिलेगी। पहले आठ में से सात मैच हारने वाली आरसीबी ने बाहर होने की कगार से निकलकर वापसी की और अंतिम चार में जगह बनाई है। कार्तिक ने कहा जिस तरह आठ मैचों के बाद हमने वापसी की। हमें छह मैच जीते, लोग इस टीम को याद रखेंगे।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अजय कुमार सक्सेना द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharhld@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।**

## एक नजर

### नौका दुर्घटना में दो लोगों की मौत, पांच लापता

**बुडापेस्ट।** हंगरी में डेन्यूब नदी में हुई एक नौका दुर्घटना में दो लोगों की मौत हो गई और पांच अन्य लोग लापता हो गए। हंगरी पुलिस को शनिवार देर रात एक रिपोर्ट मिली कि वेरोसे शहर के पास डेन्यूब के तट पर एक व्यक्ति के सिर से रक्तस्राव हो रहा है। पुलिस ने जांच में पता लगाया कि वह व्यक्ति एक नौका दुर्घटना का शिकार हुआ है, और बाद में पास में एक पुरुष और एक महिला के शव पाए गए। नौका पर सवार पांच अन्य लोगों की तलाश जारी है।

### अमेरिकी एनएसए और क्राउन प्रिंस ने की चर्चा

**दुबई।** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलीवान ने रविवार तड़के सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान से मुलाकात कर चर्चा की। सऊदी अरब ने इस चर्चा को दोनों देशों के बीच व्यापक सुरक्षा समझौते के सेमी-फाइनल संस्करण के रूप में वर्णित किया है। इसके पहले हमास की ओर से पिछले वर्ष सात अक्टूबर को इजराइल पर किए गए हमले के कारण रणनीतिक समझौता नहीं हो सका था।

### जर्मन रक्षा मंत्री ने यूक्रेन की मदद के लिए किया अनुरोध

**बर्लिन।** जर्मनी के रक्षा मंत्रालय ने यूक्रेन को सहायता प्रदान करने के लिए सरकार से अतिरिक्त 4 अरब 13 करोड़ का अनुरोध किया है। जर्मन अखबार बिल्ड ने सूत्रों के हवाले से यह जानकारी दी। रिपोर्ट में शनिवार को कहा गया कि जर्मन रक्षा मंत्री बोरिस पिस्टोरियस ने चांसलर ओलाफ स्कोल्ज और वित्त मंत्री क्रिश्चियन लिंडनर से मुलाकात की। जिसका मुख्य उद्देश्य अतिरिक्त धनराशि के लिए अनुरोध जून में मंजूरी के लिए संसद में प्रस्तुत किया जाना है।

### पुलिस अधिकारी ने आरोपी को भागने में की थी मदद निलंबित

**कोझिकोड (केरल)।** केरल पुलिस के एक अधिकारी को घरेलू हिंसा मामले के एक आरोपी को देश छोड़ने में मदद करने के आरोप में निलंबित कर दिया गया है। पुलिस सूत्रों ने रविवार को बताया कि कोझिकोड शहर के पंथिरनकावु थाने के एक वरिष्ठ नागरिक पुलिस अधिकारी (सीपीओ) को आंतरिक जांच में यह आरोप सामने आने के बाद निलंबित कर दिया गया है कि वह राहुल पी गोपाल के साथ नियमित संपर्क में थे। गोपाल पर अपनी नवविवाहित पत्नी पर हमला करके हत्या का प्रयास करने का आरोप है। मामले की जांच जारी रहने के बीच गोपाल ने कुछ दिन पहले देश छोड़ दिया, जिसके बाद पुलिस को उसके खिलाफ ब्लू कॉर्नर नोटिस जारी करने के लिए इंटरपोल से संपर्क करना पड़ा।

## आस्था



पुडुचेरी के उपराज्यपाल सी.पी. राधाकृष्णन ने रविवार को कराईकल में थिरुनाल्लारू श्री दरबारनेश्वर मंदिर के रथ उत्सव में भाग लिया।

## ईरान के राष्ट्रपति का हेलिकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त

**तेहरान।** ईरान के गृह मंत्री अहमद वाहिदी ने रविवार को कहा कि राष्ट्रपति इब्राहिम रायसी का हेलिकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया और उसे अजरबैजान के उत्तर-पश्चिमी प्रांत में उतारना पड़ा। सरकारी चैनल आईआरआईबी टीवी से बात करते हुए वाहिदी ने हेलिकॉप्टर की लैंडिंग का कारण प्रतिकूल जलवायु परिस्थितियों को बताया।

उन्होंने कहा कि विभिन्न बचाव दल घटनास्थल पर जा रहे है, लेकिन घने कोहरे के कारण उनकी गति धीमी हो रही है। राष्ट्रपति के साथ आई टीम के सदस्यों के साथ वे संपर्क में हैं, लेकिन यह देखते हुए कि यह क्षेत्र जटिल है, संपर्क स्थापित करना मुश्किल है। आईआरआईबी टीवी के अनुसार, राष्ट्रपति के हेलिकॉप्टर में विदेश मंत्री हुसैन अमीर-अब्दुल्लाहियन और पूर्वी अजरबैजान के गवर्नर मालेक रहमती शामिल हैं।

# गर्मी में घर के बाहर जा रहे हैं तो इन बातों का रखें ध्यान, नहीं तो लू ले सकती है जान

उत्तर भारत में भीषण गर्मी ने प्रचंड रूप ले लिया है। ऐसे में आईएमडी की ओर से रेड अलर्ट जारी किया जा चुका है। धूप तेज होने से डिहाइड्रेशन के कारण बीमार पड़ने की आशंका भी बढ़ जाती है। ऐसे में घर से बाहर निकलने से पहले आप अपने चेहरे और त्वचा को ढंक कर ही निकलें तो अच्छा रहेगा। वहीं दिन में घर से बाहर जा रहे हैं तो खानपान और पेयपदार्थ का भी विशेष ध्यान रखें। खुद में ताजगी बनाए रखने के लिए प्रतिदिन 3.5 लीटर से 4 लीटर पानी पीएं और ठंडे चीजों का सेवन करें। घर से बाहर निकलने से पहले कैप यानी कैप लगाना न भूले। आहार में ताजा फल और सब्जियों का सेवन करें, जिससे आप खुद को एनर्जेटिक महसूस कर सकेंगे। गर्मियों में अधिक समय तक धूप में काम करने से बचना चाहिए। इन सावधानियों का पालन करके आप खुद को गर्मियों में सुरक्षित रख सकते हैं।



### डिहाइड्रेशन के लक्षण

- मुंह सूखना, बार-बार पानी मांगना।
- आंखों का धंस जाना।
- कमजोरी व चक्कर आना।
- पेशाब कम और पीले रंग का आना।
- शरीर का तापमान कम होना।
- बेहोशी आना।

### अधिक खाने से परहेज करें

एक बार में अधिक खाने से परहेज करें गर्मी के मौसम में दिन की शुरुआत मीठे और रसीले फल से करना अच्छा रहेगा। चीकू, आड़ू, तरबूज, खरबूज या संतरा अच्छा विकल्प हो सकते हैं। खाने में प्याज और खीरा सलाद के तौर पर जरूर खाएं। यह पाचन संबंधी परेशानियों से बचाएंगे और तापमान नियंत्रित रखेंगे।

### ढीले-ढाले कपड़े पहनें

ढीले-ढाले व हल्के रंगों के कपड़ों का चुनाव करना चाहिए। यह सूरज के प्रकोप से बचाते हैं और पसीने सूखने में मदद करते हैं। इस मौसम में आंखों का भी पूरा ध्यान रखना चाहिए। इसलिए तेज धूप में घर से बाहर निकल रहे हैं तो सनग्लासेज का इस्तेमाल जरूर करें।

### बचाव

- खनिज की पूर्ति करने वाले पेय पदार्थों का सेवन करें।
- नारियल का पानी, कच्चे दूध की लस्सी पीना।
- मौसमी फलों का सेवन करें।
- साफ ताजा पानी पिएं, ज्यादा ठंडा पानी पीने से बचे।
- डायरिया होने पर ओआरएस का घोल पिलाएं।
- नींबू पानी, बेल का शरबत, शिकंजी, छाछ पीना।
- जंक फूड का सेवन करने से बचे।
- खुले में बिकने वाले पेय पदार्थों का सेवन न करें।
- तला भूना, मिर्च मसाले वाले भोजन से बचें।
- चिकित्सक की सलाह से उपचार कराएं।

# नेतन्याहू सरकार में बढ़ा टकराव, युद्ध कैबिनेट सदस्य ने दी इस्तीफे की धमकी

## गाजा में नई योजना अपनाने को लेकर बेनी गैंट्ज ने सरकार पर बनाया दवाब

**यरूशलम, एजेंसी**

इजराइल के तीन सदस्यीय युद्ध कैबिनेट के सदस्य बेनी गैंट्ज ने गाजा में युद्ध के लिए नई योजना नहीं अपनाने पर सरकार से इस्तीफा देने की धमकी दी है।

उन्होंने कहा कि अगर सरकार उनकी मांग नहीं मानती है तो वह 8 जून को पद से इस्तीफा दे देंगे। शनिवार को की गई उनकी इस घोषणा से सात महीने से गाजा में युद्ध लड़ रहे इजराइल के नेतृत्व में विभाजन के संकेत मिले हैं। वहीं द टाइम्स ऑफ इज़राइल की रिपोर्ट के अनुसार, नेतन्याहू की सरकार से इस्तीफा देने की गैंट्ज की धमकी की मंत्रियों की आलोचना की है और उन्हें पद से हटाने की मांग की है।

शनिवार को एक संवाददाता सम्मेलन में गैंट्ज ने मंत्रिमंडल से छह सूत्री योजना पर सहमत होने का आह्वान किया, जिसमें संघर्ष समाप्त होने के बाद घेरे गए क्षेत्र के शासन के लिए एक दृष्टिकोण प्रस्तुत किया गया है। गैंट्ज की योजना में गाजा में इजरायली बंदियों को रिहा करने, क्षेत्र को विसैन्यीकृत करने और इसके नागरिक मामलों की देखरेख के लिए अमेरिकी, यूरोपीय, अरब और फिलिस्तीनी तत्वों के साथ एक अंतरराष्ट्रीय गठबंधन बनाने की बात कही गई है।



संवाददाताओं को जानकारी देते बेनी गैंट्ज। • एजेंसी

### सरकार से बाहर निकलने की धमकी

इजरायली राजनेता और पूर्व रक्षा मंत्री ने कहा कि यदि उनकी मांगें पूरी नहीं की गईं तो वह गाजा पर युद्ध की देखरेख के लिए गठित आपातकालीन एकता सरकार से अपनी मध्यमार्गी पार्टी को बाहर कर लेंगे। नेतन्याहू की स्थिति को दोहराते हुए, गैंट्ज ने कहा कि युद्ध के बाद न तो हमास और न ही फिलिस्तीनी प्राधिकरण के अध्यक्ष महमूद अब्बास गाजा पर शासन कर सकते हैं।

### गाजा में एक और बंधक का शव मिला

इजरायली सेना ने कहा है कि गाजा पट्टी से एक और इजरायली बंधक का शव बरामद किया गया है। 24 घंटे के भीतर ये चौथा शव है। सेना के प्रवक्ता अविचाई एड्राई ने शनिवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया, सेना और शिन बेट सुरक्षा एजेंसी के संयुक्त विशेष अभियान में रॉन बेंजामिन का शव बरामद किया गया। एक बयान में, एड्राई ने कहा कि सेना की जानकारी से संकेत मिलता है कि रॉन बेंजामिन पिछले साल 7 अक्टूबर को हमास के हमले के दौरान मारे गए थे और उनके शव को हमास के आतंकवादी गाजा ले गए थे। इजरायल का अनुमान है कि गाजा में अभी भी कम से कम 129 इजरायली बंधक हैं, जिनमें से कुछ, हमास के अनुसार, मर चुके हैं।

## जेईआई के पूर्व प्रवक्ता ने किया आत्मसमर्पण

**श्रीनगर।** प्रतिबंधित संगठन जमात-ए-इस्लामी (जेईआई) के एक पूर्व प्रवक्ता ने 2019 में जेल से भागने की कोशिश करने के सिलसिले में पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया है। पुलिस के एक अधिकारी ने कहा कि आरोपी अली मोहम्मद लोन के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत रैनवाड़ी पुलिस थाने में मामला दर्ज किया गया है।

अधिकारी ने बताया कि आरोपी आगजनी, दंगा, जेल से भागने की कोशिश, राष्ट्र विरोधी नारेबाजी और श्रीनगर केंद्रीय कारागार में पथराव करने में कथित तौर पर संलिप्त है। लोन को पहली बार मार्च 2019 में गिरफ्तार किया गया था लेकिन उसकी एहतियाती हिरासत को अदालत ने उस साल जुलाई में रद कर दिया था। हालांकि, उसे छह दिन के अंदर निवारक कानून के तहत फिर से हिरासत में ले लिया गया लेकिन इस आदेश को 2020 में अदालत ने निरस्त कर दिया।

तीन महीनों के अंदर उसके खिलाफ निवारक कानूनों के तहत फिर से मामला दर्ज किया गया लेकिन हिरासत को फिर से अदालत ने 2021 में निरस्त कर दिया था।


# हमलावरों पर कार्रवाई के लिए सुरक्षाबलों को दी खुली छूट

**श्रीनगर, एजेंसी**

- जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने आतंकी हमले की कड़ी निंदा की

जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने शोपियां और पहलगाम में हुए आतंकी हमले की रविवार को कड़ी निंदा की तथा कहा कि इन हमलों को अंजाम देने वालों के खिलाफ कार्रवाई के लिए सुरक्षा बलों को खुली छूट दी गई है। आतंकवादियों ने शनिवार रात कश्मीर में दो स्थानों पर हमले कर शोपियां में एक सरपंच की हत्या कर दी और अनंतनाग में राजस्थान के एक पर्यटक दंपती को घायल कर दिया। बारामूला में लोकसभा चुनाव से दो दिन पहले इन हमलों को अंजाम दिया गया।

सिन्हा ने यहां एक बयान में कहा मैं आतंकी हमले और पूर्व सरपंच एजाज अहमद शेख की बर्बर हत्या से स्तब्ध हूं। वह जमीन से जुड़े नेता थे और लोगों की निस्वार्थ सेवा करने के लिए जाने जाते थे। मेरी संवेदनाएं उनके परिवार, मित्रों और शुभचिंतकों के साथ है। हम इस मुश्किल घड़ी में परिवार के साथ एकजुटता से खड़े हैं। उन्होंने कहा कि पहलगाम में पर्यटकों पर किया गया जघन्य हमला भी आतंकियों की हताशा को प्रदर्शित करता है।



**घायल दंपती को हर संभव उपचार मुहैया करने का निर्देश :** उपराज्यपाल ने कहा मैंने प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों को घायल दंपती को हर संभव उपचार मुहैया करने का निर्देश दिया है। उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। उन्होंने कहा सरकार ने आतंकवादियों और उसके सहयोगियों को कुचलने के लिए जम्मू कश्मीर पुलिस तथा सुरक्षा बलों को खुली छूट दी है। हमारे सुरक्षा बल उन तत्वों को ढूंढ निकालेंगे जो आतंकियों की मदद कर रहे हैं और जम्मू कश्मीर की विकास यात्रा को बाधित करने की कोशिश कर रहे हैं।

# असम में 105 करोड़ रुपये की 10 किलोग्राम हेरोइन जब्त

**गुवाहाटी,**

- मुख्यमंत्री हिमंत विश्व ने सोशल मीडिया पर दी जानकारी

असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने रविवार को बताया कि कछार जिले में 105 करोड़ रुपये की हेरोइन बरामद की गई है। मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रतिबंधित मादक पदार्थ का वजन दस किलोग्राम से अधिक है। यह पड़ोसी राज्य से लाया जा रहा था। पुलिस द्वारा नशा तस्करी को रोकने की सफलता को लेकर उन्होंने महकमे को बधाई दी।

शर्मा ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा 105 करोड़ रुपये की कीमत का मादक पदार्थ बरामद। मादक द्रव्य के तस्करों पर कार्रवाई करते हुए कछार पुलिस ने एक विशेष अभियान चलाया और पड़ोसी राज्य से लाई गई 10.333 किलोग्राम हेरोइन जब्त की।

उन्होंने मादक पदार्थ की तस्करी के खिलाफ अभियान जारी रखने और यह सुनिश्चित करने की सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई कि युवा ऐसे जाल में न फंसे। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया पर जब्त किए गए मादक पदार्थ के साथ दो आरोपियों की तस्वीर भी साझा की।

## स्लोवाकिया के प्रधानमंत्री रॉबर्ट फिको की हालत गंभीर

**पेजिनोक।** स्लोवाकिया के प्रधानमंत्री रॉबर्ट फिको की हालत जानलेवा हमले के चार दिन बाद भी गंभीर बनी हुई है। रक्षा मंत्री रॉबर्ट कलिनक ने यह जानकारी दी। हालांकि कलिनक ने यह भी कहा कि हालत में कुछ सकारात्मक सुधार देखने को मिला है।

अस्पताल उनकी स्वास्थ्य स्थिति को लेकर ताजा जानकारी जारी करता रहेगा। अस्पताल के उप-निदेशक मिलान उर्बनी ने संवाददाताओं से कहा चिकित्सकों के सुबह के परामर्श के आधार पर, हम यह निष्कर्ष निकाल सकते हैं कि वह फिलहाल प्राणघातक हालात से बाहर हैं, लेकिन उनकी हालत बेहद गंभीर बनी हुई है।

# नेपाल के प्रधानमंत्री प्रचंड को विश्वास मत जीतने का भरोसा

**काठमांडू, एजेंसी**

- गठबंधन सहयोगी द्वारा समर्थन वापस लेने के बाद उन्हें विश्वास मत का सामना करना पड़ रहा

नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्पकमल दाहाल प्रचंड ने विश्वास जताया है कि वह सोमवार को प्रतिनिधि सभा में विश्वास मत जीत जाएंगे। एक गठबंधन सहयोगी द्वारा उनकी सरकार से अपना समर्थन वापस लेने के बाद उन्हें विश्वास मत का सामना करना पड़ रहा है।

प्रचंड (69) नेपाल की कम्युनिस्ट पार्टी से संबंधित हैं। यह पार्टी प्रतिनिधि सभा में तीसरी सबसे बड़ी पार्टी है। वह पद संभालने के 18 महीने के भीतर चौथी बार संसद में विश्वास मत हासिल करने का प्रयास करेंगे। उन्होंने 25 दिसंबर 2022 को पद संभाला था। प्रधानमंत्री प्रचंड ने शनिवार को काठमांडू में सत्तारूढ़ पार्टी के एक कार्यक्रम में कहा इसमें कोई संदेह नहीं है कि मेरी सरकार शक्ति परीक्षण में सफल रहेगा। सत्तारूढ़ गठबंधन और विपक्षी दलों के बीच मतभेदों को बातचीत के जरिए सुलझाया जाएगा। प्रधानमंत्री जिस पार्टी का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं यदि वह विभाजित हो जाती है या गठबंधन सरकार का कोई सदस्य समर्थन वापस ले लेता है तो प्रधानमंत्री को 30 दिन के भीतर विश्वास मत हासिल करना आवश्यक होता है।

## लूटपाट



अमेरिका द्वारा गाजा में बनाए गए पोतघाट के जरिए मध्य गाजा पट्टी पर ट्रक से मानवीय सहायता पहुंचाई गई। इस दौरान लोगों ने ट्रक को लूटने की कोशिश की। • एजेंसी

## बॉलीवुड हलचल

### रणवीर को पसंद आई फिल्म श्रीकांत आ रहा है सबकी आंखें खोलने

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता रणवीर सिंह को राजकुमार राव की फिल्म श्रीकांत - आ रहा है सबकी आंखें खोलने बेहद पसंद आयी है। गुलशन कुमार और टी-सीरीज फिल्म्स प्रस्तुत और चॉक एन चीज फिल्म्स के बैनर तले तुषार हीरानंदानी द्वारा निर्देशित फिल्म इस फिल्म में राजकुमार राव की मुख्य भूमिका है। यह फिल्म 10 मई को रिलीज हुई है। दर्शकों और क्रिटिक्स से इस फिल्म को को मिली-जुली प्रतिक्रिया मिली है। कुछ दिन पूर्व अक्षय कुमार ने फिल्म और राजकुमार राव की तारीफ की थी।अब रणवीर सिंह ने श्रीकांत देखने के बाद अपना रिव्यू शेयर किया है। श्रीकांत देखने के बाद रणवीर भी फिल्म की तारीफ की।उन्होंने पोस्ट शेयर करते हुए लिखा कि एक उत्साहवर्धक कहानी और एक खास अभिनेता का बेहतरीन प्रदर्शन। श्रीकांत की टीम को बधाई।



### कार्तिक आर्यन की फिल्म चंदू चैंपियन का ट्रेलर रिलीज

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता कार्तिक आर्यन की आने वाली फिल्म चंदू चैंपियन का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है। ट्रेलर की शुरुआत होती है वर्ष 1967 से। उधमपुर के एक आर्मी अस्पताल का सीन देखने को मिल रहा है। एक आदमी बेड पर लेटा नजर आ रहा है, जिसे 1965 की जंग में 9 गोलियां लगी हैं। उसके बाद से वह आदमी कोमा में है। आगे एक वॉर सीक्वेंस देखने को मिलता है। हाथों में बंदूक लिए कार्तिक फायरिंग करते नजर आ रहे हैं।आगे कार्तिक के बचपन की कहानी दिखाई जाती है। उनसे स्कूल में पूछा जाता है कि बड़े होकर क्या बनना है, जिस पर वो कहते हैं कि चैंपियन बनना है और मेडल लाना है। ट्रेलर में दिखाया गया है कि कैसे चंदू पिता नहीं चाहते थे कि वह स्पोर्ट्स में जाये, लेकिन बचपन से ही खेल-कूद में उन्हें बड़ी दिलचस्पी थी। उन्होंने कुश्ती से करियर शुरू किया। ' 'चंदू नहीं, चैम्पियन है मैं। यह डायलॉग है मुरलीकांत बने कार्तिक आर्यन का।



### 50 वर्ष के हुये नवाजुद्दीन सिद्दीकी

**मुंबई।** बॉलीवुड में अपने संजीदा अभिनय के लिये मशहूर नवाजुद्दीन सिद्दीकी 50 वर्ष के हो गए। सिद्दीकी का जन्म 19 मई 1974 को उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर के बुढ़ाना गांव में हुआ था। वर्ष 1999 में नवाजुद्दीन सिद्दीकी अभिनेता बनने का सपना लिये मुंबई आए थे। नवाजउद्दीन बैक स्टेज पर काम किया करते थे। स्टेज की साफ-सफाई करना, एक्टर्स के लिए चाय-पानी लाने का काम भी करते थे।

### बजरंग और अली 7 जून को होगी रिलीज

**मुंबई।** दो दोस्तों की कहानी पर आधारित फिल्म बजरंग और अली 7 जून को देशभर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म में दो विभिन्न समुदायों से ताल्लुक रखने वाले बजरंग और अली की गहरी और अनूठी दोस्ती को दिलचस्प तरीके से दर्शाया गया है। फिल्म में अलग-अलग सांस्कृतिक पृष्ठभूमि से ताल्लुक रखने वाले दो दोस्तों की वफादारी और निस्वार्थ भाव को बड़े ही मार्मिक अंदाज में पेश किया गया है। बजरंग और अली की दोस्ती के माध्यम से यह संदेश भी देने की कोशिश की गयी है कि किसी शख्स का ताल्लुक किसी भी मजहब से क्यों ना हो, यदि आपके मन में एक-दूसरे के लिए इज़्ज़त है तो फिर ऐसे में आपकी पृष्ठभूमि कोई मायने नहीं रखती है।

## यूक्रेन ने 30 तो रूस ने 60 ड्रोन को मार गिराने का किया दावा

**कीव।** रूस ने अपने क्षेत्र में यूक्रेन के लगभग 60 ड्रोन और कई मिसाइल मार गिराने का दावा किया है, जबकि कीव ने कहा है कि उसने 30 से अधिक रूसी ड्रोन नष्ट किये हैं। खार्किव के बाहरी इलाके में एक हमले में रविवार को कम से कम चार लोगों के मारे जाने की खबर है। रूस ने यूक्रेन के युद्धग्रस्त उत्तर-पूर्व इलाके में नये सिरे से आक्रमण शुरू कर दिया है। रूस के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि रूसी हवाई सुरक्षा ने दक्षिणी क्रास्नोडार क्षेत्र में रात भर में 57 यूक्रेनी ड्रोन को मार गिराया।

स्थानीय सैन्य अधिकारियों ने कहा कि ड्रोन का मलबा स्लावियांस्क-ऑन-क्यूबन शहर में एक तेल रिफाइनरी पर गिरा, लेकिन इससे आग की कोई घटना अथवा किसी प्रकार की क्षति नहीं हुई है। समाचार आउटलेट एस्ट्रा ने वीडियो प्रकाशित किया, जिसमें रिफाइनरी में एक विस्फोट दिखाया गया, क्योंकि इससे एक ड्रोन टकराया।

# डॉक्टर पर ऑपरेशन के दौरान गलत रॉड डालने का आरोप

**कोझिकोड (केरल), एजेंसी**

- मरीज ने सरकारी अस्पताल में कराया था फ्रैक्चर का ऑपरेशन अस्पताल प्रबंधन ने आरोप नकारे

केरल में कोझिकोड के एक सरकारी मेडिकल कॉलेज के अस्पताल में गलत ऑपरेशन करने का एक और मामला सामने आया है। एक मरीज ने हाथ में फ्रैक्चर के इलाज के दौरान चिकित्सकीय लापरवाही के चलते उसके हाथ में गलत रॉड डालने को लेकर पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

हालांकि रविवार को अस्पताल ने इन आरोपों से इनकार करते हुए कहा कि मरीज का एकदम सही ऑपरेशन किया गया है। मेडिकल कॉलेज पुलिस स्टेशन के एक अधिकारी ने बताया कि मेडिकल कॉलेज अस्पताल में शनिवार को इलाज में हुई गड़बड़ी को लेकर रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

हाथ के ऑपरेशन को लेकर सवाल उठाते हुए मरीज ने कहा कि उसके दाहिने हाथ में किसी और मरीज की रॉड डाल दी गई है जिससे उसका हाथ बुरी तरह दर्द कर रहा है। एक सड़क हादसे के बाद एक दिन पहले ही उसे बीच हॉस्पिटल से यहां रेफर किया गया था। मेडिकल कालेज अस्पताल के आर्थोपेडिक विभागाध्यक्ष डा.जेकब मैथ्यू ने कहा कि मरीज के इलाज में कोई गलती नहीं हुई है। उन्हें लगाया गया रॉड मानक के अनुरूप है। उल्लेखनीय है कि कुछ ही दिन पहले इस अस्पताल के एक डॉक्टर को गलत ऑपरेशन करने पर निलंबित किया गया था।

### एक्सरे में हुआ खुलासा

ऑपरेशन के बाद तकलीफ बढ़ने से कराए गए एक्सरे में पता चला कि डॉक्टर ने गलत राड मरीज को लगा दी है। मरीज के स्वजनों ने बताया कि डॉक्टर ने मरीज का दोबारा ऑपरेशन करने का दबाव बनाया, मना करने पर वह स्वजनों पर चिल्लाया भी था। परिवार ने डॉक्टर के बताने पर तीन हजार का चिकित्सकीय सामान खरीदा था जिसमें से एक भी ऑपरेशन में इस्तेमाल नहीं किया गया है।

## कांग्रेस विरोधी पोस्ट के लिए सोशल मीडिया यूजर हिरासत में

**बेंगलुरु।** कर्नाटक की साइबर अपराध पुलिस ने ट्विटर पर कांग्रेस के घोषणापत्र को निशाना बनाने वाले एक विवादास्पद पोस्ट के लिए एटमुंबईचाडॉन नामक एक सोशल मीडिया उपयोगकर्ता को हिरासत में लिया है, जिसका असली नाम विनीत नाइक है।

आरोपी नाइक 1998 की फिल्म सत्या के एक चरित्र से प्रेरित उपनाम भीकू म्हात्रे का उपयोग करता है। उसे आरक्षण पर चर्चा करते हुए कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया का एक संपादित वीडियो साझा करने के लिए गिरफ्तार किया गया था। उसने कांग्रेस के घोषणापत्र की आलोचना करते हुए भी ट्वीट किया और दावा किया कि यह हिंदुओं के खिलाफ भेदभाव करता है। अब हटा दिये गए ट्वीट में लिखा है: इसे हर उदारवादी और हर पिद्दी के सामने फेंक दो जो तर्क दे रहे थे कि कांग्रेस मेनिफेस्टो में विशेष रूप से मुसलमानों का उल्लेख नहीं है और इसमें एससी/एसटी भी शामिल हैं।